आषाढ़ शुक्ल पक्ष षष्ठी 10:20 तक उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मंगलवार, 1 जुलाई 2025
वर्ष 35, अंक 155, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



भोपाल गैस त्रासदी का काला अध्याय खत्म 14
वित्तीय स्थिरता वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण 12

# एम्स हमारी चिकित्सा क्षमता का प्रतीक : राष्ट्रपति

## गोरखपुर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में द्रौपदी मुर्मू ने डॉक्टरों की तुलना भगवान से की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि एम्स भारत की चिकित्सा क्षमता का प्रतीक है। यहां हर मरीज को उम्मीद की नई किरण दिखाई देती है। राष्ट्रपति ने डॉक्टरों की तुलना पीड़ित के लिए भगवान से करते हुए विद्यार्थियों को संवेदनशील बनने की सीख दी। कहा कि एक संवेदनशील डॉक्टर न केवल दवा, बल्कि अपने व्यवहार से भी मरीज को जल्द ठीक करने में मदद करता है। सहानुभूतिपूर्ण देखभाल से मरीज की हालत में तेजी से सुधार होता है। चिकित्सा एक प्रोफेशन नहीं, बल्कि सेवा है।

राष्ट्रपति सोमवार को गोरखपुर एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) के पहले दीक्षांत समारोह में बोल रही थीं। उन्होंने विद्यार्थियों को उपाधि व मेडल प्रदान किया। राष्ट्रपति ने कहा कि कभी रात में थके हारे सोए हैं, लेकिन आधी रात में किसी ने फोन किया तो आपको जगना पड़ता है। आपके जगने से कई जिंदगी बचती है। खाने का एक निवाला अंदर गया, तभी टेलीफोन आ गया, लेकिन आप खाना खाकर रेस्ट करके भी नहीं जा सकते हैं। यह इमरजेंसी सर्विस है, इसलिए लोग डॉक्टरों को भगवान मानते हैं। हम भगवान को देखे नहीं, लेकिन जिसके कदमों के पास अपने मरीजों को भेजते हैं,



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में मेडिकल छात्र को उपाधि प्रदान करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। इस दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल उपस्थित रहे। अमृत विचार

- **मुर्मू ने कहा- संवेदनशील डॉक्टर न सिर्फ दवा, बल्कि व्यवहार से भी ठीक करता है मरीज**

वे चलते-फिरते भगवान होते हैं, उनसे कहते हैं कि डॉक्टर साहब इसे बचाओ। उनके पास आर्थिक व्यवस्था है कि नहीं, बिन यह सोचे आपको जिंदगी बचानी पड़ेगी, क्योंकि यही मानवता है। मुर्मू ने कहा कि एम्स का नाम सुनते ही मन में विश्वस्तरीय इलाज, उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा, आधुनिक टेक्निक व समर्पित डॉक्टर की छवि आंखों के सामने उभरती है। यह संस्थान भारत की चिकित्सा क्षमता का प्रतीक है। यहां हर मरीज को उम्मीद की नई किरण दिखाई देती है। एम्स ने नवाचार को कार्यशैली का हिस्सा बनाया है। पूर्वी उप्र, सीमावर्ती बिहार व नेपाल के लोगों के लिए उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा के केंद्र के रूप में गोरखपुर एम्स प्रसिद्ध हो रहा है।

समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, गोरखपुर के सांसद रवि किशन, एम्स गोरखपुर के अध्यक्ष देशदीपक वर्मा, एम्स की कार्यकारी निदेशक मेजर जनरल डॉ. विभा दत्ता आदि मौजूद रहे।

### कई देशों की तुलना में भारत में कम है इलाज का खर्च

राष्ट्रपति ने कहा कि विदेशों से भी मरीज भारत में इलाज के लिए आते हैं, क्योंकि यहां इलाज न केवल सुलभ, बल्कि गुणवत्तापूर्ण भी है। भारत में इलाज का खर्च कई देशों की तुलना में बहुत कम है। यह भारत के लिए गौरव की बात है। मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने में एम्स जैसे संस्थाओं की निर्णायक भूमिका रही है।

### एम्स के लिए लड़नी पड़ी सड़क से संसद तक लड़ाई- योगी

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के पहले गोरखपुर में एम्स का बनना सपना था। गोरखपुर एम्स से आज जब प्रथम मैच निकल रहा है तो हम सबके चेहरे पर चमक, उत्साह और उमंग है। एम्स की स्थापना के लिए किए गए संघर्ष को याद करते हुए सीएम योगी ने कहा कि एम्स गोरखपुर आज वटवृक्ष का रूप ले रहा है। इस पूरी यात्रा में मैं एकमात्र व्यक्ति हूं जो इस समय यहां के दीक्षांत मंच पर उपस्थित हूं। उन्होंने कहा कि एम्स के लिए हुए संघर्ष को उन्होंने नजदीक से देखा है। सड़क से संसद तक की लड़ाई लड़ी है।

# पशुओं के कल्याण की भावना से कार्य करें : राष्ट्रपति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित 11वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सक या शोधकर्ता के रूप में जो भी कार्य करें, उस समय मन में बेजुबान पशुओं के कल्याण की भावना होनी चाहिए। पशु और मानव का रिश्ता परिवार का है। पशु के बिना किसान आगे नहीं बढ़ सकते। पशु हमारे जीवन का धन हैं। हमारी संस्कृति सभी जीव-जंतुओं में ईश्वर की उपस्थिति को देखती है। राष्ट्रपति ने गांवों में घरेलू पशु नहीं दिखने को लेकर चिंता व्यक्त की।

दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने 2021 से 2024 के बीच के स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के 576 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी ने आगाह किया कि उपभोग आधारित संस्कृति मानव, जीव-जंतुओं व पर्यावरण को अकल्पनीय क्षति पहुंचा सकती है। राष्ट्रपति ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज गांवों में घरेलू पशु नहीं दिखते हैं।



आईवीआरआई, बरेली के दीक्षांत समारोह में छात्रा को उपाधि प्रदान करतीं राष्ट्रपति।

- **राष्ट्रपति ने आईवीआरआई के 11वें दीक्षांत समारोह में 576 विद्यार्थियों को प्रदान कीं मेडल और उपाधियां**

यह पशु खेती में सहयोग करते हैं। टेक्नोलॉजी युग तो आया, लेकिन जमीन में खेती के साथी केंचुआ आदि समाप्त हो रहे हैं। इससे जमीन बंजर हो रही है। जमीन की उर्वरता बचाने के लिए किसानों, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों व आमजन को सोचना चाहिए। पशु संपदा का संरक्षण व विकास हमारा कर्तव्य होना चाहिए।

समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी आदि मौजूद रहे।

# कपड़ा कारोबारी ने पत्नी व बेटी संग की खुदकुशी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चौक के अशरफाबाद निवासी कपड़ा कारोबारी शोभित रस्तोगी (48) ने पत्नी सुचिता (45) व बेटी ख्याति (16) संग खुदकुशी कर ली। सभी ने कोल्ड ड्रिंक में जहरीला पदार्थ मिलाकर पी लिया था। घटना रविवार देर रात की है। हालत बिगड़ने लगी तो ख्याति ने बड़ी मां तृप्ति को सूचना दी। तृप्ति घर पहुंची तो दरवाजा बंद था। किसी तरह अंदर गई तो ख्याति तड़प रही थी। वहीं शोभित और सुचिता की मौत हो गई थी। पुलिस को सूचना देने के साथ ख्याति को अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद किया। जिसमें ज्यादा कर्ज होने के कारण खुदकुशी करने की बात लिखी थी। पुलिस ने सुसाइड नोट को फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है।

डीसीपी पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्तव के मुताबिक अशरफाबाद निवासी शोभित की नक्खास और राजाजीपुरम में जुगल फैशन प्वाइंट के नाम से कपड़े की दुकान है। उनकी शादी बहराइच के रुपईडीहा निवासी सुचिता से हुई थी। बेटी ख्याति 11वीं की छात्रा थी। शोभित के भाई शेखर ने पुलिस को बताया कि सुबह करीब पांच बजे तीनों के जहरीला पदार्थ खाने की जानकारी हुई।



शोभित रस्तोगी

- **चौक के अशरफाबाद इलाके की घटना, घर में मिला सुसाइड नोट**



सुचिता




ख्याति

- **कोल्ड ड्रिंक में जहरीला पदार्थ मिलाकर पीने की बात आई सामने**
- **आर्थिक तंगी, बैंक लोन और पारिवारिक कलह के बिंदु पर पुलिस कर रही जांच**

### ख्याति ने दरवाजा खोलने से किया मना

शेखर के मुताबिक तीनों के जहरीला पदार्थ खाने की सूचना मिली तो वह पत्नी तृप्ति के साथ पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद था। कई बार दस्तक दी, इस पर ख्याति ने दरवाजा खोलने से मना कर दिया। कहा कि आपके पास चाबी है, उससे खोल लीजिए। दरवाजा खोला तो शोभित और ख्याति बेड पर पड़े मिले। जबकि सुचिता का शव कुछ दूरी पर पड़ा था। ख्याति की सांस चल रही थी, जिसे लेकर अस्पताल पहुंचे। लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।





# संघ दिखाएगा भाजपा प्रदेश और राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम को हरी झंडी



राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा और संघ में समीकरण व नामों को लेकर एक राय न बनने से घोषणा में हो रही देरी
- दिल्ली में 4 से 6 जुलाई तक संघ की अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक में मिलेगी हरी झंडी

**अमृत विचार :** प्रदेश में भाजपा की कमान किसने हाथ होगी, महीनों से मंथन के बाद भी एक राय नहीं बन पा रही है।

यही हाल राष्ट्रीय अध्यक्ष पद को लेकर है। दिल्ली में 4 जुलाई से होने वाली संघ की बैठक से पहले नाम तय होना है। इन पदों पर जातीय समीकरण और नामों को लेकर संघ से सुप्रीम सहमति का इंतजार है। इस बीच आठ राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया तेज हो गई है।

भाजपा में संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया रफ्तार पकड़ चुकी है। देश में 37 राज्य-केंद्र शासित प्रदेश हैं, जिनमें से कम से कम 19 राज्यों में संगठन के चुनाव की प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव होगा। भाजपा ने 14 राज्य में संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली है। सोमवार से मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मिजोरम, पुडुचेरी, लद्दाख और पश्चिम बंगाल में प्रदेश अध्यक्ष के लिए नामांकन शुरू हो गए हैं। भाजपा सूत्रों का कहना है कि तीसरे दौर में उत्तर प्रदेश, गुजरात, ओडिशा और कर्नाटक जैसे राज्यों में चुनाव होंगे। उसके बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का कार्यक्रम घोषित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बुधवार से पांच देशों की आठ दिवसीय विदेश यात्रा पर रवाना हो रहे है।

4 जुलाई से संघ की अखिल भारतीय प्रांत प्रचारकों की बैठक दिल्ली में होगी। पार्टी चाहती है कि इस संबंध में भी प्रांत प्रचारकों की बैठक और पीएम मोदी के दौरे से पहले प्रदेश अध्यक्ष के नाम सहमति बना ली जाए। ऐसे नहीं हुआ तो पार्टी के अध्यक्ष का चुनाव बिहार विधानसभा चुनाव तक टल जाएगा, क्योंकि अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। हालांकि संघ का सबसे ज्यादा फोकस यूपी को लेकर है, यहां ऐसे किसी प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर संघ सहमति देने को तैयार नहीं, जिसकी राय मुख्यमंत्री योगी से अलग रहने का संदेह हो।

### उप्र में अध्यक्ष पद पर फंसा सियासी पेंच

भाजपा के प्रदेश अध्यक्षों में सबसे ज्यादा मुश्किल यूपी में हो रही है। भूपेंद्र सिंह चौधरी का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और उनकी जगह नए चेहरे की तलाश चल रही है। कहा जा रहा है कि प्रदेश में नए अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। राज्य में 2027 का विधानसभा चुनाव को देखते हुए संवेदनशीलता ज्यादा है। प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी या दलित चेहरे को मौका देने पर लगातार मंथन चल रहा है। बीते लोकसभा चुनाव में दलित और ओबीसी दोनों ही वर्ग के वोट बैंक छिटके थे, ऐसे में पार्टी तय नहीं कर पा रही है कि मौजूदा परिस्थितियों में किस वर्ग पर दांव खेल जाए। कई नामों पर सियासी मंथन के बाद अभी तक मामला फाइनल नहीं हो सका है।



माला पहनाकर राजा भैया का स्वागत करते पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### राजा भैया फिर बने जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुई वार्षिक बैठक में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। उन्होंने अपने दम पर पंचायत चुनाव लड़ने की घोषणा की। कहा कि, एक माह में राष्ट्रीय व प्रदेश कार्यकारिणी के गठन समेत जिला से बूथ स्तर तक संगठन खड़ा करेंगे। राजा भैया ने कहा कि कथा वाचक धीरेंद्र शास्त्री राष्ट्रवाद की भावना फैला रहे हैं। इसके बाद भी लोग उन पर टिप्पणी कर रहे हैं। शास्त्री ने कभी भी अखिलेश यादव पर टिप्पणी नहीं की हैं। अखिलेश का उनके बारे में बयान देना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि जातिवाद नहीं, राष्ट्रवाद ही देश के उत्थान का मूल मंत्र है।

# योगी सरकार का संकल्प, शिक्षा से वंचित न रहे कोई भी बच्चा

## स्कूल चलो अभियान का 15 दिवसीय दूसरा चरण आज से

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में शिक्षा को सामाजिक समावेशन और समान अवसर का मजबूत आधार बनाया जा रहा है। शैक्षिक सत्र 2025-26 की शुरुआत के साथ ही 1 जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक ''स्कूल चलो अभियान'' का द्वितीय चरण पूरे प्रदेश में जोरशोर से संचालित किया जाएगा। राज्य सरकार ने सभी जिलों को अभियान के लिए 2 लाख की धनराशि पहले ही जारी कर दी है।

परिषदीय स्कूल मंगलवार से खुलने के साथ यह केवल एक नामांकन अभियान नहीं होगा, बल्कि उन बच्चों तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाने की कोशिश है जो अब तक स्कूल से दूर रहे हैं। वैसे तो स्कूल 16 जून से ही खुल गए हैं, लेकिन ग्रीष्मावकाश के बाद 1 जुलाई से बच्चे स्कूल में पढ़ने आएंगे। ''स्कूल चलो अभियान'' के तहत शिक्षक, अनुदेशक, शिक्षामित्र और एसएमसी सदस्य घर-घर जाकर बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करेंगे। ड्रॉपआउट या आउट-ऑफ-स्कूल बच्चों की पहचान कर उनके अभिभावकों से संवाद स्थापित किया जाएगा। विद्यालयों द्वारा रैलियां, मुनादी, उद्‌घोषणा तथा सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार किया जाएगा। जिले के प्रभावशाली व्यक्तियों, स्वयं सहायता समूहों, एनजीओ और अभिभावकों को अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए जोड़ा जाएगा। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद एवं विकासखंड स्तर पर 'गोष्ठियां' आयोजित की जाएंगी, जहां आउट ऑफ स्कूल बच्चों की स्थिति, छात्र नामांकन और उपस्थिति पर समीक्षा की जाएगी। इन आंकड़ों के आधार पर रणनीति और कार्ययोजना तय कर क्रियान्वयन होगा।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि स्कूल चलो अभियान' उत्तर प्रदेश सरकार की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का सजीव उदाहरण है। यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार दिलाने का हमारा संकल्प है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि अगर कोई बच्चा स्कूल नहीं आ पा रहा है, तो शिक्षा स्वयं उसके द्वार तक पहुंचे।



### केंद्र में होगी बालिका शिक्षा

घर के कार्यों या सामाजिक कारणों से स्कूल से दूर रहने वाली बालिकाओं के नामांकन और उपस्थिति पर विशेष बल दिया जाएगा। विद्यालयों में मीना मंच द्वारा नाटक, कहानी वाचन और संवाद के ज़रिए बालिका शिक्षा के महत्व को उजागर किया जाएगा।

### विशेष समुदायों पर ध्यान

ईंट-भट्ठों पर कार्यरत, झुग्गी-झोपड़ी, रेलवे स्टेशन, घुमंतू और जनजातीय परिवारों के बच्चों को चिन्हित कर उनका शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने हेतु विद्यालयों में विशेष बैठकें आयोजित की जाएंगी।

### शिक्षा के आंकड़ों की निगरानी और पोर्टल पर अपडेट

नामांकन से संबंधित डेटा को विद्यालय पंजिका, यू-डायस और प्रेरणा पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाएगा। प्रेरणा पोर्टल के एसएमसी मॉड्यूल में डीसीएफ तैयार किया गया है, जिसकी प्रविष्टि 30 जुलाई, 2025 तक कराना सुनिश्चित किया गया है।

### यूपी में अब हर बच्चे की पढ़ाई पर होगी डिजिटल नजर

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिषदीय स्कूलों में शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए निपुण ऐप को अपग्रेड किया गया है। शिक्षकों को हर हफ्ते कम से कम पांच बच्चों का मूल्यांकन ऐप के माध्यम से करना होगा। कक्षा एक से आठ तक के बच्चों के लिए विषयवार प्रश्न बैंक बनाया गया है। ऐप रविवार और छुट्टियों पर बंद रहेगा। राज्य परियोजना निदेशक ने ऐप का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। मूल्यांकन के लिए कक्षा एक से आठ तक के बच्चों के लिए विषयवार प्रश्न बैंक बनाया गया है, जिसमें बच्चों की समझ और सीखने की क्षमता को आंकने के लिए प्रश्न शामिल हैं। ऐप में शिक्षक, पर्यवेक्षक और मास्टर ट्रेनर शामिल किए गए हैं। इसमें हर बच्चे के लिए अलग-अलग रेंडम आधार पर प्रश्न पूछे जाएंगे और उसके प्रदर्शन के आधार पर तुरंत सहयोग भी किया जाएगा। शिक्षकों को ऐप पर 25 सप्ताह की शिक्षण योजना के मुताबिक मूल्यांकन करना होगा। वहीं, एआरपी, डायट मेंटर्स और स्टेट रिसोर्स ग्रुप को 10 से 30 स्कूलों में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण करना होगा। इन निरीक्षणों के दौरान कक्षा एक और दो के 40 फीसदी, कक्षा तीन से पांच के 30 फीसदी और कक्षा छह और आठ के 20 फीसदी बच्चों का मूल्यांकन किया जाएगा।

### डेंटल कॉलेजों में 700 एमडीएस सीटों पर होंगे दाखिले

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के दो सरकारी समेत 25 डेंटल कॉलेजों में एमडीएस की 700 सीटें हैं, जिन पर नीट एमडीएस 2025 की जारी काउंसिलिंग के माध्यम से दाखिले होंगे। कॉलेजवार सीट का ब्योरा चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय ने वेबसाइट पर सार्वजनिक कर दिया है। जिससे कि काउंसिलिंग के लिए पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थी मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं देंगे। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि प्रदेश में उप्र. यूनीवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज, सैफई व किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय समेत 25 डेंटल कॉलेजों में पीजी के दाखिले होने हैं। कॉलेजों में उपलब्ध 700 सीटों का ब्योरा, आरक्षित सीटों के साथ सार्वजनिक कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि एक जुलाई से काउंसिलिंग एमडीएस की होगी, इसमें 4 जुलाई तक पंजीकण् कराना होग, फिर सात तक कॉलेजों की प्राथमिकता देनी होगी, 8 जुलाई को सीटावित सीट आवंटन के साथ ही अगले दिन से संबंधित कॉलेजों में दाखिले की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

### पीडीए के माध्यम से देश में एकता लाना चाहती है सपा : अखिलेश यादव

**अमृत विचार,लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए के माध्यम से देश में एकता लाना चाहती है। सभी पीड़ित, दु:खी, अपमानित परेशान लोगों को एक साथ लाने का प्रयास कर रही है। सपा प्रमुख ने सोमवार को अपने जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में कारोबार, उद्योग में आपातकाल लगा है। यह सरकार संस्थाओं को अपने करीबियों को सस्ते में बेच रही है, निजीकरण कर रही है। उन्होंने कहा कि कारोबार बढ़ेगा, उद्योग लगेगा तभी लोगों का जीवन बदलेगा। नौकरी, रोजगार मिलेगा। देश की अर्थव्यवस्था बेहतर होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में हर विभाग में भ्रष्टाचार है। सरकार ने नदियों की सफाई नहीं की। नदियों की सफाई के लिए आवंटित बजट को साफ कर दिया। उसी कारण से गोमती नदी में गंदगी है। समाजवादी सरकार में गोमती रिवर फ्रंट बनाया गया। गोमती नदी को सुन्दर और साफ बनाने के लिए गोमती रिवर फ्रंट बनाया जा रहा था जिसे भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया।

# यूपी में 62 नए टीटीएल वर्कशॉप स्थापित करने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहले ही 149 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में वर्कशॉप स्थापित कर चुकी है टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड

**अमृत विचार:** प्रदेश में 62 नए टीटीएल वर्कशॉप स्थापित करने की तैयारी शुरू हो गई। राज्य सरकार नये टीटीएल वर्कशॉप के लिए एमओयू की तैयारी में है।

नये टीटीएल वर्कशॉप संचालित होने से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। शासन के अधिकारियों के अनुसार राज्य सरकार और टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के बीच जल्द एक और एमओयू की तैयारी चल रही है। इसके तहत प्रदेश के नए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (टीटीएल) वर्कशॉप स्थापित की जाएंगी। टाटा टेक्नोलॉजीज के सहयोग से प्रशिक्षित युवा न केवल आत्मनिर्भर बनेंगे, बल्कि प्रदेश और देश की आर्थिक प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान देंगे। व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि पहले चरण में प्रदेश के 149 आईटीआई में टीटीएल वर्कशॉप स्थापित हो चुकी हैं, जहां प्रशिक्षण कार्य जोरों पर है। इसके अतिरिक्त 5 उत्कृष्ट सेंटर भी स्थापित किए जा रहे हैं। द्वितीय चरण में 62 नये वर्कशॉप के लिए निर्माण के लिए एमओयू को तैयार किया जा रहा है।

यह पहल न केवल प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाएगी, बल्कि प्रशिक्षित युवाओं को विभिन्न सरकारी संस्थानों के साथ ही टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी, हुंडई, रिलायंस, आदित्य बिरला, महिंद्रा, विप्रो, इनफोसिस जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

### अधिक रोजगार होंगे उपलब्ध

शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार का विशेष जोर प्रशिक्षित युवाओं को स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने पर है। इसके लिए सरकारी क्षेत्रों जैसे रेलवे, सेना, नौसेना, वायुसेना, पीडब्लूडी, सिंचाई विभाग के साथ-साथ अर्द्ध-सरकारी व निजी क्षेत्र की कंपनियों जैसे बीएचईएल, यूपीपीसीएल, रक्षा फैक्टरी, एचएएल, सेल, गेल, ओएनजीसी, एनटीपीसी, एलएंडटी, आईटीसी, जिंदल आदि में रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं। प्रदेश में महिलाओं के लिए 12 विशिष्ट राजकीय आईटीआई और 47 महिला शाखाएं संचालित हैं। इसके अलावा, अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में 43 राजकीय आईटीआई कार्यरत हैं। अनुसूचित जाति और जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए विशेष कम्पोनेन्ट सब प्लान के तहत 84 संस्थान संचालित किए जा रहे हैं, जहां 70 प्रतिशत सीटें एससी/एसटी और 15 प्रतिशत सीटें ओबीसी प्रशिक्षणार्थियों के लिए आरक्षित हैं।

# ऊर्जा निगमों में आपातकाल लगा निजीकरण की कोशिश

## संघर्ष समिति ने पूछा, किस बिडिंग डॉक्यूमेंट के आधार पर किया जा रहा निजीकरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने आरोप लगाते हुए कहा कि ऊर्जा निगमों में आपातकाल लगाकर निजीकरण का टेंडर जारी करने की कोशिश की जा रही है। समिति ने सवाल किया कि आखिर किस 'बिडिंग डॉक्यूमेंट' के आधार पर निजीकरण किया जा रहा है। समिति ने इसे सार्वजनिक करने की मांग की। इस बीच, टेंडर जारी होते ही जेल भरो आंदोलन शुरू करने की तैयारी को लेकर सोमवार को झांसी व पारीछा में आम सभा हुई।

संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे व अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि बिजली अभियंता, अवर अभियंता व अन्य बिजली कर्मी पूरी तरह सतर्क हैं। प्रबंधन की ऐसी किसी भी साजिश का करारा जवाब दिया जाएगा। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार टेंडर जारी होते ही बिजली कर्मी किसानों व गरीब-मध्यम वर्गीय घरेलू उपभोक्ताओं के साथ मिलकर सामूहिक जेल भरो आंदोलन शुरू कर देंगे। इससे उत्पन्न किसी भी स्थिति की सारी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। संघर्ष समिति ने कहा कि सितम्बर 2020 में केंद्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के लिए एक स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट का ड्राफ्ट जारी कर इस पर सभी स्टेक होल्डर्स के 'कमेंट' मांगे थे।

ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने इस ड्राफ्ट पर आपत्ति दर्ज की थी। केंद्र सरकार ने सितंबर 2020 के स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट को आज तक फाइनल नहीं किया है। केंद्र सरकार ने इसे वापस भी नहीं लिया, अब इसमें बदलाव कर निजीकरण प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसे सार्वजनिक नहीं किया गया है।



झांसी में निजीकरण के विरोध में सभा करते बिजली कर्मी।

### नियामक आयोग की सलाह बगैर निजीकरण का टेंडर निकालने की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने राज्य विद्युत नियामक आयोग की सलाह के बगैर ऊर्जा निगमों के निजीकरण का टेंडर निकालने की तैयारी शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने यह आरोप लगाते हुए सोमवार को नियामक आयोग में याचिका दाखिल की। नियामक आयोग ने सलाहकार कंपनी की रिपोर्ट पर अभी अंतरिम रिपोर्ट दी है। इसमें तमाम वित्तीय खामियां सामने आई हैं। कॉरपोरेशन की ओर से अंतरिम रिपोर्ट का जवाब मिलने के बाद नियामक आयोग वृहद रिपोर्ट जारी करेगा। याचिका में परिषद ने आरोप लगाया कि 28 जून को टेंडर पोर्टल में बदलाव के लिए नेशनल इनफॉर्मेटिव सेंटर (एनआईसी) के साथ गोपनीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हुई, जिसमें आयोग की बगैर सलाह के टेंडर निकालने पर जोर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पावर कॉरपोरेशन हर आंकड़े और दस्तावेज छिपाने की जुगत में है, पर उपभोक्ता परिषद प्रबंधन की मंशा को पूरा नहीं होने देगा।




# बैंकों के रिकवरी एजेंटों से परेशान थे कारोबारी शोभित

## बैंकों से 50 लाख और साहूकारों से लिया था 20 लाख रुपये कर्ज, ससुरालवालों ने वादा कर नहीं की मदद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

**अमृत विचार:** अशरफाबाद निवासी कपड़ा कारोबारी शोभित रस्तोगी ने तीन बैंकों से करीब 50 लाख रुपये का लोन लिया था। सूदखोरों से भी 20 लाख रुपये ब्याज पर उठाए थे। ससुराल वालों के कहने पर इस धनराशि का निवेश किया। ससुराल वालों ने मुनाफा तो दूर मूलधन भी नहीं दिया। इस कारण से वह लोन की रकम नहीं चुका पा रहे थे। बैंकों के रिकवरी एजेंट लगातार दबाव बना रहे थे, कई बार उनके घर आ चुके थे। इसी कारण शोभित तनाव में आ गए। परिवार में कलह होने पर उन्होंने आत्मघाती कदम उठा लिया। पड़ोसियों और साथी दुकानदारों के अनुसार तनाव ही आत्महत्या का कारण हो सकता है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

साथी दुकानदार अनुराग गुप्ता के मुताबिक शोभित बहुत अच्छे व्यक्ति थे। वह कुछ दिनों से बैंक के लोन को लेकर परेशान थे। उन्होंने तीन बैंकों से कर्ज लिया था और रोजाना रिकवरी एजेंट और बैंक के लोग उन्हें परेशान कर रहे थे। शोभित को ससुराल की जमीन बिकने पर रकम मिलने की उम्मीद थी, किंतु जमीन की रजिस्ट्री होने के बावजूद 30 मई को रुपये ट्रांसफर हुए।

पड़ोसियों ने बताया कि लोन लेने के बाद कुछ किस्त नहीं दे पाया था। जिसके कारण बैंक वाले रोजाना फोन कर दबाव बना रहे थे। कुछ बैंक वाले तो घर आकर दबाव बनाने लगे थे। कई बार उनको लौटाया गया, लेकिन वह लोग रोजाना आते थे। शोभित बहुत सीधे थे, इस बात से बहुत परेशान थे।




खुदकुशी करने वाले कारोबारी शोभित की बेटी के कमरे में जांच करते पुलित अधिकारी और साक्ष्य जुटाते फॉरेंसिक टीम के सदस्य।

### बैंक के रिकवरी एजेंटों और सूदखोरों के आने के बाद होता था विवाद

पुलिस के मुताबिक पिछले एक सप्ताह में बैंक के रिकवरी एजेंट तीन बार तकादा करने पहुंचे थे। वहीं सूदखोर भी रुपये का दबाव डाल रहे थे। इसे लेकर शोभित की पत्नी व बेटी भी परेशान थी। कई बार इसे लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद भी हो चुका था। सुसाइड नोट पर पुलिस ने संदेह जाहिर किया है। राइटिंग का मिलान हो गया है। फिर भी पुष्टि के लिए सुसाइड नोट को हैंड राइटिंग एक्सपर्ट के पास भेजा गया है।

### देवर और देवरानी ने कभी परेशानी नहीं बताई

भाभी तृप्ति ने बताया कि न तो शोभित और न ही उनकी पत्नी सुचिता ने कभी कोई परेशानी बताई। बुधवार को सुचिता से फोन पर बात हुई थी और वह भीमशाह दर्शन के लिए जाने की बात कर रही थी। तृप्ति ने कहा कि अगर उन्हें कोई परेशानी होती तो वे उनसे जरूर बताते। सोमवार सुबह सुसाइड की खबर सुनकर दुकान में काम करने वाले वर्कर्स भी घर आए थे। उन्होंने भी कहा कि शोभित कल भी दुकान में अच्छे से बात कर रहे थे, उनके दिमाग में क्या चल रहा था, कुछ समझ में नहीं आ रहा है।



कारोबारी शोभित के परिवार के लोगों से जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

### कुछ दिन पहले अयोध्या दर्शन कर लौटा था परिवार

कारोबारी के पड़ोसियों ने बताया कि शोभित कभी तनाव में भी नहीं दिखे। जब भी मिलते तो नमस्कार, दुआ-सलाम जरूर होती थी। पड़ोसियों ने कहा कि भरोसा नहीं हो रहा है कि शोभित ऐसा कदम उठा लेगा। वहीं, पास में रहने वाली चाची ने बताया कि अभी कुछ दिनों पहले अयोध्या से दर्शन करके लौटे थे। ऐसा कुछ करेंगे पता नहीं था। बहू निकलती थी, तो हमेशा हंसकर बात करना और हालचाल लेती थी।

### भाई को दे दी थी घर की चाबी

पुलिस के मुताबिक शोभित व उसका परिवार पहले से ही खुदकुशी की तैयारी कर चुका था। एक दिन पहले शुक्रवार को शोभित ने अपने भाई शेखर को घर की चाबी दी। कहा कि कभी जरूरत पड़े तो अंदर जा सकते हैं। शनिवार रात को ही पूरे परिवार ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली। पड़ोसियों ने बताया कि बीते कुछ दिनों से रोजाना बैंक वाले आते थे और रुपये की मांग करते थे। इससे शोभित काफी परेशान था। पुलिस का मानना है कि कर्ज के दबाव और आर्थिक तंगी के कारण शोभित ने यह कदम उठाया।

### सल्फास के तीन पाउच व डिब्बी मिली

पुलिस की जांच के दौरान कमरे में सल्फास के तीन पाउच और डिब्बी में मिली एक गोली कमरे में फोरेंसिक टीम को सल्फास के तीन शैशे (पाउच) और इसके अलावा एक डिब्बी मिली है। डिब्बी में एक गोली बची रह गई थी। एक काले रंग की कोल्ड ड्रिंक की बड़ी बोतल और तीन ग्लास मिले हैं। ग्लास में कोल्ड ड्रिंक डालकर उसमें सल्फासकी गोलियां और शैशे मिलाकर तीनों ने पीया है। पुलिस ने कमरे में मिली डिब्बी, ग्लास और कोल्ड ड्रिंक की बड़ी बोतल कब्जे में ले ली है।

### एक पन्ने का मिला सुसाइड नोट

पुलिस के मुताबिक पूरे घर को सील कर दिया गया। एक कमरे से एक पन्ने का सुसाइड नोट मिला। जिसमें बैंक से कर्ज लेने की बात लिखी थी। जिसे समय से चुका न पाने क कारण खुदकुशी की बात कही थी। साथ ही लिखा था सुचिता की बहन और उसके पति से जो रुपये मिलना था, वह भी नहीं मिला। अब कोई मदद भी नहीं कर रहा है। सुसाइड नोट में किसी के हस्ताक्षर नहीं है। हैंडराइटिंग मिलान के लिए सुसाइड नोट व घर से मिले कई अन्य दस्तावेज फोरेंसिक लैब भेजे गये है।

FUTURE UNIVERSITY
Learn · Assimilate · Transcend
Where Legal Minds & Innovation Meets
India's 1st AI Enabled New Age Innovative University
LAW & IPR
LAW & INTELLECTUAL PROPERTY RIGHTS
BA LLB
LLB
ADMISSIONS CLOSING SOON
Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly (U.P.) India
Call : 9917480040
www.futureuniversity.in
Scan this QR Code for apply instantly.

# कर्ज में डूबे कई परिवार पहले भी लगा चुके मौत को गले

**अमृत विचार, लखनऊ :** आर्थिक तंगी और कर्ज में डूबने के बाद चौक के कपड़ा व्यापारी ने परिवार समेत खुदकुशी कर ली। यह पहला मामला नहीं है। इसके पहले भी राजधानी के कई परिवारों ने आर्थिक तंगी और कर्ज में डूबने के बाद खुदकुशी की। इसमें जानकीपुरम के नलकूप विभाग के इंजीनियर, मड़ियांव, ठाकुरगंज के परिवार शामिल हैं। जिन पर सूदखोरों व बैंक के रिकवरी एजेंट लगातार दबाव बना रहे थे, इसी से तंग आकर खुदकुशी कर ली।

### करोड़ों का कारोबार फिर भी नहीं चुका पाए थे कर्ज

लखीमपुर निवासी राकेश कुमार शुक्ला (53) पीजीआई इलाके में स्थित कासा ग्रीन अपार्टमेंट में पत्नी मानवता व बेटे अभिष्ठ के साथ रहते थे। उनकी प्लाईवुड व ग्लो साइन बोर्ड बनाने की मोहनलालगंज में फैक्टरी है। वृंदावन सेक्टर-11 में उनका एक मकान है। इसमें किराए पर स्कूल चलता है। इसी मकान में वह 20 अगस्त 2023 की रात सोने के लिए गए थे। पत्नी व बेटा फ्लैट में थे। जहां कमरे में उनका शव फंदे से लटका मिला। कमरे में सुसाइड नोट मिला। जिसमें लिखा था कि सुसाइड नोट में तीन बैंक कर्मियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया है। बैंककर्मियों ने मुझको फंसाकर 72 लाख रुपये का लोन करवा दिया। इससे मेरी जिंदगी तबाह हो गई है। इसी प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी कर रहा हूं। इन तीनों बैंक कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए...।

### डॉक्टर ने फंदा लगा दी थी जान

विकासनगर निवासी डॉ. प्रदीप वर्मा ने 9 अक्टूबर 2023 को खुदकुशी कर ली। पुलिस को कमरे से सुसाइड नोट मिला। जिसमें 20 लाख रुपये कर्ज चुका पाने में असमर्थ होने के कारण खुदकुशी की बात लिखी मिली। बाराबंकी के मसौली के रहने वाले डॉ. प्रदीप ने 2013 में केजीएमयू से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की थी। गुडंबा में एक निजी अस्पताल में चिकित्सक थे।



कमरे में मिली सामग्री लेकर निकलते पुलिस अधिकारी।

### नलकूप इंजीनियर के परिवार ने खाया था जहरीला पदार्थ

जानकीपुरम निवासी नलकूप विभाग के जेई के पद पर तैनात शैलेंद्र कुमार (45), उसकी पत्नी गीता (42) और बेटी प्राची (17) ने 27 जुलाई 2022 को जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस की जांच में सामने आया कि उन पर 60 लाख रुपये के कर्ज था। जमीन को गिरवी रखने के बाद भी कर्ज नहीं चुका सके। ब्याज पर रकम देने वाले घर में घुसकर परिवार के साथ बदसलूकी करते थे। इसी तरह मड़ियांव के फैजुल्लागंज में 2021 में दंपति ने सूदखोरों के तकादे से तंग आकर खुदकुशी कर ली थी।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

### मौसम

बादल छाए रहेंगे तेज बारिश होने की संभावना है।

| 32.3° | 24.7° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

### शहर में आज

- कुर्सी रोड स्थित इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के भौतिक विज्ञान संकाय में विज्ञान और तकनीक विषय पर सेमिनार- 9:00 बजे।
- गोमती नगर विभूति खंड स्थित आईआईए भवन में एमएसएमई के संवर्धन और विकास के लिए आईआईए की प्राथमिकताओं पर कार्यक्रम- 1:00 बजे।
- इंदिरा नगर स्थित विकास भवन के लोहिया सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उर्वरक बिक्री और उपलब्धता की कंपनियों और विक्रेताओं के साथ समीक्षा बैठक- 1:00 बजे।
- गोमतीनगर स्थित नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में इनरवील क्लब की ओर से डॉक्टर्स डे पर जागरूकता कार्यक्रम- 2:30 बजे।
- बाल निकुंज इंटर कॉलेज मोहिबुल्लापुर में निकुंज ज्योति दिवस कार्यक्रम में शिक्षकों का सम्मान- 3:00 बजे।
- रिवर बैंक कॉलोनी स्थित आईएमए भवन में डॉक्टर्स डे पर उत्सव- 4:00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे महाराज प्रेक्षागृह में ग्रीष्मकालीन कार्यशाला- 5:30 बजे।

### ऑनलाइन हाउस टैक्स, यूजर चार्ज जमा करने पर 10 प्रतिशत की छूट

**अमृत विचार,लखनऊ :** 30 जून तक ऑनलाइन हाउस टैक्स जमा करने पर 10 प्रतिशत की छूट समाप्त हो गई है। 1 जुलाई से संशोधित व्यवस्था लागू की गयी है। हाउस टैक्स और यूजर चार्ज एक साथ ऑनलाइन जमा करने पर ही भवन स्वामियों को 31 जुलाई तक 10 प्रतिशत छूट दी जाएगी, जो हाउस टैक्स के साथ यूजर चार्ज का भुगतान एक साथ ऑनलाइन करेंगे। वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (1 अप्रैल से 30 जून) के दौरान कुल 7,33,521 पंजीकृत भवनों में से 3,00,208 भवन स्वामियों ने हाउस टैक्स का भुगतान कर दिया है। 4,33,313 भवन स्वामियों ने अभी टैक्स जमा नहीं कर किया है।

## एक नजर

### सोसाइटी के कार्यों की होगी जांच

**अमृत विचार,लखनऊ :** रजिस्ट्रार, फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स ने गोमती नगर विस्तार स्थित गंगा अपार्टमेंट वेलफेयर सोसाइटी के कार्यों की जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही सोसाइटी का आडिट एक माह में कराते हुए रिपोर्ट मांगी है। वहीं, सोसाइटी के चुनाव स्वयं के आदेश से स्थगित कर देने से संशय पैदा हो गया है। आवंटियों का कहना है कि पुरानी सोसाइटी रहने से निष्पक्ष जांच नहीं हो सकती है। अपार्टमेंट में करीब आठ साल से एक ही सोसाइटी बिना चुनाव कराए कार्य कर रही है। इस वजह से आरडब्लूए का चुनाव नहीं कराया गया। सम्बंधित सोसाइटी पर मनमाने ढंग से कार्य करना, भ्रष्टाचार व वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगते रहे हैं।

### बाउंड्री के किनारे बनीं झुग्गियां कीं ध्वस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने सोमवार को शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। जोन दो के वार्ड राजेंद्रनगर में विधायक निवास की बाउंड्री के किनारे बनीं झुग्गी-झोपड़ियां तथा अन्य अस्थायी अतिक्रमण जेसीबी से ध्वस्त कर दिए। जोन 6 में लाल मस्जिद से सफेद मस्जिद तक अभियान चलाकर 17 ठेले, 13 अस्थायी दुकानें हटाईं।

### बिजली बिल बकाएदारों को सरचार्ज में छूट

**अमृत विचार, लखनऊ:** वित्तीय वर्ष 2024-25 में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की ओर से लाई गई एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के डिफॉल्टरों को विभाग एक और मौका देगा। उन छूटे बिजली बकायेदारों को सरचार्ज पर छूट मिलेगी, जिन्होंने पहले से पंजीकरण करा रखा है। यह सुविधा 31 जुलाई तक जारी रहेगी।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने सोमवार को इस सिलसिले में आदेश जारी किया। कॉरपोरेशन ने ऐसे उपभोक्ताओं को मौका देने का फैसला लिया है। सरचार्ज के तौर पर लगाए जा रहे जुर्माने को ओटीएस में मिल रही छूट का 10 फीसदी या 1000 रुपये, जो भी ज्यादा हो, जमा कर छूट का लाभ ले सकेंगे।

# कार्यकारिणी सदस्य चुनाव के लिए भाजपा में घमासान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- अंदरूनी कलह से नहीं बन पा रही छह नामों पर सहमति
- महापौर ने तीसरी बार स्थगित की बैठक

**अमृत विचार :** खाली चल रहे छह कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव के लिए नगर निगम सदन की बैठक तीसरी बार स्थगित करनी पड़ी है। एक जुलाई को प्रस्तावित बैठक महापौर सुषमा खर्कवाल ने स्थगित कर दी है।

बैठक स्थगित करने के पीछे 30 जून से दो जुलाई तक लखनऊ और आस-पास भारी बारिश की संभावना का हवाला दिया गया है, लेकिन सूत्र इसका कारण भारतीय जनता पार्टी में अंदरूनी कलह बता रहे हैं। रविवार को महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की सहमति से भाजपा की ओर से कार्यकारिणी के लिए 6 सदस्यों के नाम की घोषणा की थी, लेकिन इनमें से भाजपा के 5 सदस्य ही कार्यकारिणी सदस्य के लिए नामांकन करेंगे। एक पार्षद का नाम काटने का निर्णय महापौर को लेना है। जिन छह पार्षदों का नाम संगठन ने तय किया है उनमें से कुछ पार्षद महापौर के विरोधी बताए जाते हैं। रामकी कंपनी को सफाई का काम दिये जाने के महापौर के निर्णय का इन पार्षदों ने खुलकर विरोध किया था। इसके बाद से महापौर और इन पार्षदों के बीच मनमुटाव खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। जबकि संगठन के बड़े नेताओं को इस मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा था।

सभी चिकित्सक व क्षेत्र वासियों को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दाँतों का अस्पताल
हर 6 माह में दाँतों की जाँच करवायें।
दाँत निकलवाने के पहले अच्छी तरह खा कर आयें।
दिन में दो बार ब्रश अवश्य करें।
गरम पानी में नमक डाल कर कुल्ला करें।
सुविधायें
Dr. Shraddha Agarwal
BDS, MDS
Timing: 12:00 to 07:00 PM
Mob. 7007159467, 7536884339
छंगामल डेन्टल क्लीनिक पता – मारूती निवास
L.I.C. के सामने खून-खून जी रोड चौक, लखनऊ

सभी चिकित्सक व क्षेत्र वासियों को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
The Dental Clinic & Implant Center
Complete Dental Solution
Dr. S.K. Singh
B.Sc., B.D.S.
Member of I.D.A.
Consultant Dental Surgeon & Implantologist
Contact:- 9935222953
Mail- drsksingh82@gmail.com
Add.: G-7, H.A.L. Church Road, Indira Nagar, Lucknow

Regd. RMEE2232011
24 HOURS SERVICE EVERYDAY
1st July 2025
HAPPY DOCTOR'S DAY
"Medicine cures diseases, but only doctors can cure patients."
L.S. POLYCLINIC & HOMEOPATHIC RESEARCH CENTER
Add:- Sewai Chauraha, Nagram Road, Lko- 226002
Dr.Praveen Rawat
B.H.M.S (M.D . director)
Mob:-+91 96518 69747

1ST JULY, NATIONAL DOCTOR'S DAY
Senior Citizens Helpline 830-3240000
1st July : National Doctor's Day
We Resolve to extend our Specialized Services to our ailing Elderly
Old Age Hospital ● Old Age Home ● Palliative Care ● Home Nursing



TOLL FREE SENIOR CITIZENS HELPLINE 18001801415
वृद्धजनों की (असीमित) चिकित्सकीय परामर्श मात्र रू.100/- प्रति माह
Dr. Abhishek Shukla MD FRCP (EDINBURGH)
Consultant Geriatric Physician & Palliative Care Specialist
Secretary General
Association of International Doctors
MCI Regn No.: 23608
AASTHA HOSPICE & GERIATRIC CARE CENTRE
AID ASSOCIATION OF INTERNATIONAL DOCTORS
B-44, B-52, J Park, Mahanagar, Lucknow 226 006. UP. INDIA
Mob: 94150 15050 Email: hospiceindia@gmail.com Web: www.hospiceindia.org
design@alpanaarts.in

# इलाज में कौशल ही नहीं, संवेदनाएं बनाती हैं धरती के भगवान

**राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस आज** | **समाज को बीमारियों से बचाने को चिकित्सक चला रहे जागरुकता अभियान**

पंकज द्विवेदी, लखनऊ

अमृत विचार : राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर अमृत विचार संवेदनशील उन चिकित्सकों को सम्मान करता है जो न केवल मरीजों का इलाज करते हैं, बल्कि समाज में बदलाव की इबारत भी लिखते हैं। राजधानी लखनऊ में कई चिकित्सक इसकी मिसाल हैं। ये चिकित्सक लावारिस और गरीब मरीजों की सेवा, दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने और लीवर कैंसर जैसे जटिल बीमारियों के उपचार के साथ-साथ समाज को बीमारियों से बचाने को जागरुकता अभियान चलाते हैं। इतना ही नहीं, जरूरतमंद मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, रक्तदान करने और आर्थिक सहायता प्रदान करने में भी ये अग्रणी हैं। इनके प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव आ रहा है, जो अन्य चिकित्सकों और लोगों के लिए प्रेरणा बन रहा है। आज राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर ऐसे ही चिकित्सकों की बात जिनके लिए मानवता की सेवा ही उनका असली ध्येय है।

## जरूरतमंदों का मुफ्त में इलाज


डॉ. अर्चना श्रीवास्तव

जानकीपुरम में होलिस्टिक हेल्थ केयर क्लीनिक की संचालक डॉ. अर्चना श्रीवास्तव जरूरतमंद मरीजों का मुफ्त में इलाज करती हैं। इसके लिए वह अक्सर निशुल्क शिविर का आयोजन कराती रहती हैं। साथ ही मरीजों से बचाव को लेकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को भी जागरूक कर रहीं हैं। डॉ. अर्चना बताती हैं कि महिलाएं अपनी सेहत को लेकर लापरवाह रहती हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत ग्रामीण अंचल की महिलाओं के साथ होती है। वह तब तक अस्पताल नहीं जाती जब तक बीमारी गंभीर न हो जाए। ऐसे में मेरे द्वारा निशुल्क शिविर लगाकर उन्हें विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक करने के साथ उनका प्राथमिक इलाज भी मौके पर किया जाता है। मेरा मानना है कि एक चिकित्सक को भगवान का दर्जा दिया जाता है तो उन्हें अपना काम भी सेवा भाव से करना चाहिए।

## मरीजों से बना रहें खून का रिश्ता


प्रो. तूलिका चंद्रा

केजीएमयू के ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. तूलिका चंद्रा ने बताया कि जरूरतमंद मरीजों का खून की कमी से इलाज प्रभावित न हो इसके लिए समाज में स्वैच्छिक रक्तदाताओं की जरूरत होती है, इसके लिए समाज के विभिन्न वर्गो में जाकर जागरूकता कार्यक्रम किए, लोगों के दिमाग से भ्रम दूर किया कि खून देने से स्वयं के शरीर को किसी प्रकार का नुकसान होता है। कई वर्षो के परिश्रम का परिणाम है आज हमारे पास समाज के विभिन्न वर्गों के तमाम ग्रुप हैं जो स्वैच्छिक रक्तदान के लिए तत्पर रहते हैं। उक्त श्रेणी में ही केजीएमयू के जूनियर डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ रक्तदान करते हैं। साल भर में करीब 500 यूनिट खून इस अभियान से एकत्र हो जाता है। ट्रॉमा में लाए गए लावारिस मरीजों की जान बचाने के लिए तत्काल खून की जरूरत होती है। वहीं, थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों को भी बार-बार खून चढ़ाने की जरूरत होती है। ऐसे मरीजों को रक्तदान से मिला खून ही चढ़ाया जाता है।

## डॉ. संदीप मानवता की मिसाल, मरीजों के लिए मसीहा


डॉ. संदीप तिवारी

केजीएमयू के ट्रॉमा सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. संदीप तिवारी न केवल एक कुशल चिकित्सक हैं, बल्कि मानवता की ऐसी मिसाल हैं, जिनके लिए मरीजों की सेवा ही सर्वोपरि है। उनके पास से कोई भी मरीज बिना इलाज के कभी वापस नहीं लौटा। चाहे रास्ते में मिला कोई लावारिस मरीज हो या जटिल परिस्थितियों में मदद की गुहार लगाने पहुंचा कोई मरीज का परिजन। साल 2018 की एक घटना इसका जीता-जागता उदाहरण है। डॉ. संदीप ट्रॉमा सेंटर की ओर जा रहे थे, तभी उनकी नजर परिसर के पास में पड़े एक लावारिस मरीज पर पड़ी। मरीज के शरीर से दुर्गंध आ रही थी, मक्खियां भिनभिना रही थीं, और लोग उसे नजरअंदाज कर पास जाने से कतरा रहे थे। लेकिन डॉ. संदीप ने बिना देर किए उस मरीज को तत्काल इमरजेंसी में पहुंचाया और उसका इलाज शुरू करवाया। उनकी इस संवेदनशीलता ने न केवल मरीज को नया जीवन दिया, बल्कि आसपास के लोगों के लिए भी एक प्रेरणा बन गई। केजीएमयू के उप नर्सिंग अधीक्षक प्रदीप गंगवार बताते हैं कि डॉ. संदीप का समर्पण केवल अस्पताल तक सीमित नहीं है। डालीगंज चौराहे पर भीषण जाम की स्थिति थी। हम लोग उस समय लिंब सेंटर में मौजूद थे। जाम की स्थिति देखकर वह स्वयं सड़क पर उतर आए और यातायात व्यवस्था को सुचारू करने में जुट गए। यह घटना उनकी जिम्मेदारी और समाज के प्रति उनके समर्पण को दर्शाती है।

## सेप्सिस के रोगियों की बचा रहे जान


डॉ. तन्मय घटक

शरीर में होने वाले संक्रमणों में सेप्सिस संक्रमण अतिगंभीर स्थिति होती है। समय पर इलाज न मिलने पर मृत्यु की संभावना अत्यधिक होती है। एसजीपीजीआई के इमरजेंसी मेडिसिन के चिकित्सक डॉ. तन्मय घटक का कहना है कि हम इमरजेंसी में प्रतिदिन सेप्सिस के कई रोगियों को बचाते हैं। सेप्सिस संक्रमण में शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बीमारी से लड़ने के बजाय विरोध में कार्य करती है और अपने हृदय, फेफड़े, गुर्दे या मस्तिष्क अंगों को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती है। उन्होंने बताया कि यह संक्रमण बहुत साधारण बुखार, निमोनिया या त्वचा का संक्रमण से शुरू हो सकता है। समय पर इलाज के अभाव में यह मृत्यु का कारण बन सकता है। इमरजेंसी चिकित्सक होने के नाते हम सेप्सिस बंडल को बनाए रखते हुए ''गोल्डन ऑवर्स'' में उनका इलाज करते हैं। समय रहते इलाज करने के साथ ही उन्हें इंट्रावेनस फ्लूड और एंटीबायोटिक्स देकर संक्रमण के कारण को नियंत्रित किया जाता है ताकि सेप्सिस को बढ़ने से रोका जा सके। डॉ. तन्मय ने बताया कि ठीक होने के बाद मरीज का मुस्कुराता हुआ चेहरा हम चिकित्सकों की ऊर्जा को हज़ार गुना बढ़ा देता है।

## 95 प्रतिशत मृत्युदर वाली बीमारी के मरीजों को मिल रहा 100 प्रतिशत जीवन


डॉ. दीपक कुमार

न्यूरो की जटिल समस्याएं, जिनमें 90-95 प्रतिशत मृत्युदर होती है, ऐसे जटिल केसों को एंडोवैस्कुलर न्यूरो सर्जरी तकनीक (खून की धमनियों के रास्ते दिमाग के अंदर तक पहुंच) से 100 प्रतिशत सफल इलाज मिल रहा है लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में, मरीजों को नया जीवन देने वाले न्यूरो सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार ने बताया कि हमारा संस्थान, उत्तर भारत में इकलौता सरकारी संस्थान है जहां एंडोवैस्कुलर न्यूरो सर्जरी तकनीक से इलाज उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि गत सप्ताह एम्स पटना से एक आठ माह की बच्ची को रेफर होकर आयी थी, जिसके दिमाग में दुर्लभ गांठ (वेन ऑफ गॉलेन मेल फार्मेशन) थी, गांठ यानि दिमाग में खून की नलियां आपस में जुड़ी होती हैं, खून नलियों के जुड़े होने से खून की सप्लाई ज्यादा हो रही थी और हृदय पर अत्यधिक दबाव था, अमूमन बच्चे हार्ट फ्लेयोर की स्थिति में आते हैं। डॉ. दीपक ने बताया कि एंडोवैस्कुलर तकनीक से दिमाग में जाकर खून की नलियों के फ्यूस्चला को ग्लू और क्वायल से बंद कर दिया, आनुवांशिक फ्यूस्चला बंद होते ही हार्ट फ्लेयोर का खतरा स्वत: खत्म हो गया, अब बच्ची को न ही जीवन भर दवाएं लेनी पड़ेंगी बल्कि बच्ची सामान्य जीवन जीवन व्यतीत करेगी, अभिवावक भी निश्चिंत रहेंगे।

## डॉक्टर ही नहीं अभिवावक बनकर करते हैं सर्जरी


डॉ. बीके ओझा

केजीएमयू के न्यूरो सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. बीके ओझा जैसे सर्जन विरले मिलते हैं, इन्हें दुर्घटनाग्रस्त लावारिस मरीजों का मसीहा कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी, क्योंकि वह इलाज के साथ मरीज की स्थिति भी देखते हैं। इन्होंने अभी तक 30-35 ऐसे लावारिस मरीजों का इलाज किया है, जिनमें न केवल हजारों का खर्च वहन करना पड़ा बल्कि अपने खर्च पर उन्हें घर तक पहुंचाया है। इसके लिए वह स्मृति विहीन मरीजों को लाने वाले पुलिस कर्मियों से लेकर इलाज के बाद, समाचार पत्र में फोटो प्रकाशित कर परिवारीजनों की तलाश करते हैं, अपने रसूख का इस्तेमाल कर पुलिस महकमें का सहयोग लेकर मरीज के घर तक पहुंचते हैं। डॉ. बीके ओझा का कहना है कि केजीएमयू बड़ा संस्थान है, दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को पुलिस लेकर आती है, उक्त मरीजों के अलावा करीब 200 से ज्यादा लावारिस मरीजों को इलाज स्वयं के निर्णय से करना पड़ा है, क्योंकि दूर दराज के मरीज बेहोशी की हालत में लाए जाते हैं, जीवन बचाने के लिए स्वयं से सर्जरी का निर्णय किया जाता है, आवश्यकतानुरूप दवाओं की व्यवस्था की जाती है। लावारिस मरीजों के बजट से सहयोग मिलता है, मगर घर तक पहुंचाने का बजट की व्यवस्था न होने की वजह से वहन करना पड़ता है। नेपाल व केरल तक मरीजों को उनके घर तक स्वयं के खर्च से पहुंचाया गया है। तमाम मरीजों को पुलिस के माध्यम से स्वयं सेवी संस्थाओं को भी सुपुर्द किया गया है।

## असाध्य रोगियों का करा रहे निशुल्क इलाज


डॉ. सुमित रूंगटा

केजीएमयू के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. सुमित रूंगटा की मरीजों के प्रति प्रतिबद्धता जग जाहिर है। केजीएमयू में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग ही नहीं, डीएम गैस्ट्रोएंटरोलॉजी पाठ्यक्रम शुरू कराकर भविष्य के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों उपलब्धता सुनिश्चित किया है। वहीं केजीएमयू में लिवर ट्रांसप्लांट कार्यक्रम को मजबूत करने में डॉ. रूंगटा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसने केजीएमयू को वैश्विक स्तर पर अग्रणी चिकित्सा केंद्रों के समकक्ष स्थापित किया। इसके अलावा गरीब मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाकर उन्होंने नि:शुल्क उपचार सुनिश्चित किया। गुरु गोरखनाथ सेवा यात्रा समेत अन्य सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर प्रतिभाग करना ही इनके व्यक्तित्व को विशेष बनाता है।

## सीपीआर का प्रशिक्षण देकर बचा रहे जीवन


डॉ. रजनी गुप्ता

केजीएमयू के एनेस्थीसियोलॉजी विभाग की प्रो. डॉ. रजनी गुप्ता बताती है कि अनियमित जीवनशैली के कारण लोग हृदय रोगी हो रहें हैं। हार्ट अटैक व कार्डियक अरेस्ट की घटनाएं बढ़ रहीं हैं। कार्डियक अरेस्ट में मरीज के लिए शुरुआती तीन मिनट अहम होते हैं। इस दौरान सीपीआर देने से उसकी जान बचाई जा सकती है। सीपीआर कैसे दी जाती है इसकी सभी को जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए उनके विभाग में प्रत्येक सोमवार को विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा। साथ ही उनकी टीम शिक्षण संस्थानों में जाकर भी बच्चों और अध्यापकों को प्रशिक्षित कर रही है। मेरा मानना है कि यह अभियान टीबी, रेडियो, समाचार पत्रों व सोशल मीडिया पर प्रसारित होने से अधिक से अधिक लोग जागरूक हो सकेंगे। हार्ट अटैक से होने वाली मृत्युदर में भी कमी लाई जा सकती है। इसके आलावा एईडी मशीन से शॉक देना भी आम नागरिकों को जानकारी होना जरूरी है।

## दिव्यांगों को बना रहे आत्मनिर्भर


डॉ. अनिल गुप्ता

केजीएमयू के फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन (पीएमआर) विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार गुप्ता एक कुशल चिकित्सक और संवेदनशील इंसान हैं। पिछले 15 वर्षों में उन्होंने सैकड़ों दिव्यांग मरीजों का इलाज कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया, ताकि वे सामान्य जीवन जी सकें। उनकी मेहनत ने केजीएमयू के पीएमआर विभाग को प्रदेश में शीर्ष स्थान दिलाया। मरीजों के साथ-साथ सहयोगी चिकित्सकों, अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच भी उनकी स्नेहमयी और सम्मानजनक कार्यशैली प्रशंसनीय है। डॉ. गुप्ता का समर्पण और मानवता उन्हें एक असाधारण चिकित्सक बनाती है। उनका कहना है कि डॉक्टरी सिर्फ पेशा नहीं है, इसमें सेवाभाव जरूरी है। दिव्यांग मरीजों को कृत्रिम अंग देकर सुकून मिलता है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबन्द "खुली निविदा" वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। **1. निविदा सूचना संख्या:** 24 वर्ष 2025; **कार्य का विवरण:** समपार 58 spl (BVN) और समपार 89 B (STP-TKUR) पर प्रस्तावित आरओबी के संबंध में सिग्नल केबल शिफ्टिंग कार्य और सर्किट परिवर्तन। **अनुमानित लागत(₹):** ₹72,90,341.85; **बयाना राशि:** ₹1,45,800/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** ₹00.00; **कार्य समापन की अवधि:** 06 माह; **(1) निविदाओं के बन्द होने की अंतिम तिथि एवं समय:** 24.07.2025 को 15:00 बजे। **नोट:** इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें।

मुजाधि/सिग्नल-27 वमसिदूई, लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


# प्रशासन करेगा ठेकेदारों से वसूली

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने देवपुर पारा में तोड़े गए सैकड़ों आवासों की वसूली न होने पर दोषी ठेकेदारों को आरसी जारी की है। अब इन ठेकेदारों से जिला प्रशासन सख्ती से वसूली करेगा। वहीं, आधी धनराशि सात अभियंताओं से वसूल की जाएगी। इनके सेवानिवृत्त होने पर न्यायालय में वाद दायर किया गया है।

वर्ष 2001 में एलडीए ने देवपुर पारा में सिंगल स्टोरी के दो हजार आवास की योजना में 1963 निर्मित किए थे। इनमें वर्ष 2008 एक भी आवास नहीं बिके। इनकी गुणवत्ता और अन्य कारणों से लोगों का रुझान नहीं रहा। इस वजह से आवास जर्जर हो गए जो अंत में ध्वस्त करके दूसरी आवासीय योजना लांच की गई। वहीं, 1963 आवासों के निर्माण में खर्च 4.88 करोड़ रुपये की रिकवरी चार ठेकेदारों और सात अभियंताओं से बराबर की निकाली गई। फिर भी दोषी ठेकेदारों और अभियंताओं ने धनराशि जमा नहीं की। इस पर एलडीए ने कई बार नोटिस जारी किए। इस बीच सभी अभियंता सेवानिवृत्त हो गए। इनसे वसूली करने के लिए एलडीए ने न्यायालय में वाद दायर किया है। जबकि ठेकेदारों को आरसी जारी की है। इनसे प्रशासन द्वारा वसूली करेगा।

# रक्तदान कर जरूरतमंदों की करें मदद : अखिलेश

## पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन से पूर्व केजीएमयू में लगाया गया रक्तदान शिविर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की मदद कर सकते हैं। लिहाजा डॉक्टर की सलाह पर समय-समय पर रक्तदान कर सकते हैं। जन्मदिन और वैवाहिक वर्षगांठ पर रक्तदान करना चाहिए। यह बातें पूर्व मुख्यमंत्री व सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कही।

पूर्व मुख्यमंत्री सोमवार को केजीएमयू में आयोजित रक्तदान शिविर को संबोधित कर रहे थे। उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में सपा कार्यकर्ताओं ने केजीएमयू के ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में रक्तदान शिविर लगाया था। अखिलेश ने कहाकि युवाओं को रक्तदान के प्रति अधिक जागरूक और संवेदनशील होने की आवश्यकता है। रक्तदान एक महत्वपूर्ण सामाजिक जिम्मेदारी है जो जीवन बचाने में मदद करती है। युवाओं को इस नेक काम में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में रक्तदान के महत्व पर सेमिनार, रैलियां और जागरूकता शिविर आयोजित किए जाने चाहिए। रक्तदान शिविर में 107 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, आकाश शाक्य, विधायक राम अवतार सैनी, बलराम मौर्य, फाखिर सिद्दीकी, फखरुल हसन चांद, राम सागर यादव, बक्कास अहमद, इरशाद अहमद, शब्बीर खान, प्रदीप कनौजिया, दामोदर मौर्य, विनीत कुशवाहा, महाराज सिंह शाक्य, संदीप सैनी, डॉ. संतोष वर्मा, दीपक सैनी, सत्येन्द्र मौर्य, समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।


रक्तदान करते हुए कार्यकर्त्ता के साथ अखिलेश यादव। अमृत विचार

# आज से चलाया जाएगा डायरिया रोको अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्टॉप डायरिया अभियान मंगलवार से शुरू होगा। एनएचएम की ओर से घोषित इस अभियान का शहर में शुभारंभ सीएमओ डॉ. एनबी सिंह करेंगे। सीएमओ ने बताया कि प्री मानसून व मानसून के दौरान, विशेषकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में डायरिया के मामले तेजी से बढ़ते हैं। ऐसे में जनजागरूकता को बढ़ाने, स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारी मजबूत करने, ओआरएस और जिंक के उपयोग को प्रोत्साहित करने तथा डायरिया की रोकथाम को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान की थीम डायरिया की रोकथाम-सफाई और ओआरएस से रखें ध्यान है। अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ महिला एवं बाल विकास, ग्राम्य विकास, पेयजल एवं स्वच्छता, पंचायती राज, शिक्षा विभाग एवं आईसीडीएस जैसे कई विभाग सक्रिय सहयोग कर रहे हैं।


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार **क्लासीफाइड**

**सूचना**

मैंने अपना नाम DEEPAK KUAMR से बदल कर DEEPAK KUMAR रख लिया है अब भविष्य में मुझे इसी के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O- RAM TEERTH R/O-H.NO-80, MEERAMOU SARHEMAU, BARABANKI -225305

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **प्रदीप कुमार त्रिवेदी पुत्र स्व. माता प्रसाद त्रिवेदी निवासी-ईएस-1बी/197, सीतापुर रोड योजना, निकट इंजीनियरिंग कालेज चौराहा, लखनऊ उ0प्र0 226021,** मैने अपने सबसे छोटे पुत्र पुलकित राज त्रिवेदी को उसके गलत चाल-चलन व आचरण के चलते अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उक्त पुत्र द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, कार्य या लेन-देन हेतु वो स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

मेरी पुत्री का नाम हाईस्कूल अंकतालिका में सृष्टि मिश्रा (SRISHTI MISHRA) अंकित है, जबकि आधार कार्ड में त्रुटिवश श्रष्टी मिश्रा (SHRASTI MISHRA) अंकित हो गया है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मेरी बेटी को सृष्टि मिश्रा (SRISHTI MISHRA) पुत्री संजय कुमार मिश्रा के नाम से ही जाना पहचाना जाए। **संजय कुमार मिश्रा पुत्र रामनरायन मिश्रा, निवासी ग्राम भदवही, भदोही, पोस्ट जनपद उन्नाव।**

**सूचना**

मैने अपना नाम ADIBA BANO NOOR MOHAMMED KHAN से बदलकर ADIBA BANO NOOR MOHAMMED रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **C/o-NOOR MOHAMMED KHAN ADD-DEORIA MAINAHA, PO-REHAR MAFI, DIST-BALRAMPUR-271609(U.P)**



Achievers Law College Of Lucknow

**NARVADESHWAR LAW COLLEGE**

Approvedby BCI & Lucknow University

15 PCS-J, 1 IPS, 22 GOLD, 1 Chancellor

**ADMISSION OPEN**

**LL.B.** 3YRS & 5YRS

BA, B.Com, BBA. MBA & D.PHARM. GNM(AYD)

Hostel & Placement Facility Available

Special Guidance For PCS-J Exam

Malhaur Road Chinhat, Gomti Nagar, Lko

www.narvadeshwar.org

9918132882, 945045458


# चोरी की 13 बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

**आरोपियों के पास मिली मास्टर चाबी**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भीड़भाड़ वाले इलाके, बाजार और घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा क्राइम ब्रांच और मड़ियांव पुलिस ने किया। इस गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके निशानदेही पर चोरी की 13 बाइक व मास्टर चाबी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक आरोपी चोरी की बाइक आसपास के जिलों में सस्ते दामों पर बेचते थे।

इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों में कमलापुर निवासी दिलीप, बिसवां मियागंज का अली हुसैन उर्फ सूफियान और शाहिद शामिल है। आरोपियों के पास से 13 चोरी की बाइक व दो मास्टर चाबी बरामद की गई है। तीनों से पूछताछ में सामने आया कि लखनऊ में बाजारों और घर के बाहर रात में खड़े वाहनों को चुराते थे। जिन्हें आसपास के जिलों में 20 से 25 हजार रुपये में बेच लेते थे। अधिकतर गाड़ियां ग्रामीण इलाकों में ग्राहक खोज कर बेचते थे। जिससे गाड़ी के कागज से लेकर

# बस पर चढ़ते समय महिला का पर्स उड़ाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीतापुर के मुंशीगंज इलाके में दीपा सिंह परिजन के साथ रहती हैं। 28 जून की शाम उनका भाई मुकेश सिंह लखनऊ से सीतापुर जाने वाली बस पर बैठाने के लिए भिठौली चौराहे पर गया था। भाई ने पीड़िता को बस पर चढ़ाया। दीपा के मुताबिक तीन महिलाएं बस के कंडक्टर से चढ़ने के रास्ते पर खड़े आकर नोंकझोंक कर रहीं थीं। पीड़िता महिलाओं के हटने का इंतजार करती रहीं। कुछ देर में महिलाएं बस से उतर गईं थीं। इसके बाद पीड़ित सीट पर बैठ गईं। पीड़िता ने सीट पर बैठने के बाद पर्स चेक किया तो उसमें से जेवरात वाला छोटा पर्स गायब था।

# एलडीए ने ध्वस्त की छह प्लाटिंग

**प्रवर्तन जोन-3 और जोन-5 में चलाया गया अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अभियान**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने सोमवार को अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अभियान चलाया। काकोरी व बीकेटी में प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना प्लाटिंग करने पर बुलडोजर से ध्वस्त की। प्रवर्तन जोन-3 के अंतर्गत अंश, रज्जन व अन्य द्वारा काकोरी के ग्राम कठिंगरा में आठ बीघा में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। इसी तरह विनोद कुमार व अन्य द्वारा कठिंगरा में लगभग 1.5 बीघा में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग करके शगुन सिटी नाम से कालोनी विकसित की जा रही थी।

इसके अलावा एसके दुबे व अन्य द्वारा काकोरी के ग्राम चकौली में लगभग दो बीघा में प्लाटिंग की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना निर्माण करने पर ध्वस्त कर दी। प्रवर्तन जोन-5 अंतर्गत विनोद रावत व अन्य द्वारा बीकेटी के अचरामऊ में लगभग 5 हजार वर्गमीटर में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग करके कालोनी विकसित की जा रही थी।

इसी तरह राम तेज वर्मा व अन्य द्वारा ग्राम अचरामऊ में लगभग 7 हजार वर्गमीटर व राम सरन यादव द्वारा लगभग 5 हजार वर्गमीटर में अवैध रूप से प्लाटिंग करके डेवलपर द्वारा बनाई गई सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल, साइट ऑफिस आदि ध्वस्त कर दी।

# फुटकर खाद व्यापारियों का मूल्य तय किया जाए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिस तरह से किसानों के लिए खाद का विक्रय मूल्य निर्धारित है उसी तरह से निर्माता कंपनियों एवं थोक विक्रेताओं से फुटकर व्यापारियों की खरीद का मूल्य निर्धारित किया जाए। यह मांग सोमवार को उप्र आदर्श व्यापार मंडल ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब से की है।

प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने खुदरा कृषि उत्पाद व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया। कहा कि सरकार ने किसानों के लिए यूरिया, डीएपी, एनपीके का बिक्री मूल्य निर्धारित कर रखा है, लेकिन फुटकर व्यापारियों के लिए खाद निर्माता कंपनियों और बड़े थोक विक्रेताओं से खरीद का कोई मूल्य निर्धारित नहीं किया है। अक्सर कंपनियां व थोक विक्रेता दबाव बनाकर मनमाने तरीके से निर्धारित मूल्य से अधिक पर फुटकर व्यापारियों को खाद बिक्री करती हैं। इससे लागत मूल्य विक्रय से अधिक हो जाती है। मुकदमा आदि भी फुटकर व्यापारियों पर दर्ज होता है।

खुदरा कृषि व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आरके कनोजिया, प्रदेश महासचिव अमित कुमार गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष देश दीपक वाजपेयी, प्रदेश संगठन मंत्री अवनीश सिंह ने उपमुख्यमंत्री और मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपा।


उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन देते संजय गुप्ता और अन्य व्यापारी। अमृत विचार

## एनएचएम कर्मचारियों ने घेरा उपमुख्यमंत्री का आवास

अमृत विचार, लखनऊ : एनएचएम के कर्मचारियों ने सोमवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के आवास का घेराव किया। बाद में सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। उप्र. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष मयंक प्रताप सिंह के नेतृत्व में एनएचएम कर्मचारी व वरिष्ठ पदाधिकारियों ने घेराव किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन कर्मचारियों को शांत कराया। बाद में संघ के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात उप मुख्यमंत्री से हुई। मयंक प्रताप का दावा है कि उप मुख्यमंत्री ने पांच मांगों को पूरा करने की सहमति जताई है। उन्होंने बताया कि उन पांच मांगों में अंतर्जनपदीय स्थानांतरण को मंजूरी देते हुए तत्काल एनएचएम अफसरों से फाइल मंगवाई है। एक-दो दिन में स्थानांतरण का पत्र जारी करने का आश्वासन दिया है। साथ ही डाटा इंट्री ऑपरेटर के समायोजन, स्वास्थ्य बीमा, डीए, एचआरए व ईपीएफ के लिए प्रमुख सचिव और एनएचएम एमडी के साथ वार्ता कर निर्देश देंगे। प्रतिनिधिमंडल में संघ के प्रदेश अध्यक्ष मयंक ठाकुर, प्रदेश महामंत्री आदित्य भारती, उपाध्यक्ष राम प्रताप सिंह, रवींद्र राठी, सत्येंद्र पांडेय, पुष्पेंद्र शुक्ला, रवींद्र शुक्ला रहे।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **22.07.2025** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 07702025 दिनांक 30.06.2025 |
| 2 | निविदा संख्या : 09-Sr.DEN-II-LKO/2025-26 | |
| 3 | कार्य का नाम : ADEN-MBDP एडीईएनएमबीडीपी के अंतर्गत- S.S.E.-P.WAY-PBH एसएसई जेएनएच खंड में ट्रैक रखरखाव हेतु रेल एवं/पीवे/स्लीपरों का आकस्मिक नवीनीकरण, ओवरहॉलिंग, डिस्ट्रेसिंग, एलडब्ल्यूआर की बॉक्सिग एवं प्रोफाइलिंग का कार्य। | |
| 4 | अनुमानित लागत : रु. 79,46,401.36 | |
| 5 | धरोहर राशि : रु. 1,58,900.00 | |
| 6 | कार्य की समापन अवधि : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 8 माह | |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ : 08.07.2025 | |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 22.07.2025 को बजे 15:00 | |
| 9 | वेबसाईट : www.ireps.gov.in | |

नोट:- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1961/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **22.07.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 07202025 दिनांक 30.06.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 08-Sr.DEN-II-LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम : एडीईएनएमबीडीपी के अंतर्गत- एसएसईजेएनएच खंड/पीवे/में ट्रैक रखरखाव हेतु रेल एवं स्लीपरों का आकस्मिक नवीनीकरण, ओवरहॉलिंग, डिस्ट्रेसिंग, एलडब्ल्यूआर की बॉक्सिंग एवं प्रोफाइलिंग का कार्य। | |
| 4 | अनुमानित लागत | रु० 1,01,26,833.52 |
| 5 | धरोहर राशि | रु० 2,00,600.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 8 माह |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 08.07.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 22.07.2025 को बजे 15:00 |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट :- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1964/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**सूचना**

मैं गजेन्द्र मोहन पुत्र मदन मोहन खेड़ा और मोहम्मद शब्बीर पुत्र मोहम्मद नासिर हमारे पास से एक रजिस्ट्री प्लॉट की मूल प्रति खो गई है। जिसका प्रथम पक्ष मनोज कुमार गुप्ता पिता राकेश कुमार गुप्ता है जिनका पता विकास नगर लखनऊ है और द्वितीय पक्ष बाबू लाल वर्मा पिता स्वर्गीय भगवती प्रसाद पता शिवानी विहार कल्याणपुर और मोहम्मद अतीक पिता मोहम्मद वसीम पता नवाबगंज बाराबंकी और जमीन आवासीय प्लॉट है, जो अनवरी ग्राम परगना कुर्सी में है, जिसका गाटा संख्या 975/0.177 में से 250.92 वर्गमीटर क्षेत्रफल है।

**सूचना**

मेरेआधार कार्ड संख्या 701745 407394 पर मेरा नाम बांकन लाल दर्ज है जबकि मेरा सही नाम बांके लाल पुत्र काली चरण है। कृपया सुधार किया जाए। बांके लाल पुत्र काली चरण, पता रू ग्राम कान्हमऊ, वि.खं. कसमंडा तहसील सिधौली जिला सीतापुर, उत्तर प्रदेश।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै मेवालाल वर्मा पुत्र स्व वासुदेव निवासी मोहल्ला शक्तिनगर महतवाना कस्बा व तहसील संडीला ज़िला हरदोई का निवासी हूँ मेरा पुत्र आनंद वर्मा निवासी मोहल्ला शक्तिनगर महतवाना कस्बा व तहसील संडीला का उससे व उसके परिवार के प्रति आचरण ठीक नहीं है व सामाजिक स्तर से भी आचरण ठीक नहीं है मै अपने पुत्र से अत्यधिक नाराज हूँ मै अपने पुत्र आनंद वर्मा को समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ आनंद वर्मा के किसी भी कृत्य से व धन के लेनदेन से मेरा कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। मेवालाल वर्मा पुत्र स्व वासुदेव निवासी मोहल्ला शक्तिनगर महतवाना कस्बा व तहसील संडीला ज़िला हरदोई

## सार-संक्षेप



शायर नदीम फरुख और कवि विजयेन्द्र करुण को सम्मानित करते सच्चिदानंद, भ्रमर बैसवारी और सर्वेश अस्थाना। अमृत विचार


### नदीम फरुख और विजयेंद्र करुण को मिला सृजन सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी प्रेस क्लब व उत्तर प्रदेश साहित्य सभा की ओर से 158वें सृजन उर्दू सम्मान से वरिष्ठ शायर नदीम फरुख और सृजन हिंदी सम्मान से आजमगढ़ के कवि विजयेंद्र करुण को सम्मानि किया गया। कवि सर्वेश अस्थाना, हसीब सिद्दीकी, अध्यक्ष सच्चिदानंद शलभ, भ्रमर बैसवारी ने दोनों विभूतियों को शाल, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। रश्मि शरद के संयोजन व वर्षा श्रीवास्तव के संचालन में अंकिता शुक्ला, श्वेता मनस्वी तथा शायर नदीम फरुख व विजयेंद्र करुण ने काव्यपाठ किया। इसके बाद कवि पद्मश्री सुरेंद्र दुबे, ओज के कवि सुरेश फक्कड़ व लोक कवि अबोध व सृजन की सदस्या सरोजबाला सोनी के ज्येष्ठ पुत्र के निधन पर शोकसभा कर समारोह स्थगित कर दिया गया। अरविंद झा, महेश गुप्त, प्रमोद श्रीवास्तव, निर्भय निश्छल, सिराज खान, श्याम किशोर वर्मा, पूजा श्रीवास्तव, खुशीराम बाजपेई, रविशंकर श्रीवास्तव रवि, अजय कुमार, गिरधर खरे, प्रेम शंकर बेताब, राजेश राज, अमित श्रीवास्तव आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### उत्तराखण्ड भारत का स्थापना दिवस 20 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय उत्तराखण्ड भारत अपना 17वां स्थापना दिवस 20 जुलाई को आयोजित करने के संबंध में एक आम बैठक ज्ञान सरोवर विधालय वृदांवन में राष्ट्रीय अध्यक्ष भवान सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष रावत ने कहा कि इस वर्ष अखिल भारतीय उत्तराखण्ड महासभा अपना 17वां स्थापना दिवस सभी प्रदेशो व जिलों में बड़ी धूमधाम से मनाया जायेगा। इस स्थापना दिवस पर एक विचार गोष्ठी, सांस्कृतिक व अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे।

### 109 वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित



वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करतीं पूजा शुक्ला। अमृत विचार

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर फैजुल्लागंज में ममता त्रिपाठी के संयोजन में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 109 वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता और लखनऊ उत्तर विधानसभा क्षेत्र की प्रभारी पूजा शुक्ला ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की जड़ व नैतिक पूंजी हैं। समाजवाद की चेतन को पीढ़ी दर पीढ़ी जीवित रखने में उनका योगदान अमूल्य है। समाजवादी आंदोलन की आत्मा को जीवित रखने और भावी पीढ़ियों में उसे संचारित करने में उनका योगदान अतुलनीय है। उनके अनुभव और संघर्ष हमें समाजवाद के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

### जातीय जनगणना में समाज को करेंगे जागरूक



कार्यक्रम में शामिल सिंधी समाज के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर की सिन्धी पंचायतें एकजुट होकर समाज के गरीब व जरूरतमंद लोगों को केंद्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलवाएंगे। सिंधी समाज ने इस विषय पर समाज को जागरूक करने के लिए गोमती नगर में एक बैठक आयोजित कर सिन्धी पंचायतों के मुखियों से विस्तृत चर्चा की। सिन्धी समाज की केंद्रीय कमेटी ने समाज कल्याण विभाग से पर्यवेक्षक हर्षवर्धन से योजनाओं के बारे में जानकारियां हासिल कर जरूरतमंदों के लिए आवास योजना, शादी अनुदान, जातीय जनगणना में भागीदारी पर चर्चा की। बैठक में सर्वसम्मति से चुने गए केंद्रीय कमेटी के संयोजक प्रदीप राज्यपाल, डॉक्टर अनिल चंदानी, तरुण संगवानी ने कहा कि जल्द ही लखनऊ सहित उतर प्रदेश में सिंधी समाज की केंद्रीय कमेटी का गठन किया जाएगा। कार्यक्रम में सिन्धी पंचायतों के महेश गुरनानी, अशोक चंदवानी, हंसराज चंदानी, राकेश भागवानी, वासुदेव सचदेवा, भीमन दास, कन्हैया लाल, अशोक चंदवानी, अशोक अरोरा और सामाजिक परिवर्तन संघर्ष समिति के अनिल चंदानी, तरुण सांगवानी, दुनी चंद, प्रदीप राजपाल उपस्थित थे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्याम किशनानी और राकेश लधानी को सम्मानित किया गया।

### निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का करें निस्तारण

**अमृत विचार, लखनऊ :** एनआईसी सभागार में जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक हुई। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों पर चर्चा करके जिलाधिकारी ने समस्त विभागों को प्रकरण का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। तालकटोरा क्षेत्र में वर्षों से चले आ रहे स्थायी अतिक्रमण को हटवाने के लिए तालकटोरा औद्योगिक संगठन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को धन्यवाद दिया। बैठक में सरोजनीनगर तथा अमौसी औद्योगिक क्षेत्र में जल निकासी की समस्या के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि समस्त औद्योगिक इकाइयां अपने परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाएं। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों से कहा कि आबादी का पानी औद्योगिक क्षेत्र में ना आए यह सुनिश्चित करते हुए एसटीपी के माध्यम से जल निकासी की समस्या का निस्तारण करने के लिए कार्ययोजना तैयार करें। बैठक में उपायुक्त उद्योग, सहायक नगर आयुक्त, अधिशासी अभियंता विद्युत, एलडीए, नगर निगम तथा उद्योग से संबंधित अन्य विभागों के प्रतिनिधि एवं विभिन्न औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी व उद्यमी उपस्थित रहे।

# हल्की बारिश में नाले उफनाए, जगह-जगह जलभराव

## ज्यादातर इलाकों में सड़कें-गलियां हुईं नालों में तब्दील, घरों और लारी अस्पताल के अंदर तक भर गया पानी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में सोमवार को कुछ देर हुई बारिश ने ही नगर निगम की नाला-नालियों की सफाई की पोल खोल दी। शहर के ज्यादातर इलाकों में जलभराव हो गया। रामनगर से सटे इंद्राणीनगर में जलभराव होने से एक कार नाले में घुस गई। लोगों ने किसी तरह कार को निकाला। रामनगर में कई घरों की निचली मंजिल में पानी भर गया। देर शाम जलभराव कम होने पर लोग पानी सड़क की ओर उलीचते दिखे। रस्तोगी कालेज और मूक बधिर कालेज के बाहर नाले पर अतिक्रमण की वजह से सड़क पर तक जलभराव रहा। पुराना लखनऊ, कुंडरी रकाबगंज, राजेंद्र नगर, ऐशबाग आदि इलाकों में भी जबरदस्त जलभराव हुआ। हजरतगंज क्षेत्र के दारुलसफा में भी पानी भर गया। सड़क पर पानी भरने से कई राहगीरों की गाड़ियां बंद हो गईं। जोन 6 में भवानीगंज में सीवर लाइन चोक होने से क्षेत्र में पानी भर गया। लारी अस्पताल के अंदर तक जलजमाव हो गया। इसी तरह डालीगंज अंडरपास में पानी घुटनों तक पानी भर जाने से राहगीर परेशान हुए। जोन-3 के फैजुल्लागंज में भी जलभराव की समस्या हुई। नगर निगम की टीम मौके पर पहुंच गई और जलनिकासी कराई।

चौक के पीर बुखारा, डालीगंज छत्ता और मूंग फली मंडी, ठाकुरगंज के मुफ्तीगंज, चौक में हुसैनाबाद के अलावा पुराने लखनऊ के कई हिस्सों में सड़कों पर पानी भर गया, जिससे लोग परेशान रहे। गाड़ियां बंद हो गईं लोग अपने वाहनों को खींचते दिखे। हालांकि, जलभराव के कारण डालीगंज के पास लंबा जाम लग गया, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ।

▶▶ ओवरफ्लो नाले में घुस गई कार बाल-बाल बचे लोग



नाले से कार को निकालते लोग।



राजधानी के रूमी दरवाजा को जाने वाली सड़क पर जलभराव के बीच से निकलते वाहन। अमृत विचार

### कंट्रोल रूम में आईं जलभराव की 180 शिकायतें

दोपहर 12 बजे से ही नगर निगम कंट्रोल रूम के फोन घनघनाने लगे। दोपहर तक शहर के विभिन्न इलाकों से जलभराव, सीवर चोक और पेड़ गिरने की 180 शिकायतें आयीं। इन शिकायतों को कंट्रोल रूम से सम्बंधित जोन के अधिकारियों को तत्काल ट्रांसफर किया गया और समस्या का निराकरण कराया गया। शहर के चार स्थानों से पेड़ गिरने की शिकायतें आईं। उद्यान विभाग ने पेड़ हटवाए। इसके अलावा कंट्रोल रूम के टीम लीडर सुबोध सिंह द्वारा 21 बाढ़ पम्पिंग स्टेशनों की 24 घंटे लाइव मॉनीटरिंग की गई।

### बाढ़ पम्पिंग स्टेशन की मशीन मिली खराब

बारिश शुरू होते ही नगर आयुक्त गौरव कुमार सहित नगर निगम के अधिकारी फील्ड पर रहे। नगर आयुक्त ने जोन 1, 2 और जोन 6 में प्रमुख पंपिंग स्टेशनों और नालों का निरीक्षण करके जलनिकासी की स्थिति देखी। जोन 6 में सरकटा नाले पर बने बाढ़ पम्पिंग स्टेशन के निरीक्षण में पम्पिंग मशीन कार्य करती नहीं पायी। जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को फटकार लगाई। महमूद नगर में अहमद हसन की कोठी के पास नाले में गंदगी उतराती मिली।

### मंसूर नगर में ढहा जर्जर मकान, फंसा परिवार


**अमृत विचार, ठाकुरगंज :** सआदतगंज क्षेत्र के मंसूर नगर में बारिश के बीच जर्जर मकान ढह गया। जानकारी मिलते ही रेस्क्यू टीम ने क्षतिग्रस्त मकान में रह रहे परिवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सआदतगंज के मंसूरनगर में गिरधारी सिंह इंटर कॉलेज के पास राजकुमार सपरिवार एक जर्जर मकान में रह रहे थे। सोमवार सुबह से हो रही बारिश में उनका मकान भरभरा कर ढह गया। उनके मकान की खस्ता हालत को देखकर पूर्व में नगर निगम ने भवन खाली करने की चेतावनी देते हुए नोटिस जारी किया था। बावजूद इसके राजकुमार ने मकान खाली नहीं किया था। इस हादसे के बाद पड़ोस के मकानों में भी दरारें आ गई हैं। जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस बल के साथ सिविल डिफेंस की टीम भी मौके पर पहुंचकर राहत–बचाव कार्य में जुट गई।



गिरधारी लाल इंटर कॉलेज के सामने गिरे मकान का मलबा और पास खड़े लोग।

### ट्रांसफार्मर का चबूतरा धंसा, करंट फैलने से एक और गाय की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** बारिश के कारण मौलवीगंज क्षेत्र में चबूतरा ढहने से ट्रांसफार्मर पलट गया। आसपास जलभराव होने से करंट फैल गया। करंट की चपेट में आने से एक गाय की मौत हो गई। बारिश के कारण सोमवार को भी शहर में कई जगह तार टूटने, शार्ट सर्किट, जंफर, पेटीफ्यूज की समस्या आने से 3 घंटे से अधिक बिजली आपूर्ति बाधित रही। मौलवीगंज क्षेत्र के महेश प्रसाद स्ट्रीट के पास ट्रांसफार्मर का चबूतरा ध्वस्त हो गया। चबूतरे के आसपास भरे पानी में ट्रांसफार्मर पलटने से करंट फैल गया। आसपास मौजूद लोग इधर उधर भागे, किंतु वहां से गुजर रही गाय करंट की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर उपकेंद्र पर सूचना देकर आपूर्ति को बंद कराई। करीब 15 हजार लोगों को 4 घंटे से अधिक बिजली संकट का सामना करना पड़ा। रविवार को शंकरपुरवा प्रथम के केशव विहार में करंट की चपेट में आकर चार गायों की मौत हो गई थी।



मौलवीगंज में बारिश से धंसे चबूतरे पर पलटा ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

### ठाकुरगंज अस्पताल में टपकी इमरजेंसी की छत और बलरामपुर अस्पताल में भर गया पानी

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय की इमरजेंसी में बरसात का पानी टपकता रहा। इससे काफी देर तक अव्यवस्था बनी रही। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय की इमरजेंसी टीन शेड के नीचे संचालित हो रही है। सोमवार को हुई बारिश से पानी टपकने लगा। इससे स्टाफ और मरीजों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सीएमएस डॉ.एसपी सिंह ने बताया कि कुछ हिस्से में पानी टपकने की शिकायत मिली है, जिसकी मरम्मत कराई जा रही है। इसके आलावा बलरामपुर अस्पताल के बाल रोग वार्ड के पास बच्चों के खेलने के ग्राउंड में पानी भर गया। वहीं, अस्पताल में स्थित दिव्यांग बोर्ड कार्यालय और पोस्ट ऑफिस के सामने पानी भरने से दिक्कत का सामना करना पड़ा।

### चिड़िया घर के पास खंभे पर जलने लगे केबल

चिड़ियाघर के पास लगे पोल में केबिल तार जलने लगे। इसके चलते आसपास अफरा–तफरी मच गई। लोगों की सूचना पर उपकेंद्र कर्मचारियों ने क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को बंद कर मरम्मत कार्य शुरु किया। करीब 2 घंटे बाद आपूर्ति को सामान्य किया जा सका। अपट्रान डिवीजन के नूरबाड़ी पावर हाउस के अंतर्गत दरगाह हजरत अब्बास रोड़ पर जेसीबी से खुदाई के दौरान 11000 हजार की भूमिगत केबल के कट गई। इसके चलते कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति देर शाम तक बाधित रही।



बलरामपुर अस्पताल में दिव्यांग बोर्ड के सामने भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

# सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़क के गड्ढे बारिश में बने जानलेवा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▶▶ जल निगम अभियंताओं ने जून में काम पूरा करने का दिया था आश्वासन

**अमृत विचार :** सीवर लाइन डालने एक वर्ष पहले खोदी गई सड़क जल निगम ने अभी तक नहीं बनाई। अब बारिश में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। पानी भरने से गड्ढों में गिरने से राहगीर चोटिल हो रहे हैं। सुभाष मार्ग से पांडेगंज होते हुए नाका जाने वाला मुख्य मार्ग बदहाल है।

गड्ढे होने से सड़क पर एक ओर से ही आवागमन हो रहा है, इससे दिन भर जाम लगता है। शाम को स्थिति ज्यादा गंभीर हो जाती है। सुभाष मार्ग से नाका पहुंचने में 10 मिनट की जगह एक घंटा लगता है। जल निगम के अभियंताओं की मनमानी से व्यापारियों में आक्रोश है। जल निगम के अभियंताओं ने सीवर लाइन डालने का काम लगभग एक वर्ष पहले शुरू कराया था।आठ महीने बाद भी काम पूरा नहीं हो पाया है।परेशान क्षेत्रीय व्यापारियों के धरना प्रदर्शन किया था। इस पर जल निगम ने जहां काम पूरा हो गया वहां पैच वर्क करा दिया था। किंतु पैच वर्क की गुणवत्ता ठीक न होने से कुछ दिन में सड़क जगह-जगह से बैठने लगी।

पहले जहां व्यापारी मिट्टी और धूल उड़ने से परेशान थे, वहीं अब बारिश में गड्ढों में पानी भरने से परेशान हैं। बारिश का पानी भरा होने से गड्ढों की गहराई का पता तक नहीं चलता। गड्ढों में पहिया जाने से वाहन पलट जाते हैं।



नवयुग तिराहे पर सीवर के लिए खोदी गई सड़क पर बने गड्ढे में भरा पानी।

जल निगम के अभियंता ने व्यापारियों को जून 2025 तक काम पूरा करने और सड़क बनाने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी काम पूरा होने की संभावना नहीं दिख रही है।

इस संबंध में जल निगम नगरीय निर्माण खंड तीन के अधिशासी अभियंता मोहम्मद अतहर ने कहा कि सड़क पर ब्लैक टॉप के कारण काम रुक गया है। अब बारिश के बाद शुरू हो पाएगा। सड़क बनाने का काम बारिश के बाद शुरू होगा। अभी जहां गड्ढे हैं वहां गिट्टी डलवाकर रोलर से बराबर करा दिया जाएगा।

#### बोले लोग

- पांडेगंज के व्यापारी सचिन अग्रवाल का कहना है कि बारिश से सड़क पर बने गड्ढों में पानी भर गया है, जिसमें गिरकर लोग चोटिल हो रहे हैं। जल निगम ने सीवर डालने के लिए एक साल पहले सड़क खोदी थी, जो अभी तक नहीं बनाई है। जबकि जल निगम के अभियंता ने जून तक सड़क बन जाने की बात कही थी।
- रकाबगंज क्षेत्र के व्यापारी नेता कुश मिश्रा का कहना है कि सड़क जगह–जगह खुदी पड़ी है। जल निगम ने कुछ जगह पैच वर्क कराया था जो जगह–जगह बैठ गया है। एक ही ओर से ट्रैफिक संचालित है, जिससे जाम लगता है

### ओल्ड मेडिसिन मार्केट में गिरा पेड़, बिजली हुई गुल

अमीनाबाद की ओल्ड मेडिसिन मार्केट में एक पुराना पेड़ अचानक गिर गया। पेड़ गिरने से कई मोटरसाइकिलें क्षतिग्रस्त हो गईं। यह घटना तकिया धामी शाह में हुई। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंच गया और राहत कार्य शुरू कर दिया। पेड़ की डालों की चपेट में आकर बिजली के तार टूट के नीचे गिर गए। पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति को बंद कर दी गई। बिजली सप्लाई को सामान्य करने के लिए कर्मचारी देर शाम तक मेंटीनेंस काम में जुटे रहे। वहीं चिनहट, राजाजीपुरम, बीकेटी, फैजुल्लागंज, गुडंबा, जानकीपुरम, सरोजनीनगर, नादरगंज, गोमतीनगर विस्तार, इंदिरानगर, अलीगंज, महानगर, चौक, अमीनाबाद, तेलीबाग सहित कई इलाकों में तारों के टूटने, शार्ट सर्किट सहित कई अन्य तकनीकी समस्याओं के कारण करीब 4 घंटे तक सप्लाई प्रभावित रही।

# दीन और अजादारी उलेमा की मेहनत से अवाम तक पहुंची

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इमामबाड़ा गुफरानमआब में मोहर्रम की चौथी मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना कल्बे जवाद ने दीन और अज़ादारी के प्रचार-प्रसार में उलमा के किरदार को याद दिलाया। उन्होंने कहा कि आज जितना दीन और अज़ादारी हम तक पहुंची है उसमें उलमा के किरदार को भुलाया नहीं जा सकता।

मदरसा नाजमिया में मौलाना हमीदुल हसन ने कहा कि दुआ अल्लाह से मोहब्बत देती है और जुल्म से नफरत देती है। जहां जहां दुआ करेंगे सामने कोई न कोई जुल्म दिखायी देगा। उन्होंने कहा कि अल्लाह अपनी मखलूक पर रहम करता है, वह चाहता है कि हर शख्स में रहम हो।विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित इमामबाड़ा सैयद आगा में मौलाना अख्तर अब्बास जौन ने कहा कि हमें हमेशा जहन्नुम से बचने की दुआ मांगना चाहिए। पैगम्बर इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब ने कहा कि ऐ अली तुम और तुम्हारे शिया कामयाब हैं। मगर वह शिया जो राहे अली इब्ने अबुतालिब पर चलते हों। अकबरी गेट स्थित इमामबाड़ा जन्नतमाब तकी साहब में मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि अल्लाह ने पैगंबरे इस्लाम की जिंदगी में ही गदीर के मैदान में अली की विलायत का एलान करवा कर यह इंतजाम कर दिया कि रसूल के बाद इमामत का सिलसिला जारी रहे, ताकि कयामत तक लोग गुमराही से दूर रहें।



नाजिम साहब के इमामबाड़े में मजालिस को खिताब करते मौलाना अली अब्बास खान।

### आग पर मातम आज

इमामबाड़ा शाहनजफ हजरतगज में मंगलवार को रात आठ बजे आग पर मातम होगा। इससे पूर्व मजलिस को मौलाना फरीदुल हसन खिताब करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन मासूमिया असगरिया ने किया है। कैम्पस मस्जिद आमली कश्मीरी मोहल्ला में रात 9 बजे आग पर मातम का होगा।

### औन व मोहम्मद के ताबूत आज

हजरत इमाम हुसैन की बहन शहजादी जनाबे जैनब के बेटों हजरत औन व हजरत मोहम्मद की याद में मंगलवार को कर्बला मुंशी फजले हुसैनी हैदरगंज में शाम 4 बजे उनके ताबूतों की जियारत करायी जायेगी। इससे पूर्व मौलाना अनवर हुसैन मजलिस को खिताब करेंगे। मजलिस के बाद ताबूत,अलम और जुलजनाह की जियारत होगी कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन ऐनुल अजा ने किया है।

### आकांक्षा ने कथक में तालियां बटोरी

**अमृत विचार:** बौद्ध शोध संस्थान के प्रेक्षागृह में हुए कार्यक्रम में कथक नृत्यांगना डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव और उनके साथी कलाकारों ने नृत्य की प्रस्तुति दी। नृत्यांगना डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव और उनकी शिष्याओं ने कथक नृत्य की विभिन्न प्रस्तुतियां देकर सराहना प्राप्त की। डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव ने गुरु नमन गुरु चरण पर शीश नवाऊं से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने अर्धांग अर्धांग भस्म भभूत पर कथक से माहौल को भक्तिमय बना दिया। तीसरी प्रस्तुति में परंपरागत कथक नृत्य को तीन ताल विलंबित, मध्य लय एवं द्रुत लय के साथ साथ थाट, आमद, टुकड़े, फरमाइशी, गिनती की तिहायियों एवं परन के जरिये कथक प्रेमियों की तालियां बटोरी।

# भागवत कथा में किया श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ श्रीरामलीला समिति महानगर द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**अमृत विचार:** श्री रामलीला समिति महानगर की ओर से रामलीला मैदान सेक्टर सी महानगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन पंडित अंकित शास्त्री महाराज ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया है। उन्होंने कहा कि कान्हा की लीलाओं की शुरुआत उनके जन्म के साथ ही शुरू हो जाती है। जन्म के उपरांत जब नंद और यशोदा ने कान्हा का लालन-पालन शुरू किया तो माता यशोदा का वात्सल्य देखते ही बनता है।

कान्हा द्वारा माता यशोदा को अपनी लीला से परेशान करना और माता यशोदा द्वारा कान्हा को लाड़ करना और उनके वात्सल्य को प्रकट करता है। श्री कृष्ण ने अपनी लीला से पूतना, शकटासुर ,त्रिणावर्त,यमलार्जुन और कालिया नाग जैसे असुरों का उद्धार किया। श्री कृष्ण की लीलाओं ने सिद्ध कर दिया कि वह कोई साधारण बालक नहीं है बल्कि पूर्ण परमेश्वर है। उनका प्रत्येक कार्य लीला में है जो भक्तों के लिए उपदेश आनंद और मोक्ष का मार्ग है। आचार्य अंकित शास्त्री कथा के क्रम को आगे बढ़ते हुए कहते हैं कि छप्पन भोग और गोवर्धन लीला का गहरा संबंध है ब्रज में एक परंपरा थी कि हर वर्ष देवराज इंद्र की पूजा होती थी जिससे समय से वर्षा हो। श्री कृष्ण ने यह सब देखा और लोगों से पूछा कि इंद्र की पूजा क्यों। तब उन्होंने ब्रजवासियों को समझाया कि हमें प्राकृतिक व्यवस्था गांव और गोवर्धन की पूजा करनी चाहिए क्योंकि वह हमारे जीवन के लिए आवश्यक है वर्षा तो स्वाभाविक रूप से होती है। इसके पहले समिति के अध्यक्ष ललित मोहन जोशी ने जनसमूह का स्वागत और नवीन पांडे और उनकी धर्मपत्नी ने पूजन किया। इस अवसर पर रामलीला समिति की सभी पदाधिकारी महासचिव हेम पन्त आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### क्रेडिट कार्ड से उड़ाये 70 हजार रुपये

**अमृत विचार, आलमबाग :** आलमबाग के आरतीनगर गढ़ी कनौरा निवासी प्रदीप कुमार के क्रेडिट कार्ड से जालसाजों ने 70 हजार रुपये साफ कर दिया। पीड़ित ने आलमबाग थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र सरोज के मुताबिक प्रदीप ने बताया कि 16 जून को एक कॉल आई। उसने एसबीआई क्रेडिट कार्ड का कर्मचारी बताया। बीमा कैंसिल करने के लिए एप डाउनलोड कराया। इसके बाद खाते से 70,891 रुपये साफ हो गये। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### पड़ोसी पर दर्ज कराई पीटने और धमकाने की रिपोर्ट

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर के न्यू रहीमाबाद के रहने वाले रवि प्रकाश जायसवाल ने पड़ोसी प्रमोद तिवारी पर मारपीट और धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रवि प्रकाश का कहना है कि उनके पड़ोस की एक लड़की को सांप काट लिया था। वह बिजनौर में ही शीतला माता मंदिर के पास अस्पताल में भर्ती है। रवि अस्पताल पहुंचे और लड़की से पूछने लगे कि नींद में कोई दिक्कत तो नहीं हो रही है। इसी बात पर प्रमोद मारपीट करने लगे। आरोप लगाया कि प्रमोद ने मारकर रवि का सिर फोड़ दिया। बिजनौर पुलिस ने मामले के रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दो गुटों में वर्चस्व की लड़ाई दहशत फैलाने को की फायरिंग

## चिनहट के मल्हौर पुरवा गांव की घटना, दो आरोपियों को दबोचा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चिनहट के मल्हौर पुरवा गांव में रविवार देर रात दो गुटों में वर्चस्व के लिए भिड़ंत हो गई। दोनों तरफ से असलहे निकले और हवाई फायरिंग कर इलाके में दहशत फैलाई गई। इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक स्कूटी मौके से बरामद की। इसके बाद देर रात को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अन्य की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

मल्हौर पुरवा गांव में रविवार रात करीब 9.30 बजे स्कूटी सवार और बिना नंबर की काले रंग की स्कार्पियो सवार लड़के एक दूसरे पर फायरिंग कर रहे थे। जिसकी सूचना इलाके के लोगों ने पुलिस को दी।



▸ अन्य की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

मौके पर पहुंची पुलिस को स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ लड़के कहासुनी के बाद फायरिंग करने लगे। भीड़ जुटने पर स्कूटी सवार लड़के स्कूटी छोड़कर फरार हो गए। जांच के दौरान पुलिस को एक खोखा व एक कारतूस मिला। मौके पर स्कूटी यूपी32 एमवाइ 4291 मिली। जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू की। जांच में स्कूटी सवार लड़कों की पहचान मानस मिश्रा, अनुराग और युवराज सिंह के रूप में हुई। जबकि स्कार्पियो सवार की पहचान शेखर कौशल और अमितेश यादव के रूप में हुई। सभी आपराधिक किस्म के व्यक्ति है, जो आपसी रंजिश को लेकर आपस मे भिड़ गए। दहशत फैलाने के लिए इलाके में अवैध हथियार से जमकर फायरिंग की हालांकि इस घटना में किसी के घायल होने की बात सामने नहीं आई है।

इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक स्कार्पियो सवार शेखर और अमितेश यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना में इस्तेमाल स्कार्पियो बरामद की है। फरार आरोपित मानस मिश्रा, युवराज व अनुराग की तलाश में दबिश दी जा रही है। मानस मिश्रा चिनहट में पूर्व में हुई गोली बारी की घटना में वांछित है, अन्य लोगों पर भी गंभीर धाराओं में मामले दर्ज है।

### मोबाइल रजिस्टर्ड कराने के नाम पर उड़ाए 4.51 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** महिगवां निवासी विधवा से पड़ोसी ने 4 .51 लाख रुपये ठग लिये। आरोप है कि कुछ दिन पहले वह जमीन बेची थी। रकम खाते में पड़ी थी। जानकारी होने पर पड़ोसी ने मोबाइल रजिस्टर्ड कराने के नाम पर गोपनीय जानकारी हासिल कर खाते से रकम निकाल ली। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

महिगवां के मवई कला निवासी सुधा श्रीवास्तव के मुताबिक उनके पति की मौत 25 वर्ष पूर्व हो चुकी है। उनकी कोई औलाद नहीं है। सहारे के लिए अपने मायके में अपने सगे भतीजे प्रियांशु और हिमांशु के साथ रहती हैं। उन्होंने अपने नाम की जमीन ससुराल मवई कला में बेची थी। जिसका काफी रुपया खाते में पड़ा था। कुछ काम से मायके गई थी। ससुराल के मकान का पड़ोसी सचिन कुमार अलग-अलग बैंक में मोबाइल रजिस्टर्ड और एफडी कराने के बहाने से गोपनीय जानकारी हासिल की। इसके बाद खाते में जमा 4,51,000 रुपये आरटीजीएस करा लिया। कुछ रुपये उसने नकदी भी ली थी। जब जानकारी हुई तो रकम वापस मांगा, इस पर वह टालमटोल करने लगा। एसओ महिगवां शिवमंगल सिंह के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# छह के खाते से उड़ाये 3.84 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** साइबर जालसाजों ने एयरफोर्स के वारंट ऑफिसर समेत छह के खाते से 3.84 लाख रुपये साफ कर दिये। जालसाजों ने किसी को लिंक भेजा, किसी को धमकाकर ठगी की। पीड़ितों ने बीकेटी, सआदतगंज, वजीरगंज, अलीगंज, मड़ियांव और आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

भारतीय एयर फोर्स में जूनियर वारंट ऑफिसर के पद पर तेजिंदर सिंह तैनात है। वह बीकेटी स्थित एयरफोर्स परिसर में ही रहते हैं। उनके मुताबिक उनके पास 23 जून की शाम को एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने नया क्रेडिट कार्ड के लिए अप्लाई करने का लिंक भेजा। जैसे उसे खोला तो लिमिट चेक करने करने कहा। इसके बाद जालसाज ने खाते से 1,32,382 लाख रुपये की फ्लिपकार्ड से खरीददारी कर डाली। मैसेज आते ही उन्होंने तत्काल कार्ड ब्लॉक कराया। इसके बाद साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत की। पीड़ित ने बीकेटी

▸ बीकेटी, सआदतगंज, वजीरगंज, अलीगंज, मड़ियांव और आशियाना थाने में दर्ज हुई रिपोर्ट



थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

इसी तरह सआदतगंज की निष्किता पोरवाल के खाते से 26 मई को दो बार में 11 हजार रुपये कट गये। ठगी की शिकायत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर की। सआदतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया। उधर, अलीगंज निवासी नेहा कुमार के मुताबिक 21 जून को छह बजे जालसाज ने कॉल कर उनके खाते से 49,500 रुपये निकाल लिये। यह रकम पेटीएम के जरिये चार बार में निकाले गये। दूसरे दिन साइबर क्राइम सेल में शिकायत की। जहां पुलिसकर्मियों की मदद से 41, 293 रुपये होल्ड करा दिया गया। इसी तरह वजीरगंज के गोलागंज निवासी जुहैर अब्बास के मुताबिक उनको एक वर्ष पूर्व एक जुलाई 2024 को फरमान नाम के मित्र ने संकट में होने की बात कहकर 50 हजार रुपये मांगे। बताये गये खाते में दो बार में रुपये ट्रांसफर कर दिया। जब मित्र से संपर्क किया तो पता चला कि उनकी आईडी हैक कर ली गई थी। पीड़ित ने वजीरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मड़ियांव के फैजुल्लागंज निवासी वैभव वर्मा के मुताबिक 27 जून की रात को उनको एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने जीजा बनकर पैसे खाते में ट्रांसफर करने को कहा। इसके बाद यही रुपये उनके खाते में भेजने की बात कही। बातो में फंसकर खाते से यूपीआई के जरिये 71500 रुपये ट्रांसफर कर दिये। पर, उसके खाते में रुपये आये ही नहीं। इस पर मड़ियांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।उधर, आशियाना के सेक्टर-जी निवासी धनंजय सिंह के क्रेडिट कार्ड से जालसाजों ने 69700 रुपये साफ कर दिये। घटना 13 अप्रैल की है। पीड़ित ने आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों का नहीं निरस्त हो रहा वाहन पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** एक वर्ष में पांच या पांच बार से अधिक बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले 13919 वाहनों का पंजीकरण निलंबित करने के लिए ट्रैफिक विभाग ने आरटीओ कार्यालय को सूची भेजी है लेकिन इसके बावजूद भी पंजीकरण निलंबित की कार्रवाई नहीं हुई है।

आरटीओ का कहना है कि 10 हजार वाहन स्वामियों को नोटिस भेजा जा चुका है। शीघ्र ही निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार 13919 वाहनों में कॉमर्शियल वाहनों सहित निजी वाहन भी शामिल हैं। इनके चालान शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में किए

▸ 10 हजारह वाहन स्वामियों को भेजा जा चुका है नोटिस

गए हैं। विभाग का कहना है कि किन वाहनों के पांच या पांच से अधिक चालान कितने माह में किए गए हैं, इसका आंकलन अलग से नहीं किया गया है। आरटीओ कार्यालय के अनुसार ट्रैफिक पुलिस की तरफ से जब-जब सूची आती है, तब पंजीकरण निलंबन की प्रक्रिया शुरू करते हुए वाहन स्वामी को नोटिस भेजा जाता है। मोटर व्हीकल एक्ट के अधिनियम 53 के तहत निलंबन के लिए वाहन स्वामी को छह माह का नोटिस दिया जाता है। उस अवधि में कोई जवाब नहीं मिलने पर पंजीकरण निलंबित कर दिया जाता है।

पांच या पांच से अधिक बार 13919 वाहनों के चालान किए जा चुके हैं। इन सभी की आरसी निलंबित या निरस्त करने के लिए आरटीओ कार्यालय को सूची भेजी जा चुकी है। किसी भी वाहन के पंजीकरण निलंबित या निरस्त किए जाने की सूचना नहीं है।

**-कमलेश दीक्षित, डीसीपी ट्रैफिक**

ट्रैफिक विभाग की ओर से 13 हजार से अधिक वाहनों के पंजीकरण निलंबन किए जाने के लिए सूची आई है। इसमें से 10 हजार वाहन स्वामियों को नोटिस भेजा चुका है। इसमें 2500 वाहनों के पंजीकरण निलंबित किए जाने की प्रक्रिया चल रही है।

**-संजय तिवारी, आरटीओ प्रशासन**

### मुझे मत तलाशना मैसेज कर किशोरी घर से निकली, लापता

**अमृत विचार , आलमबाग :** कृष्णानगर एलडीए सचिवालय कालोनी में रहने वाले मुख्यमंत्री के सुरक्षाकर्मी की 16 वर्षीया बेटी सोमवार तड़के घर से कहीं चली गई। वह अपने साथ भगवान की प्रतिमा लेकर गई है। पिता व मां को वायस मैसेज भेजा। जिसमें कहा कि वह भगवान के पास जा रही है। उसकी तलाश न करें। पिता ने कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। सचिवालय कालोनी के मुकेश सिह के अनुसार वह मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनात है। सोमवार तड़के उनकी 16 वर्षीया पुत्री हरिप्रिया सिंह घर से छोटी मुर्ति भगवान विष्णु व लक्ष्मी जी प्रतिमा लेकर घर से निकल गयी। मैसेज करके बताया कि वह भगवान के पास जा रही मुझे मत खोजना। जिसके चलते उन्होंने अपनी लापता पुत्री की खोजबीन करने के बाद स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार तलाश की जा रही है।

# हादसों में चार वर्षीया बच्ची समेत दो की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मड़ियांव और राजाजीपुरम इलाके में हुए दो सड़क हादसे में चार वर्षीया मासूम बच्ची समेत दो की मौत हो गई। मड़ियांव में तेज रफ्तार बाइक ने ई-रिक्शा में टक्कर मारी। हादसे में ईशा (4) के सिर में गंभीर चोट आई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां मौत हो गई। वहीं, राजाजीपुरम इलाके में इलेक्ट्रॉनिक दुकानदार अखिलेश कुमार (49) को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई।

केशवनगर, मड़ियांव निवासी अभिषेक सिंह ई-रिक्शा चालक हैं। अभिषेक आईआईएम रोड के पास घर बनवा कर रहे हैं। रविवार शाम अपने ई-रिक्शा से बहन खुशी, मामी रेखा, मामी अनीता, छोटे भाई की पत्नी सुभाषिनी व

▸ मड़ियांव और राजाजीपुरम इलाके में हुई घटना




बेटी ईशा के साथ प्लॉट पर गए थे। वहां रात करीब 9 बजे लौट रहे थे। भिठौली क्रासिंग के पास पहुंचे थे। तभी तेज रफ्तार आर-15 बाइक के चालक ने ई-रिक्शे में टक्कर मार दी। टक्कर की वजह से ई-रिक्शा पलट गया। जिसमें सबको मामूली चोट आई लेकिन ईशा के सिर में चोट लग गई। जिसे इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। ईशा घर की इकलौती बेटी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**ट्रैक्टर की चपेट में आने से इलेक्ट्रॉनिक दुकानदार की मौत**

बादशाह खेड़ा आलमनगर निवासी अखिलेश कुमार राजाजीपुरम में टेम्पो स्टैंड के पास इलेक्ट्रॉनिक आईटम की दुकान चलाते थे। सोमवार सुबह दुकान का सामान लेने निकले थे। दुकान के कुछ दूर पहले ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी। चालक ने भागने के दौरान पहिया उनके सिर पर चढ़ा दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिवार में पत्नी पूनम और चार बेटी-एक बेटा है।

### सड़क हादसे में मामा की मौत, भांजा घायल

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** मोहनलालगंज कस्बा स्थित सीएचसी मोड़ पर सोमवार देर शाम तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार मामा-भांजे को टक्कर मार दी। हादसे में दोनो गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान मामा की मौत हो गई। मोहनलालगंज के हुलासखेड़ा निवासी सूरज (23वर्ष) गोसाईंगंज परेहटा निवासी मामा बाबू (31वर्ष) के साथ बाइक से पीजीआई के ऊसर बरौली अपनी मौसी के घर से वापस आ रहा था। मोहनलालगंज कस्बे में स्थित सीएचसी मोड़ के पास पहुंचा ही था। तभी लखनऊ से रायबरेली जा रही तेज रफ्तार एसी जनरथ बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार मामा-भांजे घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को सीएचसी लेकर गयी। जहां डाक्टर ने हालत गम्भीर देख इलाज के लिये ट्रामा टू रेफर कर दिया। ट्रामा टू में इलाज के दौरान बाबू की मौत हो गयी। इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया दुर्घटना करने वाली जनरथ बस को कब्जे में ले लिया गया है।

# युवती की फोटो व वीडियो वायरल, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कमता इलाके में रहने वाली युवती की फोटो व वीडियो एडिट कर इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर वायरल की गई। उसमें युवती का मोबाइल नंबर भी दर्ज किया गया। नंबर मिलते ही अराजक लोगों ने उसे कॉल कर अश्लील बातें की। परेशान युवती ने चिनहट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चिनहट के कमता इलाके में एक युवती रहती है। उसने पुलिस को बताया कि उसके नाम से इंस्टाग्राम पर पर फेक आईडी बनाई गई है। पीड़िता की फोटो और वीडियो एडिट करके उस फेक आईडी पर अपलोड की जा रही है। साथ ही पीड़िता का मोबाइल नंबर भी

▸ फेक आईडी बनाकर इंस्टाग्राम पर किया था वायरल, चिनहट पुलिस कर रही जांच

इंस्टाग्राम की आईडी पर डाल दिया गया है। पीड़िता को सेक्स वर्कर की तरह पेश किया जा रहा है। पीड़िता ने नासिर खान नाम के युवक यह सब करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मोबाइल नंबर भी इंस्टाग्राम आईडी पर पड़े होने के कारण उसके पास लोगों के कॉल आ रहे हैं। लोग उससे अश्लील बातें कर रहे हैं। पीड़िता मानसिक रूप से काफी परेशान है। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चन्द्र मिश्रा के मुताबिक पीड़िता के आरोपों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है।

# सास-ससुर समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** महानगर के न्यू हैदराबाद इलाके में निजी कंपनी कर्मचारी विष्णु कामता प्रसाद वर्मा की खुदकुशी के मामले में मां ने सास-ससुर समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि विष्णु की पत्नी की मौत बीमारी से हुई थी। इस मामले में उसे लगातार ब्लैकमेल कर संपत्ति हड़पना चाहते थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विष्णु कामता की मां राधा रानी के मुताबिक शनिवार सुबह सात बजे वह मंदिर गई थी। आधे घंटे बाद वापस आकर ऊपर के कमरे में बेटे विष्णु को देखने गई तो वह फंदे से लटका था। राधा ने पास में रहने वाली बेटी और पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। राधा के मुताबिक विष्णु की पत्नी शालिनी की मौत आठ अप्रैल को बीमारी से हुई थी।

▸ निजी कंपनीकर्मी कामता प्रसाद वर्मा की खुदकुशी का मामला

पर, ससुर भारत सोनी, सास ममता सोनी, साले आकाश और संतोष सोनी सिविल अस्पताल पहुंचे और मेरे बेटे पर हमला कर दिया। पूरा परिवार मेरे घर आकर भी विवाद करने लगा। जबरदस्ती घर से सारे जेवर उठाकर ले गये। रोज कॉल कर धमकी देते थे। ससुराल के लोग जमीन और मकान अपने नाम करने का दबाव बना रहे थे। इसी मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर बेटे ने अपनी जान दे दी। सुसाइड नोट में साफ लिखा कि मेरी बेटी रिधिमा को जबरदस्ती ले गये है। रोज मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे है, इसी कारण आत्महत्या कर रहा हूं। पुलिस विष्णु की मां राधा की तहरीर पर ससुरा भारत सोनी, सास ममता, साले आकाश, संतोष व उसकी पत्नी कंचन पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अश्लील मैसेज भेजने वाले युवक पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, निगोहां :** निगोहां इलाके की एक गांव में रहने वाली युवती को अश्लील मैसेज भेजने वाले पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। आरोपी ने फर्जी आईडी बनाकर फेसबुक और इंस्टग्राम से अश्लील मैसेज करता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवती ने शनिवार को थाना समाधान दिवस पर डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल से शिकायत की। युवती एक रियल एस्टेट कंपनी में नौकरी करती है। उसने फेसबुक और इंस्टाग्राम पर कोई आईडी नहीं बनाई है। कल्ली पश्चिम निवासी अमित यादव पिछले छह माह से उसके नाम से फेसबुक और इंस्टाग्राम आईडी बनाकर कंपनी के दो नंबर व उसका मोबाइल नंबर डाल रखा है। जिसके कारण फेसबुक से जुड़े नंबरों से उसके पास अश्लील कॉल व मैसेज आते हैं। जिससे वह काफी परेशान है।

### भूमि विवाद में दो भाइयों पर हमला

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर में भूमि विवाद में दो भाइयों पर हमला कर दिया गया। इस मामले में पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नूरनगर भदरसा निवासी अभय सिंह के मुताबिक 28 जून को उनके भाई सनी यादव उर्फ धनंजय सिंह की दुबग्गा निवासी हिमांशु सिंह से जमीन के रुपये को लेकर कहासुनी हुई। इस दौरान जान से मारने की धमकी दी गई। हिमांशु, सुधांशु और उनके पिता ज्ञान सिंह, बीकेटी स्थित रायसिंहपुर निवासी सचिन, पारा के संदीप और आधा दर्जन अन्य लोग कार में सवार होकर बिजनौर पहुंचे। हनुमान मंदिर के पास अभय और सनी पर हमला कर दिया। हमले में दोनों चोटिल हो गये। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटे तो आरोपी वहां से भाग निकले। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

# जमीन के नाम पर ठगे 8.8 लाख प्रॉपर्टी डीलर पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चिनहट के कंचनपुर मटियारी में जमीन के नाम पर प्रॉपर्टी डीलर ने ठगी की। पीड़िता ने चिनहट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि प्रॉपर्टी डीलर हितेश कुमार सिंह उर्फ दीनू यादव ने जमीन के नाम पर 8.80 लाख एडंवास लिये। इसके बाद जमीन की रजिस्ट्री नहीं की। दबाव बनाने पर धमकाने लगे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गोमतीनगर विनय खंड निवासी माला विश्वकर्मा के मुताबिक उन्होंने एक वर्ष पूर्व कंचनपुर मटियारी निवासी प्रॉपर्टी डीलर हितेश कुमार सिहं उर्फ दीनू यादव से माती में एक हजार वर्गफीट जमीन का सौदा किया। इसके लिए उन्होंने नकदी व खाते में कुल

▸ रजिस्ट्री करने के नाम पर एक वर्ष से टरका रहा था प्रॉपर्टी डीलर

8,80,000 रुपये दिये। इसके बाद रजिस्ट्री करने के लिए कहा गया तो हितेश बार-बार टालमटोल करता रहा। यहां तक कि रजिस्ट्रार कार्यालय में बुलाकर वह खुद नहीं पहुंचा। इसके बाद हितेश ने जमीन का दाम 400 रुपये वर्गफीट बढ़ा दिया। अतिरिक्त रकम की मांग करने लगा। विरोध करने पर रुपये भूल जाने और जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़िता ने इसकी शिकायत डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह से की। इसके बाद चिनहट थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

**कार्रवाई** | एक्सप्रेस वे टोल प्लाजा पर रोके जाने पर लहराया असलहा

# आगरा में ताज महल के पास फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आगरा ताजमहल घूमने गये एलआईसी एजेंट ने लाइसेंसी असलहे से सोमवार सुबह फायरिंग कर दी। फायरिंग के कारण पर्यटकों में अफरा-तफरी मच गई। वहां से भागकर आरोपी लखनऊ आ रहा था। आगरा एक्सप्रेस वे टोल प्लाजा के पास पुलिस ने कार को जांच के लिए रोक तो चालक के पास बैठे युवक ने असलहा लहराते हुए फायरिंग की धमकी। वहां से भाग निकला। तत्काल पूरे कमिश्नरेट में अलर्ट जारी किया गया। आपरेशन आल आउट लागू होते ही तलाशी शुरू हुई। काकोरी और मानकनगर पुलिस ने कार समेत आरोपियों को दबोच लिया। कार से पुलिस ने लाइसेंसी पिस्टल, कार, कारतूस समेत अन्य माल बरामद किया। पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सेंगर ने बताया कि दोनों के खिलाफ आगरा के ताजगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज है।

▸ आलआउट आपरेशन के तहत काकोरी व मानकनगर पुलिस ने दबोचा

पुलिस आयुक्त ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित आजमगढ़ के महाराजगंज रामपुर निवासी पंकज कुमार सिंह और आगरा के बरहन आमल खेड़ा निवासी योगेश चौहान है। बताया कि आगरा पुलिस ने सूचना दी थी कि ग्रे रंग की कार(डीएल 4सी एडब्ल्यू 7152) में सवार व्यक्ति ताजमहल के पास फायरिंग कर भागा है। आगरा एक्सप्रेस-वे होते हुए आ रहा है। इसके बाद से काकोरी पुलिस टोल प्लाजा पर चेकिंग कर रही थी। तभी टोल बैरियर के पास ग्रे रंग की कार को रोका गया तो चालक से नाम पूछा गया तो योगेश चौहान बताया। उससे पूछताछ की जा रही थी कि तभी कार में बैठा योगेश का साथी पंकज कुमार सिंह ड्राइविंग सीट पर आकर बैठा और असलहा लहरा कर तेज रफ्तार में टोल गेट तोड़ते हुए भागने लगा। यह देख पूरे शहर में अलर्ट जारी कर दिया गया। उसके साथी से फरार व्यक्ति का मोबाइल नंबर मिला, तो उसे सर्विलांस पर लगाया गया। इस दौरान उसकी लोकेशन मानकनगर में आरके मैरिज लान के पास पकड़ लिया गया। दोनों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पंकज ने पूछताछ में बताया कि वह भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआइसी) में काम करता है। बताया कि आगरा गया था, जहां से घूमने के लिए गाडी बुक की थी। घूमने के दौरान लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग कर दी। उसी कार से भागने लगा। गाड़ी के ड्राइवर से पूछताछ की जा रही थी कि पुलिस देखकर भागने लगा था। आगे की कार्रवाई के लिए आगरा पुलिस को संपर्क कर बुलाया गया।

### बिग्स फायर रेस्टोरेंट का मालिक गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज पुलिस ने सोमवार को ट्रांसजेंडर के लाखों रुपये हड़पने और यौन शोषण करने के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये इनाम घोषित किया था।थाना प्रभारी हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम टीम की मदद से आरोपित हरदाई अतरौली निवासी अभिषेक सिंह को बड़ा इमामबाडे.से गिरफ्तार किया गया है। पीड़ित ने आरोपित के खिलाफ 17 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को चकमा देकर आरोपित फरार चल रहा था। पुलिस के मुताबिक आरोपित और ट्रांसजेंडर पूर्व से परिचित हैं। व्यापार में घाटा होने पर आरोपित ने पीड़ित से 3 लाख रुपये उधार लिए थे। वापस मांगने पर आरोपित ने तीन दोस्तों के साथ पीड़ित की पिटाई की। गाली-गलौज का विरोध करने पर आरोपित ने पिस्टल दिखाकर पीड़ित को जानमाल की धमकी दी। पीड़ित ट्रांसजेंडर ने आरोपित के खिलाफ यौन शोषण का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर ने आरोपित की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

### तेल भरवाया, गाड़ी किनारे करने के बहाने भाग निकला चालक

**अमृत विचार, लखनऊ:** दुबग्गा इलाके में स्थित एक पेट्रोल पंप पर ट्रक चालक ने 12 हजार रुपये का तेल भरवाया। इसके बाद गाड़ी किनारे लगाने की बात कहकर भाग निकला। पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने पीछा किया लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित पंपकर्मियों ने दुबग्गा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

दुबग्गा स्थित पंकज सर्विस स्टेशन पेट्रोल पंप के मैनेजर विनोद शर्मा ने थाने में तहरीर दी। जिसके मुताबिक 24 जून को एक ट्रक जिसका नंबर एमएच40 सीटी1661 रात करीब 11.23 बजे पहुंचा। ट्रक में चालक ने 12 हजार रुपये का डीजल डलवाया। इसके बाद गाड़ी किनारे खड़ा करने की बात कहकर स्टार्ट की। अभी कर्मचारी कुछ समझ पाते चालक ट्रक लेकर भाग निकला। पंप के कर्मचारियों ने उसका कुछ दूर तक पीछा किया लेकिन देखते-देखते आंखो से ओझल हो गया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

# अकाउंटेंट व महिलाकर्मी पर 24 लाख गबन की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रोनेशन इंफोटेक कंस्ट्रक्शन कंपनी के अकाउंटेंट ने महिला कर्मी के साथ मिलकर कंपनी खाते से कई बार में 24 लाख रुपए निकाल लिए। जिसका प्रयोग निजी कार्य में किया। जानकारी होने पर कंपनी के सहायक निदेशक की तहरीर पर वजीरगंज पुलिस अकाउंटेंट व महिला कर्मी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इंदिरानगर के प्रकाश लोक सोसाइटी निवासी रईस प्रोनेशन इंफोटेक कंस्ट्रक्शन कंपनी मंप सहायक निदेशक हैं। कंपनी के निदेशक वफा अब्बास हैं। रईस ने मुकदमा दर्ज कराया कि कंपनी कंस्ट्रक्शन का काम करती है। कंपनी में सआदतगंज निवासी फहीम अब्बास काफी समय अकाउंट का काम देख रहा था। फहीम ने कंपनी के कूटरचित वाउचर बनाए, जिस पर निदेशक

▸ प्रोनेशन इंफोटेक कंस्ट्रक्शन कंपनी के सहायक निदेशक ने वजीरगंज थाने में की शिकायत




के फर्जी हस्ताक्षर भी थे। उसने कर्मचारी मुन्नी के साथ मिलकर आठ मई 2024 से लेकर 19 नवंबर 2024 तक कंपनी के बैंक खाते से 24 लाख रुपये निकाल लिए। ऑडिट के दौरान इस हेरफेर का पता चला। फहीम से जब पूछताछ की गई तो उसने हेराफेरी करने की बात स्वीकार की। पर रुपए लौटा नहीं रहा है। दबाव बनाने पर वह जान से मारने की धमकी दे रहा है। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### युवती से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊः** नाका पुलिस ने युवती को प्रेम जाल में फंसाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर नाका वीरेंद्र त्रिपाठी के मुताबिक युवती ने 2022 में सुशांत गोल्फ सिटी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला नाका ट्रांसफर होकर आया था। पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह आरोपित वजीरगंज कुंडरी रकाबगंज निवासी राहुल मिश्रा को नाका चौराहे से गिरफ्तार किया गया है। आरोपित और पीड़ित युवती पूर्व में एक निजी संस्थान में काम करते थे। आरोपित ने पीड़िता को प्रेम जाल में फंसाया। नजदीकियां बढ़ने पर युवती से शारीरिक संबंध बनाए और उससे शादी की थी। पुलिस के मुताबिक पीड़िता का आरोप है कि राहुल पूर्व से ही शादीशुदा है। इसका विरोध करने पर आरोपित ने पीड़िता की पिटाई कर दी। पीड़िता ने आरोपित के खिलाफ दुराचार समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित ने युवती से शादी की है, इसकी जांच की जा रही है।

## एक नजर

### भाषा विवि में आज मनाया जाएगा डॉक्टर दिवस

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा डॉक्टर दिवस का आयोजन आज किया जाएगा। इस अवसर पर चिकित्सा से जुड़े छात्रों को समाज की सेवा का मंत्र दिया जाएगा। कुलपति प्रो. अजय तनेजा (मुख्य संरक्षक) के मार्गदर्शन में तथा प्रो. शालिनी त्रिपाठी, निदेशक, फार्मेसी संकाय (आयोजक) के संयोजन में यह विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर सम्मान समारोह और हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें चिकित्सकों के योगदान को सम्मानित किया जाएगा। विश्वविद्यालय परिवार के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं से इस आयोजन में सहभागी बनने का आह्वान किया गया है।

### लविवि दर्शन शास्त्र विभागाध्यक्ष बने प्रो. राजेश्वर प्रसाद यादव

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली के परिनियम 2.20 (यथा संशोधित) के अंतर्गत प्रो. राजेश्वर प्रसाद यादव को दर्शनशास्त्र विभाग का नया विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह दायित्व उन्हें 1 जुलाई की पूर्वान्ह से आगामी तीन वर्षों की अवधि के लिए अथवा अधिवर्षता आयु प्राप्ति तक अथवा विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी किसी अन्य आदेश तक, जो भी पहले लागू हो, तक के लिए सौंपा गया है। प्रो. यादव अपने विषय में गहन ज्ञान और वर्षों के शैक्षणिक अनुभव के लिए जाने जाते हैं। उनके नेतृत्व में विभाग के अकादमिक व अनुसंधान कार्यों में और भी गुणवत्ता आने की उम्मीद है।



# बीबीएयू : पीजी प्रवेश काउंसलिंग की समय-सारणी जारी

## तीन चरणों में होगा दाखिला, कक्षाएं 1 अगस्त से शुरू, ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में होगी काउंसलिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार:** बाबासाहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातकोत्तर (पीजी) में प्रवेश हेतु ऑनलाइन काउंसलिंग की विस्तृत समय-सारणी जारी कर दी है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार काउंसलिंग प्रक्रिया को तीन चरणों में विभाजित किया गया है, जिसके बाद रिक्त सीटों के लिए स्पॉट काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण की मेरिट सूची 7 जुलाई को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी, जबकि दस्तावेज़ सत्यापन और शुल्क चालान का सृजन 8 जुलाई को किया जाएगा। अभ्यर्थी 10 जुलाई तक शुल्क जमा करके अपने प्रवेश की पुष्टि कर सकते हैं। इसके पश्चात 11 जुलाई को प्रथम चरण की रिक्त सीटों की घोषणा होगी।

दूसरे चरण में मेरिट सूची 14 जुलाई को जारी की जाएगी और 15 जुलाई को चालान सृजन और दस्तावेज़ सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस चरण में शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 17 जुलाई है, जबकि द्वितीय चरण की रिक्त सीटों की घोषणा 18 जुलाई को की जाएगी। तीसरे चरण की मेरिट सूची 21 जुलाई को जारी की जाएगी और दस्तावेज़ सत्यापन व चालान सृजन 22 जुलाई को होंगे। तीसरा चरण में शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 24 जुलाई निर्धारित की गई है, जबकि 25 जुलाई को तृतीय चरण की रिक्त सीटों की घोषणा की जाएगी।

**सिर्फ ऑनलाइन जमा होंगे शुल्क:** विश्वविद्यालय ने कहा है कि सभी शुल्क केवल ऑनलाइन माध्यम से संबंधित चालान के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। समर्थ पोर्टल से जनरेट चालान के अतिरिक्त कोई अन्य माध्यम मान्य नहीं होगा। अभ्यर्थियों को यह सलाह दी गई है कि वह समय-समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.bbau.ac.in/ से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करते रहें।

### सीयूईटी और नॉनसीयूईटी के लिए पंजीकरण प्रक्रिया

सीयूईटी और नॉनसीयूईटी दोनों श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए 5 अगस्त से 13 अगस्त तक रिक्त सीटों के विरुद्ध पंजीकरण की प्रक्रिया खुलेगी। इसके बाद 14 अगस्त को स्पॉट काउंसलिंग-II का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दस्तावेज सत्यापन और चालान सृजन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। अंतिम रूप से प्रवेश की पुष्टि के लिए शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 16 अगस्त तय की गई है।

### एक अगस्त से शुरू हो जाएंगी कक्षाएं

प्रथम, द्वितीय और तृतीय इन तीनों चरणों की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात 31 जुलाई को अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों का अंतिम सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 1 अगस्त से स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष की कक्षाएं प्रारंभ कर दी जाएंगी। जिन अभ्यर्थियों का निर्धारित समय में किसी कारणवश प्रवेश नहीं हुआ उनके लिए विश्वविद्यालय ने स्पॉट काउंसलिंग-I का आयोजन केवल सीयूईटी अभ्यर्थियों के लिए 30 और 31 जुलाई को किया है। जिसमें दस्तावेज सत्यापन और चालान सृजन की प्रक्रिया की जाएगी। अभ्यर्थियों को 2 अगस्त तक शुल्क जमा करना होगा। इसके बाद 4 अगस्त को रिक्त सीटों की जानकारी वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी।

# सामाजिक शोध में तकनीकी महत्व पर प्रशिक्षण देने की पहल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारतीय समाजशास्त्रीय परिषद के तत्वावधान में 24 जून से 30 जून तक एक सात दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य सामाजिक विज्ञान के विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों को सॉफ्टवेयर के बुनियादी और व्यावहारिक उपयोग का प्रशिक्षण देना था। कार्यशाला में तकनीकी विषयों को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में सरल भाषा में समझाया गया, जिससे यह दोनों माध्यमों के प्रतिभागियों के लिए समान रूप से उपयोगी सिद्ध हुई।

यह आयोजन देश की विभिन्न समाजशास्त्रीय संस्थाओं जैसे नॉर्थ वेस्ट इंडियन सोशियोलॉजिकल एसोसिएशन, राजस्थान, मध्यांचल, मराठी, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश की समाजशास्त्र परिषदों के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यशाला के संरक्षक प्रो. मैत्रेयी चौधरी और प्रो. श्वेता प्रसाद रहे, जबकि संयोजक की जिम्मेदारी प्रो. अंशु केडिया ने निभाई। कार्यशाला में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों से प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यशाला आयोजन में डॉ. शाम्भवी मिश्रा, प्रो अर्चना सिन्हा, डॉ. नेहा कुमारी, डॉ. सुचित्रा शर्मा, डॉ. एस के दल, डॉ. अर्चना पांडेय, डॉ. जिया जाफरी, डॉ. प्रज्ञा चतुर्वेदी, गौरव मिश्रा शोध छात्राएं आशना वर्मा, जेबा अंजुम, शशि रावत, नेहा कनौजिया, राज नंदिनी, अदिति सिंह आदि ने अपना सहयोग दिया।

# यूपी बोर्ड की इंप्रूवमेंट और कंपार्टमेंट परीक्षा 19 को

कार्यालय संवादाता, लखनऊ

- 46 हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की ओर से वर्ष-2025 की हाईस्कूल इंप्रूवमेंट और कंपार्टमेंट व इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट की लिखित परीक्षा 19 जुलाई को होंगी। परीक्षा के लिए 46,360 विद्यार्थियों ने आवेदन किए हैं। हाईस्कूल इंप्रूवमेंट व कंपार्टमेंट परीक्षा सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक और इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट की परीक्षा दूसरी पाली में दो बजे से 5:15 बजे तक होगी। हाईस्कूल में कंपार्टमेंट व इंप्रूवमेंट के लिए 20,759 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। इनमें मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय के तहत 5283, बरेली के 4142, प्रयागराज के 2575, वाराणसी के 6613 व गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय के तहत 2146 आवेदन शामिल हैं।

इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए आए कुल 25,501 आवेदन आए हैं। इसमें से मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय के 5291, बरेली के 3092, प्रयागराज के 6978, वाराणसी के 6973 व गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय के 3167 आवेदन शामिल हैं।

बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने निर्देश दिया है कि सभी परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थी, केंद्र व्यवस्थापक, अध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के अतिरिक्त बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतया वर्जित रहेगा। इस दौरान वाइस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे और राउटर क्रियाशील रहेंगे। केंद्र व्यवस्थापक की जिम्मेदारी होगी कि परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार पर परीक्षार्थियों की अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने पाए। परीक्षा कक्ष के भीतर परीक्षार्थियों को मोबाइल, स्मार्ट वॉच या किसी भी प्रकार के अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण वर्जित रहेंगे।

साथ ही मुख्य परीक्षा के तरह ही परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्रों के रखरखाव की व्यवस्था निर्धारित स्ट्रॉन्ग रूम के डबल लॉकयुक्त आलमारी में ही की जाएगी। सीसीटीवी कैमरों से स्ट्रॉन्ग रूम की 24 घंटे निगरानी होगी। प्रधानाचार्य परिषद की वे ब सा इ www.upmsp.edu.in से पंजीकृत परीक्षार्थी के प्रवेशपत्र डाउनलोड होंगे। प्रति हस्ताक्षरित करते हुए प्रवेश पत्र परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराए जाएंगे।

# नेशनल पीजी कॉलेज में प्रवेश परीक्षा की तिथियां घोषित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आवेदन की अंतिम तिथि 7 जुलाई तक बढ़ी
- लविवि से संबद्ध स्वायत्तशासी महाविद्यालय में आयोजित होंगी प्रवेश परीक्षाएं

**अमृत विचार:** नेशनल पीजी कॉलेज में प्राचार्य की अध्यक्षता में प्रवेश समिति की बैठक सम्पन्न हुई। समिति ने सर्वसम्मति से तय किया कि लखनऊ विश्वविद्यालय और नेशनल पीजी कॉलेज की प्रवेश परीक्षाओं की तिथियां लगभग एक जैसी होने के कारण छात्रहित में परीक्षा तिथियों में बदलाव किया गया है। लुआमैट के अंतर्गत कुल 8 महाविद्यालय प्रतिभाग कर रहे हैं जिनमें बीबीए, बीबीए (डिजिटल बिजनेस), बीसीए, बीकॉम (ऑनर्स), बीएजेएमसी, बीवोक (सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट) एवं बीवोक (बैंकिंग एवं फाइनेंस) जैसे कोर्स सम्मिलित हैं। लुक्सैट के अंतर्गत 5 अन्य महाविद्यालय भी भाग ले रहे हैं जिनमें बीकॉम और बीएससी (मैथ ग्रुप) के साथ कंप्यूटर साइंस, स्टैटिस्टिक्स एवं इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे विषय उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर बीए, बीकॉम, बीएससी (बायो ग्रुप) के साथ मानवविज्ञान तथा परास्नातक स्तर पर एमकॉम, एमए (भूगोल, अंग्रेज़ी, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, मानवविज्ञान, मनोविज्ञान), एमएससी (केमिस्ट्री) एवं एमए/एमएससी (पब्लिक हेल्थ) में भी प्रवेश फार्म उपलब्ध हैं।

ऑनलाइन आवेदन महाविद्यालय की वेबसाइट www.npgc.in पर एवं ऑफलाइन फार्म कॉलेज परिसर में काउंटर संख्या 1 पर किसी भी कार्यदिवस में सुबह 9:30 से सायं 4:30 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं। स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 7 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। प्रवेश पत्र 8 जुलाई को कॉलेज वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

# लविवि व श्रीलंका के दो विवि में शैक्षिक समझौता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



कुलपति डॉ. आलोक कुमार राय व लविवि शिक्षकों के साथ कोलंबो विवि के कुलपति।

- कुलपति के नेतृत्व में श्रीलंका यात्रा पर है शिक्षकों का दल

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक दल इन दिनों श्रीलंका की यात्रा पर है। सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय और श्रीलंका के कोलंबो विश्वविद्यालय, श्रीजयबर्धने विश्वविद्यालय के बीच शैक्षिक समझौता किया गया। शैक्षणिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए दक्षिणापथः संवाद एवं समन्वय कार्यक्रम के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने कोलंबो विश्वविद्यालय और श्रीजयवर्धने विश्वविद्यालय, श्रीजयवर्धनेपुरा का दौरा किया और शैक्षणिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के अवसरों पर चर्चा की।

चर्चा में संयुक्त शोध पहल, ड्युअल डिग्री कार्यक्रम और अन्य सहयोगी शैक्षणिक उपक्रमों पर विमर्श किया गया, जिससे दोनों संस्थानों को लाभ हो सकता है। इन साझेदारियों का उद्देश्य दोनों देशों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान और गहरी समझ को बढ़ावा देना है, जिससे अध्ययन के विभिन्न क्षेत्रों में आपसी विकास और विकास को बढ़ावा मिले। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि ये बैठकें लखनऊ विश्वविद्यालय की अपनी अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति बढ़ाने तथा शैक्षिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ाने वाले सार्थक सहयोग में संलग्न होने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं।

# स्कूलों में 416 आईसीटी लैब एवं 759 स्मार्ट क्लास बनेंगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजकीय एवं अनुदानित माध्यमिक स्कूलों में 416 आईसीटी लैब एवं 759 स्मार्ट क्लास स्थापित किए जाएंगे। इस कार्य को इसी वित्तीय वर्ष में पूर्ण कर लिया जाएगा। राज्य सरकार ने इन दोनों कार्ययोजनाओं को पूरा करने के लिए 43.28 करोड़ रुपये भी जारी कर दिए हैं। इसमें आईटीसी (इंफॉर्मेशन एण्ड कम्यूनिकेशन टेक्नालॉजी यानि सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) लैब या प्रयोगशालाओं के मद में 17.67 करोड़ रुपये तथा स्मार्ट क्लास के मद में 18.21 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। इसके अलावा 100 अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में आईसीटी लैब की स्थापना के लिए पहली बार 6.40 करोड़ की राशि भी स्वीकृत की गई है।

वहीं माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक (समग्र शिक्षा) विष्णु कांत पाण्डेय ने बताया कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने भी प्रदेश के माध्यमिक स्कूलों में आईसीटी लैब एवं स्मार्ट क्लास की स्थापना के लिए अलग से 24.73 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। कुल 471 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में आईसीटी लैब के लिए 20.94 करोड रुपये तथा 158 माध्यमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास के लिए लगभग चार करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

## सार-संक्षेप

### लविवि में आवेदन की तिथि 7 जुलाई तक बढ़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के परास्नातक, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि एक बार फिर बढ़ा दी गई है। अब अभ्यर्थी 7 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। पात्र अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय ने सभी इच्छुक छात्रों से समय रहते आवेदन करने की अपील की है, ताकि अंतिम समय की तकनीकी समस्याओं से बचा जा सके।

### लविवि सम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के सम सेमेस्टर 2025 की विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इन परीक्षाओं के विस्तृत परिणाम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार जिन पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं उनमें प्रमुख रूप से बीटेक, बीवीए, एमवीए और एमए पाठ्यक्रम शामिल हैं।

### पुनर्वास विवि में परास्नातक प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि को 28 जून से बढ़ाकर 15 जुलाई 2025 कर दिया गया है। यह निर्णय उन अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान करने हेतु लिया गया है जो कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से आवेदन नहीं कर सके थे। साथ ही, उन अभ्यर्थियों को भी प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने का मौका मिलेगा जिन्होंने सीयूईटी के माध्यम से आवेदन किया है।

### सेना में सीधी भर्ती होने का दिया संदेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** कारवां टॉकीज अभियान ने उत्तर प्रदेश के सुदूर क्षेत्रों के युवाओं को 'भारतीय सेना में शामिल होने' के लिए प्रेरित किया। घर-घर जाकर सेना में सीधी भर्ती होने का संदेश दिया। 29 जून को प्रदेश के सुदूर जिलों में युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से एक आउटरीच पहल के तहत, भारतीय सेना का कारवां टॉकीज अभियान महोबा पहुंचा। पहले दिन कवराई कस्बे में बड़ी संख्या में युवा आउटरीच पहल को देखने के लिए एकत्र हुए। दूसरे दिन 30 जून को कारवां महोबा के बरबाई स्थित चौधरी सुंदर सिंह इंटर कॉलेज पहुंचा, जहां बड़ी संख्या में छात्रों ने इस अभियान को देखा और सेना भर्ती प्रक्रिया की जानकारी हासिल की। सेना में शामिल होने के इच्छुक उम्मीदवारों के दरवाजे तक सीधे भर्ती होने का संदेश दिया। 29 जून से शुरू हुआ ऑडियो-विजुअल यह अभियान 2 जुलाई तक चलेगा।

### 60 रेल कर्मी सेवानिवृत्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल से सेवानिवृत्त हुए 60 रेल कर्मचारियों को सोमवार को विदाई दी गई। मंडल वित्त प्रबंधक उमेश कुमार और सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी प्रमोद कुमार भारती ने कर्मियों को विदाई देते हुए समापक भुगतान के रूप में समापक राशि का प्रपत्र एवं सेवानिवृत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया।

### सीएएल बेज और ब्लैक की दर्ज की जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** सार ट्रॉफी के लिए खेले जा रहे नीरू कपूर मेमोरियल अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबलों में सोमवार को सीएएल बेज और सीएएल ब्लैक ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। यश साहनी क्रिकेट मैदान पर खेले गए मैच में सीएएल बेज ने सीएएल एमरल्ड को तीन विकेट से पराजित किया। एमरल्ड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए और सभी विकेट खोकर 89 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में उतरी बेज ने सात विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। योगानंद मैदान पर खेले गए मैच में ब्लैक ने सीएएल पर्पल को 50 रन से हरा दिया।

### क्रिकेट लीग के लिए ट्रायल 16 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ सहित मेरठ, गोरखपुर, वाराणसी और कानपुर सहित अन्य शहरों में एपिक विक्ट्री क्रिकेट लीग के लिए खिलाड़ियों के ट्रायल 16 जुलाई को आयोजित किये जायेंगे। लीग कमिश्नर प्रवीण कुमार के अनुसार लीग में सिर्फ उत्तर प्रदेश के ही नहीं, जम्मू-कश्मीर और पंजाब के खिलाड़ियों को भी इससे जोड़ा जा रहा है। ट्रायल्स में 14 से 39 वर्ष तक के पुरुष खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। इस लीग के लिए लखनऊ में ट्रायल 16 जुलाई को होंगे। इससे उन खिलाड़ियों को प्रमोशन मिलेगा जिन्हें अभी तक बड़े टूर्नामेंट नहीं मिले हैं।

### मनीष के खेल से जीता एलडीए कोचिंग सेंटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** टिंबर ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के ए डिविजन लीग मैच में मैन ऑफ द मैच रहे मनीष शर्मा और शिवम पाण्डेय की शानदार गेंदबाजी के चलते एलडीए कोचिंग सेंटर ने कूह स्पोर्ट्स को चार विकेट से हरा दिया। सेज ग्राउंड पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 16.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 66 रन बनाये। नमन (38) और कृतुराज सिंह (10) के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई के अंक तक नहीं पहुंच सका। एलडीए कोचिंग सेंटर की ओर से मनीष ने चार ओवर में एक मेडन, चार रन देकर पांच बल्लेबाजों को पैवेलियन का रास्ता दिखाया। वहीं शिवम पाण्डेय ने चार ओवर में दो विकेट अपने नाम किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलडीए कोचिंग सेंटर ने 6 विकेट खोकर 67 रन बना जीत दर्ज की। शुभ ने 20 रन बनाये।

### वसुंधरा ने जीते दो स्वर्ण

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय टीम में शामिल निर्वाणा ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने 8वीं एशिया कप ओपन अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। पोखरा (नेपाल) में 27 से 29 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में 8 देशों की टीमों ने भाग लिया। भारतीय ताइक्वांडो टीम के प्रशिक्षक रवि कश्यप के अनुसार भारतीय खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में वसुंधरा सिंह ने दोहरे स्वर्ण जीते है।

# आज से फिर सुनाई पड़ेगी स्कूलों की घंटी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गर्मी की छुट्टियों के बाद मंगलवार से फिर से स्कूल की घंटी सुनाई देगी। शैक्षणिक सत्र 25-26 की 1 जुलाई से शुरुआत होने जा रही है। पहले दिन स्कूल जाने वाले छात्रों का टीका लगाकर भव्य स्वागत किया जाएगा। छात्रों का उत्साह बढ़ाने के लिए स्कूलों को फूल-गुब्बारे, रंगोली से सजाया जाएगा। निजी स्कूलों में जहां साफ-सफाई की गई है। वहीं सरकारी स्कूलों में भी विशेष इंतजाम हैं। शासन के निर्देश पर छात्रों के स्वागत के लिए परिषदीय स्कूलों को रंग-बिरंगे गुब्बारों, झालरों, फूलों और रंगोली से सजावट की जाएगी, ताकि छात्रों का उत्साह बना रहे और पढ़ाई में रुचि बढ़ने के साथ ही छात्रों की भी उपस्थिति में भी बढ़ोतरी हो।

विभाग ने स्कूलों को साफ-सफाई के लिए पहले ही निर्देश दिए थे। बता दें कि स्कूलों में 20 मई से गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं। पहले स्कूल 16 जून को खुलने थे, लेकिन अत्यधिक गर्मी के चलते 30 जून तक छुट्टियां बढ़ा दी गईं। अब मंगलवार से स्कूल खुल रहे हैं। पहले दिन स्कूल जाने वाले छात्रों का शिक्षक टीका लगाकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत करेंगे।

अव्यवस्थाओं के बीच मंगलवार को परिषदीय विद्यालय खुलेंगे। कई विद्यालयों में सोमवार को हुई तेज बारिश की वजह से जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ऐसे में बरसात के जमा पानी के बीच से छात्र-छात्राओं को स्कूल जाना पड़ेगा। मलिहाबाद, काकोरी, बंथरा, निगोहां और चिनहट सहित कई ग्रामीण इलाकों में स्थित स्कूलों में जलभराव है। वहीं कच्चे रास्ते कीचड़ और पानी से भर गए हैं।

### सेना के शौर्य पर पढ़ी कविताएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज में निशंक सांस्कृतिक क्लब की ओर से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम के सम्मान में शौर्यांजलि नामक कवि सम्मेलन का आयोजन किया। नवीन सभागार में आयोजित सम्मेलन में शहर के नामचीन कवियों ने अपनी ओजस्वी कविताओं के जरिए मन मोह लिया। इस दौरान पं. धीरज मिश्र शाण्डिल्य ने चातक की पिऊ-पिऊ, मेंढक की टर्र टर्र, कोयल की कूक ने जो कविता सुनायी है, कारुणिक दु:खदायी, पीर उसमें भरी है, सूर्य ताप से धरा अतीव अकुलायी है... जैसी पंक्तियां पढ़ी। इसके बाद अमर नाथ ललित ने अहमियत गरमियों की कम न होवे, बहारों में ये जाड़ा इसलिए है, हमारी याद से पीछा न छूटे, तुम्हें हमने बिगाड़ा इसलिए है. गाकर सुनाया। इसी तरह सोमनाथ कश्यप ने सत्य सिद्धांत पर जब अटल हो गये, कुछ स्वजन तब विरोधी प्रबल हो गये, नम्रता किन्तु फिर भी न छोड़ी कभी, निज अहं त्यागकर हम सफल हो गये.. सुनाकर महफिल लूट ली।

# विश्वविद्यालयों से सेवानिवृत हुए कई शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भाषा विवि के प्रोफेसर एहतेशाम हुए सेवानिवृत्त
- लविवि से 10 शिक्षक हुए सेवानिवृत, प्रदेश में लगभग 300 हुए

**अमृत विचार:** प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से 30 जून को करीब 350 शिक्षक सेवानिवृत हुए हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय से भी 10 शिक्षकों का 30 जून अंतिम कार्यकाल रहा जिसमें वाणिज्य विभाग से डॉ. अरविंद कुमार, रक्षा अध्ययन विभाग से डॉ. ओपी शुक्ल, विधि संकाय से डॉ. राजकुमार, रसायन विज्ञान से डॉ. आर एन सिंह, शिक्षा शास्त्र विभाग से डॉ. अमिता बाजपेई, दर्शन शास्त्र विभाग से डॉ. रजनी श्रीवास्तव, वनस्पति शास्त्र विभाग से डॉ. मुन्ना सिंह, व्यवहारिक अर्थशास्त्र से डॉ. रचना मुज्जु, सांख्यिकी विभाग से डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय, अंग्रेजी व आधुनिक यूरोपीय भाषाएं विभाग से डॉ. रानू उनियाल पंत सेवानिवृत हो चुके हैं।

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग के अध्यक्ष प्रो. एहतेशाम अहमद ने 62 वर्ष की आयु में सेवानिवृत हो गए हैं। वह अपने समर्पण, अनुशासन और कार्यकुशलता से संस्था को निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर करते रहे हैं। एहतेशाम अहमद की विदाई पर विश्वविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने प्रो. एहतेशाम अहमद के योगदान की सराहना की और उन्हें सुखद, स्वस्थ एवं सक्रिय भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### एकेटीयू में सहायक लेखाकार को दी गई विदाई

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में सहायक लेखाकार रहे राम सागर सेवानिवृत्त हो गये। वह विश्वविद्यालय के स्थापना काल के कर्मचारी रहे हैं। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने उनके योगदान की सराहना करने के साथ ही उनके कार्यकाल को याद किया। कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना काल से रामसागर ने अपने 25 सालों में कर्मठ कर्मचारी के रूप में कार्य किया। यह संयोग ही है कि इसी समय विश्वविद्यालय को नैक से ए ग्रेड प्राप्त हुआ है।

# शिक्षकों ने तबादला सूची जारी करने को लेकर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



अपर शिक्षा निदेशक को ज्ञापन देते शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा व अन्य।

**अमृत विचारः** ऑफलाइन तबादला सूची जारी न किये जाने से नाराज माध्यमिक स्कूल के शिक्षकों ने सोमवार को माध्यमिक शिक्षा निदेशालय पर प्रदर्शन किया। उप्र. माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल वर्मा की अध्यक्षता में जुटे शिक्षकों ने जमकर नारेबाजी की। सोहनलाल वर्मा ने ऑनलाइन तबादले की जारी की गई सूची पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि मेरिट के आधार पर सूची जारी की जानी थी,लेकिन निदेशालय ने बिना मेरिट के 360 शिक्षकों की सूची जारी कर दी और अस्वीकार किये गए आवेदन का कारण भी नहीं बताया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा ने ज्ञापन अपर शिक्षा निदेशक सुरेन्द्र तिवारी को सौंपा। संगठन के महामंत्री राजीव यादव ने कहा कि निदेशालय से ऑफलाइन और ऑनलाइन तबादले के आवेदन मांगे गए थे। 1200 से अधिक ऑनलाइन आवेदन आए थे, लेकिन 27 जून को 360 शिक्षकों के तबादले की सूची जारी की गई। आरोप है कि तबादले मानक के अनुरूप नहीं किये गए हैं। प्रदेश प्रवक्ता श्रवण कुमार कुशवाहा ने बताया कि ऑफलाइन तबादले के लिये प्रदेश भर के करीब एक हजार शिक्षकों की पत्रावलियां निदेशालय में लंबित पड़ी हैं। बहुत सी पत्रावलियां डीआईओएस और जेडी कार्यालय में पड़ी हैं। जिन पर कोई विचार नहीं किया गया। ऑफलाइन तबादले पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिये जाने से शिक्षकों में आक्रोश है। सोमवार को निदेशालय में जुटे शिक्षकों ने अपर निदेशक से ऑफलाइन तबादला सूची जारी करने की मांग रखी। अपर निदेशक ने कहा कि शासन से निर्देश मिलने पर ही ऑफलाइन तबादले पर विचार किया जाएगा।

### तबादले के लिए ऑफलाइन आवेदनों पर निर्णय की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** एडेड स्कूलों में शिक्षक संगठन अब तबादले के लिए ऑफलाइन आवेदनों पर निर्णय करने की मांग कर रहे हैं। दूसरी ओर कुछ शिक्षकों ने इस प्रकरण को लेकर न्यायालय जाने की भी धमकी दी है। संगठनों के पदाधिकारियों का कहना है कि ज्यादातर स्कूल प्रबंधकों ने ऑनलाइन ट्रांसफर की फाइल फॉरवर्ड ही नहीं की। जिससे तबादला प्रक्रिया सुलझने की जगह और अधिक उलझ गई। जिसके चलते मात्र 360 शिक्षकों के ही स्थानांतरण हो पाये हैं। यह स्थिति तब है जबकि प्रदेश में ऐडेड स्कूलों के शिक्षकों की संख्या करीब 57 हजार हैं, जिनमें से 1772 ने तबादले के लिए आवेदन किया था। विभाग की ओर से पहले ऑफ लाइन तबादले के आदेश जारी किए गए थे। इसके तहत शिक्षकों ने ऑफलाइन आवेदन शुरू कर दिया। बीच में ही अचानक से विभाग की ओर से 14 जून को ऑनलाइन तबादले किए जाने के आदेश जारी कर दिए गए और कहा गया कि सिर्फ ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।

### टाटा मोटर्स व अन्य कंपनियों ने लगाया रोजगार मेला

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) अलीगंज में 300 से अधिक पदों पर देश की नामी एक दर्जन कंपनियां भर्ती अभियान चला रही है। परिसर में सोमवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें टाटा मोटर्स सहित करीब एक दर्जन कंपनियां ने हिस्सा लिया। चयनित अभ्यर्थियों को न्यूनतम 20 हजार का वेतन दिया जाएगा। इसके अलावा मेडिकल और पीएफ की सुविधा दी जाएगी। प्लेसमेंट अधिकारी एमए खान ने बताया कि रोजगार मेले में टाटा मोटर्स, एडेप्ट इंडिया और जेबीएल कंपनियां शामिल हो रही हैं। लखनऊ, हरियाणा और अन्य राज्यों के लिए कंपनियों की ओर से करीब 300 से अधिक पदों पर भर्ती होगी। टाटा कंपनी में अप्रेंटिसशिप और अन्य कंपनियों में ट्रेनी पद के लिए साक्षात्कार लिया जा रहा है।

शतेषु जायते शूर : सहस्रेषु च पण्डित : ।
वक्ता दशसहस्रेषु दाता भवति वा न वा ।।

सौ लोगों में से एक शूरवीर होता है। हजार लोगों में एक विद्वान होता है। दस हजार लोगों में एक अच्छा वक्ता होता है। वही लाखों में बस एक ही दानी होता है।

## संपादकीय

# कालेज परिसर में दरिंदगी

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एक प्रतिष्ठित लॉ कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा को उसके ही कॉलेज परिसर में घसीटा जाता है, गैंगरेप किया जाता है, वीडियो रिकॉर्ड होता है और उसे धमकी दी जाती है कि अगर किसी से कुछ कहा तो यह वीडियो वायरल कर दिया जाएगा। सवाल यह है कि कॉलेज का वह परिसर जो पढ़ाई और कानून की समझ के लिए बनाया गया था, वह एक साज़िशी अपराध की जगह कैसे बन गया? सीसीटीवी कैमरे चालू थे, सुरक्षा गार्ड मौजूद थे, मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हुई है, फिर भी पुलिस ढंग से तभी हरकत में आई जब वीडियो सोशल मीडिया पर तैरने लगा। मुख्य आरोपी अब गिरफ्तार किए जा चुके हैं। क्या मौके से मिले सबूत काफी नहीं थे पुलिस को फ़ौरन कार्रवाई के लिए? या फिर राज्य सरकार को पहले यह तय करना था कि आरोपियों का राजनीतिक संबंध कितना भारी पड़ेगा? क्या इसलिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चुप्पी इस बार भी उतनी ही स्पष्ट है जितनी आरजी कर मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर के केस में थी? यह पहली बार नहीं है कि कोलकाता के किसी कॉलेज में एक छात्रा के साथ बलात्कार हुआ हो। ठीक दस महीने पहले आरजी कर मेडिकल कॉलेज की इंटर्न डॉक्टर के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ, उसके बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। उस केस में भी तमाम सबूतों के बावजूद कार्रवाई धीमी रही और अब तक न्याय अधूरा है।

सवाल यह है कि क्या कोलकाता के कॉलेज लड़कियों के लिए कैंपस नहीं, क्राइम सीन बनते जा रहे हैं? क्या महिला सुरक्षा अब भी केवल घोषणाओं और चुनावी वादों तक सीमित रहेगी? राज्य सरकार कह रही है कि आरोपी का पार्टी से कोई रिश्ता नहीं, लेकिन ये स्पष्टीकरण तब क्यों आता है जब आरोप गहराने लगते हैं? बीजेपी मुख्यमंत्री से इस्तीफ़ा मांग रही है, महिला आयोग की टीम को कॉलेज कैंपस में देर से प्रवेश दिया गया क्या यह सब एक लड़की की अस्मिता से बड़ा है? क्या हम फिर वही कहानी दोहराते रहेंगे-पहले रेप, फिर चुप्पी, फिर राजनीति, फिर मीडिया ट्रायल, और फिर धीरे-धीरे भूल जाना? क्या छात्रा की आपबीती, जिसमें वह कहती है कि "मुझे लगा मैं ज़िंदा नहीं बचूंगी," केवल एक सुर्खी बनकर रह जाएगी? समाज, पुलिस, कॉलेज प्रशासन और राजनेता सभी को यह तय करना होगा कि वे पीड़िता के साथ खड़े हैं या आरोपियों की चुप्पी के हिस्सेदार हैं। क्योंकि सवाल अब यह नहीं कि अगला शिकार कौन होगी, सवाल यह है कि अगली बार भी सब उतने ही चुप रहेंगे क्या?

# क्या मशीनें भर सकती हैं धरती का घाव


नृपेन्द्र अभिषेक नृप
नई दिल्ली

> जलवायु न्याय, या क्लाइमेट जस्टिस, एक नैतिक और राजनीतिक अवधारणा है जो जलवायु परिवर्तन को केवल पर्यावरणीय संकट न मानकर उसे वैश्विक असमानताओं की एक कड़ी मानती है।

जब धरती की छाती पर मशीनों की सनसनाहट प्रकृति के हृदय की धड़कनों को दबा दे, जब वनों की हरियाली पर कृत्रिम सोल्यूशनों का धुंआ छा जाए, तब यह प्रश्न अनिवार्य हो उठता है-क्या तकनीक वास्तव में उस करुण क्रंदन का प्रत्युत्तर है जो जलवायु न्याय की मांग करता है? आज मानवता एक ऐसे युग के मुहाने पर खड़ी है जहां एक ओर विज्ञान अपने चमत्कारों से भविष्य गढ़ने का दावा करता है, वहीं दूसरी ओर पृथ्वी, जो मां के समान हमें जीवन देती रही, उसके आंचल पर हमने प्रदूषण, शोषण और उपेक्षा के धब्बे छोड़ दिए हैं। 'क्लाइमेट जस्टिस बनाम क्लाइमेट टेक्नोलॉजी' की यह बहस कोई साधारण विमर्श नहीं, बल्कि सभ्यता के विवेक और वर्चस्व की उस लड़ाई का प्रतीक है जिसमें ग्लोबल नॉर्थ अपनी ऐतिहासिक जिम्मेदारियों से बचकर तकनीकी उपायों की आड़ में नए उपनिवेश रच रहा है, जबकि ग्लोबल साउथ अब भी उन आंधियों को झेल रहा है जो उसने कभी बोई ही नहीं थीं।

जलवायु न्याय, या क्लाइमेट जस्टिस, एक नैतिक और राजनीतिक अवधारणा है जो जलवायु परिवर्तन को केवल पर्यावरणीय संकट न मानकर उसे वैश्विक असमानताओं की एक कड़ी मानती है। यह दृष्टिकोण मानता है कि जलवायु संकट का बोझ समान रूप से वितरित नहीं हुआ है, न तो उत्पत्ति के स्तर पर और न ही प्रभाव के स्तर पर। ऐतिहासिक रूप से, ग्लोबल नॉर्थ यानी यूरोप, अमेरिका, जापान जैसे विकसित देश औद्योगिक क्रांति से लेकर अब तक वायुमंडल में सर्वाधिक ग्रीनहाउस गैसें छोड़ते आए हैं। इसके विपरीत, ग्लोबल साउथ जैसे भारत, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और दक्षिण एशिया के अन्य विकासशील देश, ऐसे हैं जिन्होंने अपेक्षाकृत कम उत्सर्जन किया है, परन्तु जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों को सबसे अधिक झेला है। यही विसंगति जलवायु न्याय की मूल भावना है।

इस असंतुलन को ठीक करने के लिए 'क्लाइमेट जस्टिस' की परिकल्पना न्याय, उत्तरदायित्व और पुनर्वितरण पर आधारित है।



इसका तात्पर्य यह है कि जिन राष्ट्रों ने इतिहास में अधिक प्रदूषण किया है, उन्हें आज जिम्मेदारी लेनी चाहिए, न केवल अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करने की, बल्कि उन विकासशील देशों की सहायता करने की भी जो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहे हैं। इसमें तकनीकी सहायता, वित्तीय सहायता और जलवायु अनुकूलन के उपाय शामिल हैं। लेकिन समस्या यहीं समाप्त नहीं होती।

जब ग्लोबल नॉर्थ तकनीकी समाधानों की बात करता है, जैसे कि कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी या सोलर जियोइंजीनियरिंग तो यह एक नई बहस को जन्म देता है। क्या यह वास्तव में समस्या का समाधान है या केवल एक और तकनीकी भ्रम है जो मूल कारणों से ध्यान भटका देता है? क्या यह जलवायु संकट की वास्तविक नैतिक और ऐतिहासिक जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ने का एक नया उपनिवेशवादी तरीका नहीं है?

कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी, जिसमें उद्योगों या वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को खींच कर ज़मीन के भीतर दफना दिया जाता है, सुनने में आकर्षक लग सकती है। परन्तु यह तकनीक अभी तक व्यावसायिक रूप से सक्षम नहीं हो सकी है और इसके दीर्घकालिक प्रभावों पर भी संशय बना हुआ है। अधिकांश सीसीएस प्रोजेक्ट्स या तो असफल रहे हैं, या फिर इतने महंगे हैं कि इन्हें बड़े पैमाने पर लागू करना व्यावहारिक नहीं दिखता। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि इस तकनीक के पीछे छिपा हुआ भाव यह है कि हम अभी भी जीवाश्म ईंधनों का उपयोग करते रह सकते हैं, क्योंकि हमारे पास "वैकल्पिक उपाय" हैं। यह न केवल एक भ्रम है, बल्कि नैतिक रूप से भी गलत है, क्योंकि यह जलवायु न्याय की भावना को नकारता है।

सोलर जियोइंजीनियरिंग का विचार तो और भी अधिक विवादास्पद है। इस तकनीक में पृथ्वी की सतह पर आने वाली सौर ऊर्जा को नियंत्रित करने के लिए कृत्रिम उपाय किए जाते हैं, जैसे कि स्ट्रैटोस्फीयर में सल्फर डाइऑक्साइड के कण छोड़ना ताकि सूरज की रोशनी को परावर्तित किया जा सके। यद्यपि वैज्ञानिकों ने इसकी कुछ प्रयोगशालाओं में सफलता का दावा किया है, परन्तु इसके दीर्घकालिक और वैश्विक प्रभावों के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं है। अगर यह प्रयोग असफल हो जाए, तो इसका परिणाम वैश्विक मौसम प्रणाली पर भयानक प्रभाव डाल सकता है जिसमें बाढ़, सूखा, मानसून की विफलता आदि की संभावना है।

अब यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि ऐसी तकनीकें किसके हित में हैं? क्या यह तकनीकें केवल उन राष्ट्रों को सशक्त नहीं करतीं जो पहले से ही अधिक संसाधन, तकनीकी प्रभुत्व और वैश्विक संस्थाओं पर प्रभाव रखते हैं? उदाहरण के लिए, यदि अमेरिका या चीन सोलर जियोइंजीनियरिंग का प्रयोग करते हैं और उसके परिणामस्वरूप भारत या अफ्रीका में सूखा पड़ता है, तो कौन जिम्मेदार होगा? जलवायु परिवर्तन को एक वैश्विक 'कॉमन' मानने की आवश्यकता है, न कि एक प्रयोगशाला जहां कुछ शक्तिशाली देश अपने हितों के लिए मौसम और प्रकृति के साथ खिलवाड़ करें।

वास्तव में, जलवायु तकनीकों की यह प्रवृत्ति एक नई तरह की उपनिवेशवादी मानसिकता को जन्म देती है- 'ग्रीन कॉलोनियलिज़्म'। पहले उपनिवेशवादी देशों ने वैश्विक दक्षिण से संसाधन लूटे, आज वे अपने प्रदूषण की भरपाई के नाम पर उन्हीं देशों में "कार्बन ऑफसेट प्रोजेक्ट्स" चला रहे हैं। विशाल भूभागों को "कार्बन सिंक" बनाने के लिए किसानों और आदिवासियों की भूमि छीनी जा रही है, उन्हें जंगलों की रक्षा करने का ठेका दिया जा रहा है जबकि उन जंगलों के 'मालिक' अब बहुराष्ट्रीय कंपनियां बन चुकी हैं। यह न तो न्याय है, न विज्ञान, यह एक पॉलिश किया हुआ शोषण है, जिसे अब पर्यावरणीय नैतिकता का लबादा पहनाया जा रहा है।

इस सबके बीच, जलवायु न्याय की पुकार और भी मुखर होती जा रही है। ग्लोबल साउथ के देश बार-बार यह मांग करते आए हैं कि 'लॉस एंड डैमेज' फंड- जिसकी स्थापना कॉप27 में की गई थी, वास्तविक रूप में अमल में आए। यह फंड उन देशों को मुआवज़ा देने के लिए है जो जलवायु परिवर्तन से हुए नुकसानों से जूझ रहे हैं, जबकि उन्होंने इस संकट में बहुत कम योगदान दिया है। लेकिन अब तक इसमें बहुत कम प्रगति हुई है। तकनीक की आड़ में नैतिक जिम्मेदारी को बार-बार टाल दिया गया है।

इस संबंध में यह जानना भी आवश्यक है कि तकनीक को पूरी तरह खारिज करना भी उचित नहीं होगा। हां, तकनीकें सहायक हो सकती हैं, अगर उनका प्रयोग जलवायु न्याय के दृष्टिकोण से किया जाए। स्थानीय स्तर पर अनुकूलन तकनीकें, जैसे जल संरक्षण के पारंपरिक उपायों का आधुनिकीकरण, सौर ऊर्जा का स्थानीयकरण, जैविक कृषि में तकनीकी सहायता आदि, वास्तव में न्यायपूर्ण समाधान बन सकते हैं। लेकिन इनका विकास नीचे से ऊपर की प्रक्रिया में होना चाहिए, न कि ऊपर से थोपे गए मॉडल के रूप में।

हम कह सकतें हैं कि तकनीक एक औज़ार हो सकती है, पर वह लक्ष्य नहीं हो सकती। जब तक हम जलवायु संकट को केवल तकनीकी चुनौती मानते रहेंगे, हम उसके वास्तविक समाधान से दूर भागते रहेंगे। हमें यह स्वीकार करना होगा कि प्रकृति की भरपाई करना केवल विज्ञान की सीमा से परे है-यह एक नैतिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक पुनर्निर्माण की मांग करता है और जब तक यह पुनर्निर्माण नहीं होता, तब तक जलवायु न्याय केवल एक नारा रहेगा, और तकनीकें केवल अस्थायी मरहम। हमें मरहम नहीं, उपचार चाहिए- न्यायपूर्ण, समावेशी और टिकाऊ। यही मानवता और प्रकृति दोनों के भविष्य की सबसे बड़ी ज़रूरत है।

## प्रसंगवश

# कलाकार और साहित्यकार


शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

कला अनैतिकता की दीमक लगने से एक जर्जर सुंदरता भर होती है, कोई बड़ा असर नहीं छोड़ती। यहां अनैतिकता का कोई पवित्रतावादी तात्पर्य नहीं है, क्योंकि आज नैतिकता के प्रधान स्रोत होने चाहिए-बंधुत्व, स्वतंत्रता और समानता। अतः आज अनैतिक का अर्थ है जो बंधुत्व, स्वतंत्रता और समानता का अपने आचरण में विरोधी है। हाल में एक कलाकार-कवि के अभद्र आचरण को किसी विच्छिन्न घटना के रूप में न देखकर हिंदी समाज में नैतिकता के सार्वभौम पतन के संदर्भ में देखा जा सकता है। हर तरफ हिंसा और पितृसत्ता सहित तमाम सत्ताएं बेलगाम हैं। इस कलाकार-कवि को कुछ ज्यादा घेरा गया, यह कहना भी जरूरी है कि यह कोई हंसने या मजा लेने की घटना नहीं है, यह पतन बड़ा कष्टदायक है। यह भी देखा जा सकता है कि इस घटना का संबंध केवल जेंडर मुद्दे से नहीं है, इस कलाकार-कवि के पुराने बेहूदी प्रकृति के आक्रमणों के लंबे सिलसिले से है जिसकी कड़ी नामवर सिंह, अशोक वाजपेयी आदि से शुरू होती है और उसमें शायद ही आगे सुधार हो। लेखकों पर वैचारिक आक्रमणों का हमेशा स्वागत है, पर क्या हिंदी में ऐसा आक्रमण रत्ती भर बचा है। यह व्यक्तिगत आक्रमण और चुनी हुई चुप्पियों का युग है। यही वजह है कि कई बार हिंदी लेखकों को आत्मप्रचार में उतरना पड़ता है जो एक दयनीय दशा है। दरअसल हिंदी साहित्यिक संसार में सराहना की जितनी गहरी भूख है, उतनी यह दुर्लभ है। इससे बहुत सी अनैतिकताओं और कुंठाओं का जन्म होता है, जिसका असर लेखक की सोच और उसकी साहित्यिक गुणवत्ता पर पड़ता है। बहुत दृढ़ व्यक्ति ही कला और नैतिकता दोनों को जीवन भर साध सकता है। यह प्रेमचंद-प्रसाद-निराला-महादेवी-अज्ञेय-मुक्तिबोध का युग नहीं है! आज हिंदी लेखक अपनी-अपनी छोटी-बड़ी गुमटियों में हैं। कुछ तरह तरह के कारण से अपने को बड़ा लेखक समझते हैं। यह अस्वाभाविक नहीं है। लेकिन इसपर विचार करना चाहिए कि आखिर विश्व मंच पर हिंदी लेखकों की वैसी उल्लेखनीय उपस्थिति क्यों नहीं है जैसी अफ्रीका, लैटिन अमेरिका या एशिया की कई छोटी भाषाओं के लेखकों की भी बड़े पैमाने पर है। महज कलाकार होने और साहित्यकार होने, मनुष्य होने में फर्क है!

# हादसों से सबक लेने की जरूरत


प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

> रथयात्रा की तैयारियों के लिए कई हजार करोड़ की धनराशि खर्च की जाती है। जरूरत से ज्यादा प्रचार करके लोगों को यात्रा के लिए प्रेरित किया जाता है।

धार्मिक उत्सवों में दुर्घटनाओं का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रयागराज कुंभ मेले में और इसी साल जून माह में बैंगलुरु में आईपीएल मैच में मची भगदड़ की स्मृतियां विलोपित भी नहीं हो पाईं थीं कि पुरी में चल रहे भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में भगदड़ मचने से तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। गुंडिचा मंदिर के पास घटी यह घटना पूरी तरह प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है। मंदिर में प्रवेश का रास्ता केवल एक था, बाहर जाने का मार्ग बंद कर दिया था, क्योंकि वहां से वीआईपी लोग दर्शन के लिए जा रहे थे। आम भक्तों के लिए बाहर आने का दूसरा कोई मार्ग नहीं था। इसी समय मंदिर में दो ट्रक लकड़ी और अनुष्ठान सामग्री से भरे इसी संकीर्ण मार्ग से भीतर भेज दिए गए। ट्रकों के कारण भीड़ में अफरा-तफरी मच गई और हादसा घट गया। साफ है, प्रशासनिक प्रबंधन की घोर लापरवाही के चलते श्रद्धालु हादसे के शिकार हो गए। मुख्यमंत्री मोहन मांझी ने सुरक्षा की चूक के लिए क्षमा मांगते हुए पुरी के कलेक्टर सिद्धार्थ शंकर और एसपी विनीत अग्रवाल का अविलंब स्थानांतरण कर दिया। स्थानांतरण कोई सजा नहीं होती। वास्तव में कुंभ मेले में और आईपीएल क्रिकेट मैच में हुए हादसों से प्रशासन को सबक लेने की जरूरत थी, जिससे रथयात्रा में भगदड़ से बचा जाए।

भारत में पिछले डेढ़ दशक के दौरान मंदिरों और अन्य धार्मिक आयोजनों में उम्मीद से कई गुना ज्यादा भीड़ उमड़ रही है। जिसके चलते दर्शन-लाभ की जल्दबाजी व कुप्रबंधन से उपजने वाली भगदड़ व आगजनी का सिलसिला हर साल इस तरह के धार्मिक मेलों में देखने में आ रहा है। साफ है, प्रत्येक कुंभ में जानलेवा घटनाएं घटती रहने के बावजूद शासन-प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिए। धर्म स्थल हमें इस बात के लिए प्रेरित करते हैं कि हम कम से कम शालीनता और आत्मानुशासन का परिचय दें। किंतु इस बात की परवाह आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं होती, अतएव उनकी जो सजगता घटना के पूर्व सामने आनी चाहिए, वह अक्सर देखने में नहीं आती? लिहाजा आजादी के बाद से ही राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र उस अनियंत्रित स्थिति को काबू करने की कोशिश में लगा रहता है, जिसे वह समय पर नियंत्रित करने की कोशिश करता तो हालात कमोबेश बेकाबू ही नहीं हुए होते? अतएव देखने में आता है कि आयोजन को सफल बनाने में जुटे अधिकारी भीड़ के मनोविज्ञान का आकलन करने में चूकते दिखाई देते हैं।

रथयात्रा की तैयारियों के लिए कई हजार करोड़ की धनराशि खर्च की जाती है। जरूरत से ज्यादा प्रचार करके लोगों को यात्रा के लिए प्रेरित किया जाता है। फलतः जनसैलाब इतनी बड़ी संख्या में उमड़ गया कि सारे रास्ते पैदल भीड़ से जाम हो गए। इसी बीच लापरवाही यह रही कि बाहर जाने के रास्ते को नेता और नौकरशाहों के लिए आरक्षित कर दिया गया और दो ट्रक आम रास्ते से मंदिर की ओर भेज दिए। इस चूक ने घटना को अंजाम दे दिया। जो भी प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकि उपाय किए गए थे, वे सब व्यर्थ साबित हुए। क्योंकि उन पर जो घटना के भयावह दृश्य दिखाई देने लगे थे, उनसे निपटने का तात्कालिक कोई उपाय ही संभव नहीं रह गया था। ऐसी लापरवाही और बदइंतजामी सामने आना चकित करती है। दरअसल रथयात्रा में जो भीड़ उमड़ी थी, उसके अवागमन के प्रबंधन के लिए जिस प्रबंध कौशल की जरुरत थी, उसके प्रति घटना से पूर्व सर्तकता बरतने की जरूरत थी? इसके प्रति प्रबंधन अदूरदर्शी रहा।

मेलों के प्रबंधन की सीख हम विदेशी साहित्य और प्रशिक्षण से लेते हैं। जो भारतीय मेलों के परिप्रेक्ष्य में कतई प्रासंगिक नहीं है। क्योंकि दुनिया के किसी अन्य देश में किसी एक दिन और विशेष मुहूर्त्त के समय लाखों-करोड़ों की भीड़ जुटने की उम्मीद ही नहीं की जाती? प्रशासन के साथ हमारे राजनेता, उद्योगपति, फिल्मी सितारे और आला अधिकारी भी धार्मिक लाभ लेने की होड़ में व्यवस्था को भंग करने का काम करते हैं। इनकी वीआईपी व्यवस्था और यज्ञ कुण्ड अथवा मंदिरों में मूर्तिस्थल तक ही हर हाल में पहुंचने की रूढ़ मनोदशा, मौजूदा प्रबंधन को लाचार बनाने का काम करती है। जो इस रथयात्रा में देखने में आई है। आम श्रद्धालुओं के बाहर जाने का रास्ता इन्हीं लोगों के लिए सुरक्षित कर दिया गया था। नतीजतन भीड़ ठसाठस के हालात में आ गई और दुर्घटना घट गई। नतीजतन पिछले कुछ समय से सबसे ज्यादा मौतें भगदड़ की घटनाओं और सड़क दुर्घटनाओं में उन श्रद्धालुओं की हो रही हैं, जो ईश्वर से खुशहाल जीवन की प्रार्थना करने धार्मिक यात्राओं पर जाते हैं। साथ ही पिछले दो दशक के भीतर मंदिर हादसों में लगभग 5000 से भी ज्यादा भक्त मारे जा चुके हैं। जाहिर है, धार्मिक दुर्घटनाओं से छुटकारा पाने की कोई उम्मीद निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रही है ?

## सोशल फोरम

# संगठनों की चुप्पी पर सवाल


प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

जब 2009 में शिक्षा का अधिकार कानून (आरटीई) लागू हुआ, तब उसके क्रियान्वयन की आधारभूमि तैयार करने में अनेक गैर-सरकारी संस्थाओं (एनजीओएस) की भूमिका उल्लेखनीय थी। बाल अधिकार, समावेशी शिक्षा, शत-प्रतिशत नामांकन, समुदाय आधारित निगरानी-इन सब पहलुओं को लेकर इन संगठनों ने सरकार पर दबाव बनाया, शोध प्रस्तुत किए और नीतिगत बदलावों की मांग की। लेकिन आज जब उसी आरटीई की मूल भावना के विरुद्ध उत्तर प्रदेश के कुछ गांवों में पेयरिंग, मर्जर और स्कूल विलय के नाम पर स्कूलों को 'पुनर्गठित' करने की प्रक्रिया ज़ोर पकड़ रही है तो इन संगठनों की चुप्पी गंभीर सवाल खड़े करती है। शिक्षाशास्त्रीय दृष्टि से गांव का स्कूल केवल एक भवन या प्रशासनिक इकाई नहीं होता, वह ग्रामीण समाज की साक्षरता, चेतना और सामाजिक गतिशीलता का केंद्र होता है। ऐसे में स्कूल को भौगोलिक या संख्यात्मक औचित्य के आधार पर बंद या विलीन करना, आरटीई के उस उद्देश्य के विरुद्ध जाता है जो कहता है कि हर बच्चे को निकटतम और सुविधाजनक विद्यालय मिलना चाहिए। यह अपेक्षा की जाती थी कि वही संस्थाएं जो कभी आरटीई के पक्ष में सड़क से संसद तक सक्रिय थीं, वे आज इन निर्णयों की आलोचनात्मक समीक्षा करेंगी, बाल हित में सरकार से बात करेंगी और जरूरत पड़ने पर चेतावनी देंगी। लेकिन आज वे लगभग मौन हैं। क्या यह मौन केवल परिस्थितिजन्य है या यह दर्शाता है कि बहुत-सी स्वयंसेवी संस्थाएं अब शिक्षा को बाल अधिकार से अधिक प्रोजेक्ट और पार्टनरशिप के चश्मे से देखने लगी हैं? क्या अब शिक्षा सुधार का मतलब केवल 'डेटा बेस्ड एविडेंस' और 'पॉलिसी ब्रीफ' बन गया है, जिनका उद्देश्य नीति नियंताओं को सहूलियत देना भर है? एक शिक्षाशास्त्रीय समाज में यदि आलोचना, संवाद और प्रतिप्रश्न गायब हो जाएं, तो नीति निर्माण एकांगी हो जाता है। यदि शिक्षा/शिक्षकों के तथाकथित हितैषी संगठन आज चुप रहेंगे, तो कल जब कुछ गांवों से स्कूल गायब हो जाएंगे, तो फिर उनका डेटा, शोध और अनुभव केवल एक निष्क्रिय प्रलेख बनकर रह जाएगा। अब समय है कि ये संस्थाएं पुनः अपने बुनियादी दायित्व की ओर लौटें-बच्चों के लिए बोलें, न कि केवल परियोजनाओं के अनुरूप मौन रहें। **-फेसबुक वॉल से**

**चिकित्सक दिवस पर विशेष**

# डॉक्टरों को व्यवस्था की मार से बचाइए


रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

> आज सरकारी सेवा में कार्यरत डॉक्टरों को बेहतर माहौल देने और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए हमारी स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार की जरूरत है।

आम तौर पर हमारे समाज में डॉक्टरों के क्रियाकलापों को लेकर एक अजीब सी नकारात्कता मौजूद रहती है। कई बार सच्चाई को स्वीकार न करके उन्हें खलनायक सिद्ध करने की कोशिश भी की जाती है। डॉक्टरों के खिलाफ आम धारणा यह है कि वे ऑपरेशन करने के लिए लालायित रहते हैं। पैथोलॉजी लैबों, मेडिकल स्टोरों और एक्सरे, सीटी स्कैन, एमआरआई करने वाले डायग्नॉस्टिक्स सेंटरों से कमीशन वसूलते है। इसलिए आवश्यकता न होते हुए भी रोगियों को जानबूझकर इन डायग्नॉस्टिक्स सेंटरों पर जाने के लिए मजबूर करते हैं। डॉक्टरों के खिलाफ इन धारणाओं में कुछ हद तक या फिर काफी हद तक सच्चाई हो सकती है लेकिन इन धारणाओं के आधार पर समूचे चिकित्सक जगत को बदनाम करना तर्कसंगत नहीं है। व्यावसायिकता के इस दौर में भी आज अनेक डॉक्टर समर्पण के साथ चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

हम सबका यह कर्तव्य है कि विपरीत परिस्थितियों में काम करने वाले ऐसे डॉक्टरो के जज्बे को नमन करते हुए चिकित्सा जगत में पनपनी विभिन्न विसंगतियों का गंभीरतापूर्वक विश्लेषण किया जाए। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हम डॉक्टरों के गलत क्रियाकलापों पर तो हल्ला मचा देते हैं लेकिन उनके अच्छे क्रियाकलापों पर उतनी गंभीरता से ध्यान नहीं देते हैं। फलस्वरूप समाज में डॉक्टरों के खिलाफ एक नकारात्कता छायी रहती है। कोरोना काल में हमारे डॉक्टरों ने जिस समर्पण, बहादुरी और जज्बे के साथ समाज की सेवा की है, वह सराहनीय है। ऐसे समय में जबकि एक आम आदमी को एक-दो घंटा मास्क लगाने में भी दिक्कत महसूस होती है, हमारे डॉक्टरों ने दिन-रात पीपीई किट पहनकर और मास्क लगाकर पसीने में नहाते हुए अपने काम को अंजाम दिया है। हो सकता है कि इस आपदा को कुछ डॉक्टरों ने अवसर में तब्दील कर दिया हो लेकिन इस आधार पर पूरी डॉक्टर बिरादरी को बदनाम करना क्या तर्कसंगत है? कई बार डॉक्टरों के साथ मरीजों के परिजनों द्वारा मारपीट की घटनाएं भी प्रकाश में आती हैं। इस वजह से डॉक्टर स्वयं के ऊपर जिम्मेदारी न लेकर कोई खतरा मोल नहीं लेना चाहता है। यही कारण है कि वह पहले ही सब तरह के परीक्षण करा लेना चाहता है। कई बार सरकारी सेवा में कार्यरत डॉक्टर संसाधनों के अभाव में भी बेहतर कार्य नहीं कर पाते हैं। अनेक जगहों पर सरकारी अस्पतालों में वर्षों तक मशीने खराब पड़ी रहती हैं। डॉक्टरों द्वारा विभाग को कई पत्र लिखने के बाद भी व्यवस्था में सुधार नही होता है। ऐसे माहौल में योग्य डॉक्टरों का उत्साह कम हो जाता है और उन्हें निराशा का सामना करना पड़ता है। इसलिए अब समय आ गया है कि हम डॉक्टरों के समर्पण को व्यवस्था की मार से बचाएं।

आज सरकारी सेवा में कार्यरत डॉक्टरों को बेहतर माहौल देने और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए हमारी स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार की जरूरत है। पिछले दिनों नीति आयोग ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए खर्च बढ़ाने की जरूरत बताई थी। नीति आयोग के सदस्य वी. के. पाल ने कहा था कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और उन्हें देश के हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए केन्द्र और राज्यों को मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं की मद में खर्च को बढ़ाना होगा। यह कटु सत्य है कि हमारे देश में आबादी के हिसाब से स्वास्थ्य सेवाएं दयनीय स्थिति में हैं। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में जीडीपी का मात्र डेढ़ फीसद ही खर्च होता है। हालांकि सरकार ने अगले पांच साल में इसे तीन फीसद तक करने का लक्ष्य रखा है। जबकि हमारे देश के हिसाब से यह भी कम है। दुनिया के कई देश स्वास्थ्य सेवाओं की मद में आठ से नौ फीसद तक खर्च कर रहे हैं। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रयास करती दिखाई तो दे रही है लेकिन उसका प्रयास व्यावहारिक रूप से क्रियान्वित होता दिखाई नहीं दे रहा है। इस प्रगतिशील दौर में भी ऐसी अनेक खबरें प्रकाश में आई हैं कि जब अस्पताल गरीब मरीज के शव को घर पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं करा पाए। दरअसल संसाधन सीमित होने तथा व्यवस्था में सुधार न होने के कारण डॉक्टर बेवजह बदनाम होते है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों अमेरिका के 'सेंटर फॉर डिजीज डाइनामिक्स, इकॉनॉमिक्स एंड पॉलिसी' (सीडीडीईपी) द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत में लगभग छह लाख डॉक्टरों और 20 लाख नर्सों की कमी है। भारत में 10,189 लोगों पर एक सरकारी डॉक्टर है, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक हजार लोगों पर एक डॉक्टर की सिफारिश की है। हमारे देश में व्यवस्था की नाकामी और विभिन्न वातावरणीय कारकों के कारण बीमारियों का प्रकोप ज्यादा होता है। हालांकि यह सुखद है कि इस माहौल में भी अनेक डॉक्टर अपने पेशे की गरिमा को बचाए हुए है। अनेक पर्यावरणीय कारणों से भविष्य में संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ेगा। सरकार इस दिशा में लगातार कदम उठा रही है लेकिन इस मुद्दे पर ज्यादा ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

# चिंताजनक है जातीय विद्वेष


डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

उत्तर प्रदेश में जातीय उन्माद फन फैला रहा है। इसके पहले कि कालिया नाग रुपी यह जातीय विद्वेष पूरे समाज को विषाक्त कर दे प्रशासन को कालिया दमन के पुराणोक्त चरित्र में योगेश्वर श्रीकृष्ण का अनुगमन करना होगा। यह क्या देखा जा रहा है कि कहीं स्वघोषित अहीर रेजिमेंट उत्पात मचाये हुए है तो कहीं भीम आर्मी पुलिस से पंगे ले रही है। इटावा में तो हद ही हो गई है जहां कथित यादव रेजीमेंट पुलिस पर पथराव ही नहीं किया गाड़ियां तक तोड़ दीं। दादरपुर गांव में जाति पूंछकर इंट्री देने की खबर है। इलाहाबाद में तो पांच हजार की संख्या में भीमराव आंबेडकर के अनुयायी होने का उद्घोष करने वाली भीड़ ने ऐसा उत्पात मचाया कि आस-पास के जिलों से पुलिस बुलानी पड़ी। क्या इसका अर्थ यह है कि प्रशासनिक मशीनरी ऐसी स्थितियों का पूर्वाभास नहीं कर पाई। और सामान्य और शांत जनजीवन में खलल डालने वाली घटनाएं उस सरकार में घट रही हैं जिसकी प्रशासनिक कुशलता की नज़ीरें दूसरे प्रांतों में दी जाती हैं। किंतु कहीं न कहीं कुछ ढ़िलाई या नरमी तो जरुर है भले ही वह अनचाहे हो या फिर किसी छुपे मंतव्य के चलते जानबूझकर। ताकि जनता भी सरे आम सड़क पर उतरती गुंडई का साक्षात कर सके। यह तो बिल्कुल स्पष्ट है कि ये उपद्रवी अपने नेताओं की शह पर अपनी पर उतर रहे हैं, बिना आगा पीछा सोचे। और यह सब 2027 के चुनाव के लिए जमीन और आबोहवा तैयार हो रही है। वर्तमान सरकार को उभरते जातीय उन्मादियों को सार्वजनिक अथवा निजीतौर पर समझा देना चाहिए कि उनकी सीमाएं क्या हैं। उनके साथ किसी भी तरह की नरमी न बरती जाए। अन्यथा प्रदेश में जातीय उन्माद कहीं व्यापक रुप से फैलकर विस्फोटक स्थिति में न पहुंच जाए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।)

## एक नजर

### अपर मुख्य सचिव जितेंद्र कुमार समेत चार आईएएस सेवानिवृत्त

**अमृत विचार, लखनऊ:** अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन जितेंद्र कुमार समेत चार आईएएस अधिकारी सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए। 1990 बैच के आईएएस अधिकारी के पास पुनर्गठन समन्वय, भाषा, राष्ट्रीय एकीकरण के साथ ही निदेशक हिंदी संस्थान का भी पद था। इसके अलावा वर्ष 2009 बैच के आईएएस अधिकारी अखिलेश कुमार मिश्रा, वर्ष 2012 बैच के आईएएस अधिकारी बृजराज सिंह यादव और इसी बैच के सुरेन्द्र प्रसाद सिंह सेवानिवृत्त हो गए। पीसीएस अधिकारियों में पप्पू गुप्ता, राम भरत तिवारी, कुंवर बहादुर सिंह, पुरुषोत्तमदास गुप्ता, सतीश कुमार त्रिपाठी, हरिओम शर्मा, राजीव पांडेय, हनुमान प्रसाद और राज नारायण सेवानिवृत्त हुए।

### अनुदानित छात्रावास के कर्मियों को मिलेगा बढ़ा मानदेय

**अमृत विचार, लखनऊ:** समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने कहा कि अनुदानित छात्रावास के कर्मियों को श्रम दरों के अनुरूप बढ़ा हुआ मानदेय दिया जाएगा। जिस हिसाब से श्रम दर बढ़ेगी, कर्मियों का मानदेय भी उसी तरह बढ़ता रहेगा। राज्यमंत्री सोमवार को स्वर्गीय नरेंद्र कुमार शास्त्री की 94वीं जयंती पर राजधानी स्थित शास्त्री छात्रावास में आयोजित एससी-एसटी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। राज्यमंत्री ने कहा कि हमें डॉ भीमराव आंबेडकर के जरिये दिए गए आदर्श मूल्यों को जीवन में अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। दूसरी ओर, राज्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के संसदीय कार्यालय में नागरिकों की समस्याओं को भी सुना।

### वंदेभारत एक्सप्रेस पर फिर हुई पत्थरबाजी

**अमृत विचार, लखनऊ:** वंदे भारत एक्सप्रेस में लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन के अंतर्गत आने वाले आलमबाग रेलवे लाइन पर शनिवार देर शाम को हुई। अयोध्या से आनंद विहार जा रही वंदे भारत ट्रेन (22425) पर आलमबाग में पश्चिम केबिन के पास पत्थरबाजी हुई, जिससे ट्रेन की चेयरकार बोगी सी-11 की खिड़की का शीशा टूट गया। फिलहाल इस मामले में आरपीएफ ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# झरने में नहाते समय दो युवक डूबे

## चार दोस्त लखनऊ से मिर्जापुर घूमने गए थे, लखनिया दरी में रविवार को हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** वाराणसी व मिर्जापुर घूमने गये लखनऊ के दो युवकों की लखनिया जलप्रपात में डूबने से मौत हो गई। दोनों लखनऊ विश्वविद्यालय के एमएसडब्ल्यू के छात्र थे। एनडीआरएफ ने रविवार देर रात को दोनों को शव को बाहर निकाला। सोमवार को पोस्टमार्टम कर परिजन को सुपुर्द कर दिया गया। दो अन्य दोस्त उनके साथ थे। चारों जलप्रपात एक साथ पहुंचे थे।

लखनऊ से वाराणसी होते हुए चार युवक रविवार शाम लखनिया दरी जलप्रपात पर स्थित चूना दरी पिकनिक मनाने पहुंचे। झरने में नहाते समय लखीमपुर खीरी के धौरहरा महाराजगंज निवासी भानु मौर्य (27) फिसल कर गहरे पानी में चला गया। साथ में नहा रहे आलमबाग के कैलाशपुरी निवासी अंकित दुबे (24) ने बचाने की कोशिश की पर वह भी डूबने लगा। देखते ही देखते दोनों गहरे पानी में समा गए।

मौके पर मौजूद साथी लखनऊ के शारदा नगर आशियाना के रुचिखंड-1 निवासी आयुष गुप्ता और गोंडा के शाहपुर परसपुर निवासी अमित कुमार व अन्य पर्यटकों ने डूब रहे युवकों को बचाने का प्रयास किया पर सफल नहीं हो सके। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तलाश शुरू किया। असफल होने पर एनडीआरएफ को बुलाया गया। देर रात दोनों का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जहां सोमवार देर शाम को परिजन को सुपुर्द कर दिया गया।

### पिता और मां के बाद बेटे की हादसे मौत

**अमृत विचार, लखनऊ:** आलमबाग कैलाशपुरी निवासी अंकित दुबे के पिता की 12 वर्ष पहले बीमारी से मौत हुई थी। वहीं करीब पांच वर्ष पूर्व मां का भी स्वर्गवास हो गया। रविवार को जैसे ही घर लखनियादरी जलप्रपात में डूबने की सूचना मिली कोहराम मच गया। पूरा परिवार सदमे हैं। परिवार लखनऊ से मिर्जापुर के लिए रवाना हो गया। 80 वर्षीय दादा को कोई सदमा न लगे इस वजह से हादसे की सूचना उन्हें भी नहीं दी गई। आलमबाग के कैलाशपुरी निवासी अंकित दुबे अपने तीन दोस्तों के साथ मिर्जापुर गए थे। यहां लखनियादरी जल प्रपात में डूबने से अंकित और लखीमपुर खीरी निवासी उनके दोस्त भानु मौर्य की मौत हो गई। परिवार ने दो अन्य दोस्तों पर साजिश के तहत मारने के आरोप लगाते हुए मिर्जापुर पुलिस से जांच की मांग की है। मृतक के ममेरे भाई ब्रह्म कुमार दुबे ने बताया कि एक साल पहले ही अंकित ने लवि से एमएसडब्ल्यू की पढ़ाई पूरी की थी। करीब 12 वर्ष पहले उनके पिता राम कुमार दुबे की मौत हो गई थी। पांच वर्ष पहले मां भी दुनिया से चली गई। कैलाशपुरी स्थित घर में 80 वर्षीय दादा दयाशंकर दुबे हैं। उनकी भी तबयीत ठीक नहीं रहती है। उनको सदमा न लग जाए इसी वजह से घटना की सूचना उन्हें नहीं दी गई। हादसे के बाद अंकित के रिश्तेदार मिर्जापुर के लिए रवाना हो गए। पोस्टमार्टम के बाद देर शाम पुलिस ने अंकित के शव को परिवारजन के सिपुर्द कर दिया। परिवार के लोग शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए बनारस चले गए। अंकित के परिवार ने दोस्त आयुष और अमित के खिलाफ जांच की मांग करते हुए मिर्जापुर के पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत की है।

# प्रदेश में पहले चरण में बनेंगी 11,350 डिजिटल लाइब्रेरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ग्राम पंचायतों में चार लाख से खरीदें जाएंगे उपकरण और फर्नीचर

**अमृत विचार:** प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाने की कवायद शुरू हो गई है। जहां, शहर की तर्ज पर छात्र-छात्राओं को पढ़ाई की सुविधा मिलेगी। साथ ही ऑनलाइन किसी भी तरह की तैयारी कर सकेंगे, जिनका गांवों में अभाव है।

पंचायती राज विभाग पहले चरण में 11,350 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाएगा। इसकी स्थापना पंचायत भवनों में की जाएगी। एक लाइब्रेरी चार लाख रुपये में तैयार होगी। इसमें कैमरे से लैस स्मार्ट एलईडी, कंप्यूटर सिस्टम व स्कैनर आदि उपकरण लगाए जाएंगे। हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर संबंधित उपकरण यूपी डेस्को के माध्यम से खरीदा जाएगा। फर्नीचर, किताबें व अन्य सामान की खरीद जिला स्तरीय कमेटी के माध्यम से की जाएगी। लाइब्रेरी इस वर्ष तैयार की जाएंगी। इसी तरह दूसरे चरण में अन्य ग्राम पंचायत चयनित की जाएंगी।

### 22,700 पंचायत भवन चिह्नित

डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना गांवों में बने पंचायत भवनों में की जाएगी। विभाग ने कुल 22,700 पंचायत भवन चयनित किए हैं, जिनमें दो से अधिक कमरे व एक हॉल है। पहले चरण में 11,350 डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जाएंगी। इसी तरह अन्य चरणों में सभी पंचायतों में व्यवस्थाएं करके लाइब्रेरी खोली जाएंगी।

### लाइब्रेरी स्थापना के उद्देश्य

- बाल एवं युवाओं के पढ़ने की अभिरुचि बढ़ाना
- प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पाठ्य पुस्तकें व डिजिटल कन्टेंट निशुल्क

### ये होंगी गतिविधियां

- राज्य स्तर पर परियोजना प्रबंधन इकाई का गठन
- परियोजना प्रबंधन इकाई के लिए परामर्शी एवं कर्मी
- चयनित ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी फर्नीचर, आईटी उपकरण
- डिजिटल लाइब्रेरी में पुस्तकों व डिजिटल कंटेंट की व्यवस्था

# आत्महत्या के मामले में पूर्व न्यायमूर्ति व उनकी पत्नी की गिरफ़्तारी पर रोक

लखनऊ, विधि संवाददाता

- चोरी के आरोप के बाद नौकर ने की थी आत्महत्या, 25 जून को नौकर की पत्नी ने भी कर ली खुदकुशी

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अनिल कुमार व उनकी पत्नी वंदना श्रीवास्तव की अंतरिम गिरफ़्तारी पर रोक लगा दी है। पूर्व न्यायमूर्ति के नौकर ने चोरी का आरोप लगने के बाद आत्महत्या कर ली थी। मामले में आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप पूर्व न्यायमूर्ति व उनकी पत्नी पर लगा है। कोर्ट ने याचियों को अंतरिम राहत देने के साथ-साथ राज्य सरकार को चार सप्ताह में जवाबी हलफ़नामा दाखिल करने का आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर व न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की अवकाशकालीन खंडपीठ ने पूर्व न्यायमूर्ति व उनकी पत्नी की याचिका पर पारित किया। याचिका में 2 अप्रैल 2025 के उस एफआईआर को खारिज करने की मांग की गई है, जिसमें मृतक महेश निषाद की पत्नी ने याचियों पर उसके पति को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। याचियों की ओर से अधिवक्ताओं प्रांशु अग्रवाल व चंदन श्रीवास्तव ने दलील दी कि महेश निषाद ने 18 मार्च 2025 को अलीगंज थाने में स्वीकार किया था कि उसने साढ़े छह लाख रुपये याचियों के घर से चोरी किए हैं तथा 90 हजार व 38 हजार रुपये वापस भी किए। उसके छोटे भाई शंकर निषाद व पत्नी कविता निषाद के साथ थाने में लिखित समझौता हुआ कि वह बाकी के पैसे छह माह में लौटा देगा। कहा गया कि इसके 13 दिनों बाद उसने आत्महत्या कर लिया। लिहाजा ये नहीं कहा जा सकता कि याचियों ने मृतक को आत्महत्या के लिए उकसाया हो।

यह भी दलील दी गई कि मृतक पर बैंकों का लाखों रुपये कर्ज था, उसका घर भी नीलामी प्रक्रिया में था। राज्य सरकार की ओर से मामले में विवेचना की स्थिति से अवगत कराया गया। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के उपरांत पारित अपने आदेश में कहा कि मामले में प्रथम दृष्टया आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध गठित करने वाले तत्वों का अभाव दिख रहा है।

# भारतीय इतिहास का काला अध्याय था आपातकाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- संविधान हत्या दिवस पर बीबीएयू में हुआ कार्यक्रम
- संस्कृति मंत्रालय की फिल्म पर हुई चर्चा

**अमृत विचार:** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में संविधान हत्या दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यवाहक कुलपति प्रो. एस. विक्टर बाबू ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आपातकाल भारतीय इतिहास का अंधकारमय अध्याय था। जिसके दौरान न केवल नागरिकों के मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया, बल्कि एक तरह से संविधान को भी निष्क्रिय कर दिया गया। यह वह समय था जब संविधान के जरिए जो लोकतांत्रिक सपने देखे गए थे, वे टूटते नजर आए। इसके अतिरिक्त प्रो. बाबू ने संदेश दिया कि संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि हर नागरिक के अधिकारों और स्वतंत्रता की ढाल है।

कार्यक्रम के दौरान संस्कृति मंत्रालय द्वारा 'संविधान हत्या दिवस' को केंद्र में रखकर बनाई गयी फिल्म के माध्यम से आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र और संविधान पर सबसे बड़े हमले के रूप में प्रस्तुत किया गया। फिल्म के माध्यम से बताया गया है कि किस प्रकार तत्कालीन सरकार ने नागरिकों के मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया, प्रेस की स्वतंत्रता छीनी गई।

## सार-संक्षेप

### पर्यटन भवन के उच्चीकरण के लिए 6.92 करोड़ स्वीकृत

**अमृत विचार, लखनऊ:** गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन का उच्चीकरण किया जा रहा है। इस परियोजना के लिए 06.92 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गयी है। भवन में आधुनिक सुविधाएं बढ़ने से विभागीय कार्यों को अधिक सुगमता से संपन्न किया जा सके। पुराने ढांचे को मजबूत और टिकाऊ बनाया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उच्चीकरण के तहत भवन की संरचना में सुधार, आंतरिक साज-सज्जा, डिजिटल डिस्प्ले सहित अन्य कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही बताया कि भवन को सक्रिय और प्रभावी केंद्र के रूप में स्थापित करने का उद्देश्य है। उन्होंने भरोसा जताया कि उच्चीकरण से न केवल विभागीय कार्यों में तेजी आएगी, बल्कि पर्यटकों का अनुभव भी बेहतर होगा। हाईटेक व्यवस्था से राज्य के पर्यटन को नई दिशा मिलेगी। साथ ही, आगंतुकों को बेहतर गाइडेंस, जानकारी और आरामदायक माहौल भी मिलेगा।

### राज्य कर विभाग में कार्यशील खंड कार्यालयों का पुनर्गठन

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश में राज्य कर विभाग में कार्यशील खंड कार्यालयों का पुनर्गठन किया गया। नये खंड कार्यालय 1 जुलाई से प्रभावी होंगे। करदाता अपने से संबंधित क्षेत्राधिकार वाले नये खंडों के विषय में विभागीय वेबसाइट से अपेक्षित सूचना प्राप्त कर सकेंगे। राज्य कर आयुक्त नितिन बंसल ने बताया कि खंड कार्यालयों के पुनर्गठन के बाद नये खंड सृजित हुए हैं, जिनके भौगोलिक क्षेत्र पूर्व से भिन्न हैं। उन्होंने बताया कि खंडों के पुनर्गठन के कारण करदाताओं के समक्ष अनुपालन संबंधी कठिनाइयों का समाधान जोन व जिला स्तर पर स्थित हेल्प डेस्क के माध्यम से कराए जाने के लिए सभी जोनल अपर आयुक्तों को निर्देश दिए गए हैं। व्यापारी किसी कठिनाई की दशा में हेल्प डेस्क से संपर्क कर अपनी समस्या का निराकरण करा सकते हैं।

### सचिवालय सेवा के आठ अधिकारियों को मिली प्रोन्नति

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य सचिवालय सेवा के आठ अधिकारियों को प्रोन्नत किया गया है। इस सिलसिले में शासन की ओर से आदेश जारी किये गए। संसदीय कार्य विभाग में तैनात शिवाजी सिंह को संयुक्त से विशेष सचिव पद पर तैनाती मिली है। गृह विभाग में तैनात आशुतोष चंद्र पांडेय को उप सचिव से संयुक्त सचिव बनाया गया है। नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग में तैनात महेंद्र कुमार त्रिपाठी को उप सचिव से संयुक्त सचिव पद पर पदोन्नति मिली है। लेखा संवर्ग के उप सचिव राजेश कुमार पांडेय (राज्य संपत्ति विभाग) व असलम खान (खाद्य एवं रसद विभाग) को संयुक्त सचिव पद पर प्रोन्नति दी गई है। डॉ. उमेश चंद्र वर्मा (सचिवालय प्रशासन विभाग), केबीएल श्रीवास्तव (नगर विकास विभाग) और विनय कुमार पाठक (वन एवं पर्यावरण) को अनुसचिव से उप सचिव के पद पर प्रोन्नति दी गई है।

### संवाददाता को जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, गोसाईंगंज:** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में रहने वाले एक हिंदी दैनिक के संवाददाता को दबंगों ने कॉल कर जान से मारने की धमकी दी। इसकी शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल से शिकायत की। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया। उनके आदेश के बाद भी दो दिन तक मामले में टालमटोल का रवैया पुलिस ने रखा। इसके बाद डीसीपी ने सख्ती की तो सोमवार को रिपोर्ट दर्ज की गई। मादरमऊ खुर्दही स्थित चंद्रलोक कालोनी में डॉ. राजपाल परिवार के साथ रहते हैं। उनके मकान के समाने सुनील सिंह रहते हैं। सुनील सिंह पीछे पड़ी जमीन पर बांस-बल्ली से कब्जा कर लिया है। डॉ. राजपाल वहां पेड़ लगा रहे थे। इसी बीच सुनील सिंह व उनके भाई सनी सिंह ने 25 जून को गाली-गलौज की। आसपास के लोगों के बीच-बचाव के कारण मामला शांत हो गया। इसके बाद सनी सिंह ने कॉल कर गालियां देते हुए जान से मारने और झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने गुरुवार को सुशांत गोल्फ सिटी थाने में शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद शनिवार को डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल से शिकायत की। उनके आदेश के दो दिन बाद इंस्पेक्टर ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### देवीपाटन मंदिर में लगेगा फ्लोटिंग म्यूजिकल फाउंटेन

**अमृत विचार, लखनऊ:** बलरामपुर स्थित शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए और आकर्षित बनाया जाएगा। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को अब परिसर में सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और तकनीकी का अद्भुत समन्वय देखने को मिलेगा। परियोजना के अंतर्गत फ्लोटिंग म्यूजिकल फाउंटेन के साथ-साथ अत्याधुनिक मल्टीमीडिया लेजर शो, बीम प्रोजेक्टर और वॉटर स्क्रीन पर वीडियो प्रोजेक्शन की स्थापना की जाएगी। इस योजना के लिए सात करोड़ 83 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को बताया कि यह परियोजना न केवल मंदिर की सुंदरता को बढ़ाएगी, बल्कि पर्यटकों और श्रद्धालुओं को आकर्षित भी करेगी। इस पहल से देवीपाटन में अत्याधुनिक इंस्टॉलेशन के माध्यम से दर्शकों को एक ऐसा अनुभव प्रदान किया जाएगा, जिसमें प्राचीन कथाओं और तकनीक की नवीनता का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। इस परियोजना के अंतर्गत स्क्रिप्ट के अनुसार ऑडियो-विजुअल कंटेंट बनाया जाएगा, जिसमें लाइव एक्शन फुटेज, एनीमेशन, चित्रण, कथावाचन और संगीत सम्मिलित होंगी।

### कार्यवाहक डीजी परिवार कल्याण बनीं डॉ.कजली गुप्ता

**अमृत विचार, लखनऊ:** महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ.सुषमा सिंह समेत स्वास्थ्य विभाग के आठ अधिकारी सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए हैं। शासन द्वारा रिक्त पदों पर नई तैनाती न होने की दशा में वरिष्ठतम अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। निदेशक मातृ एवं शिशु परिवार कल्याण डॉ.कजली गुप्ता ने बतौर कार्यवाहक महानिदेशक परिवार कल्याण का कार्यभार संभाला है। इसी क्रम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल (सिविल) के निदेशक डॉ. सुनील भारतीय भी सेवानिवृत्त हो गए, उन्होंने अपर निदेशक लखनऊ डॉ. जीपी गुप्ता को कार्यभार सौपा है। वहीं, बलरामपुर के सीएमएस डॉ. एसके पाण्डेय ने अस्पताल निदेशक को कार्यभार सौपते हुए विदाई ली। इसके अलावा सेवानिवृत्त होने वालों में स्वास्थ्य महानिदेशालय में निदेशक उपचार डॉ.भानु प्रताप सिंह कल्याणी, निदेशक सीएचसी डॉ.कल्पना चौहान चंदेल, अपर निदेशक अलीगढ़ मंडल डॉ.राजेश कटियार, गौतमबुद्ध नगर से डॉ.राजेन्द्र कुमार, जिला चिकित्सालय गौतमबुद्ध नगर के सीएमएस डॉ. रेनू अग्रवाल और बलरामपुर अस्पताल के ही डॉ.कृष्ण कुमार अपने उच्चतम अधिकारी को कार्यभार सौप सेवानिवृत्त हो गए हैं।

# कृष्ण ने पांच स्वर्ण पर किया कब्जा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते खेल मंत्री। अमृत विचार

**अमृत विचार:** 39वीं सब जूनियर और 54वीं जूनियर राज्य स्तरीय तैराकी चैंपियनशिप के अंतिम दिन सोमवार को स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ के कृष्ण यादव (ग्रुप टू) ने दो नये कीर्तिमान बनाते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इसके साथ ही पांच स्वर्ण पदक जीतने वाले कृष्ण यादव ग्रुप टू में बालक वर्ग में भी इंडिविजुअल चैंपियनशिप पर भी कब्जा किया। ग्रुप थ्री में लखनऊ टीम ने 46 अंकों के साथ टीम चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। ग्रुप वन और ग्रुप टू में गौतमबुद्ध नगर ने टीम चैंपियनशिप हासिल की। दोनों ग्रुपों में गौतमबुद्ध नगर को 213-213 अंक मिले।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित तरणताल में चैंपियनशिप का आज समापन हुआ। समापन अवसर पर खेल मंत्री गिरीश चंद यादव ने सभी विजयी खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया। गेस्ट ऑफ ऑनर पूर्व मंत्री राजा जय प्रताप सिंह ने भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अतुल सिन्हा, यूपी ट्रायथलान एसोसिएशन के महासचिव संदीप मिश्रा, आरएसओ अतुल सिन्हा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

ग्रुप वन के बालक वर्ग में चार स्वर्ण पदक जीतने वाले वेदांत चंद्रा और बालिका वर्ग में पांच स्वर्ण पदक जीतने वाली शल्य भाटी ने इंडीविजुअल चैंपियनशिप हासिल की। ग्रुप टू में बालिका वर्ग में गौतमबुद्ध नगर की सिदक कौर इंडिविजुअल चैंपियन बनीं। ग्रुप थ्री में तीन स्वर्ण जीतने वाले बहराइच के अंश प्रताप सिंह और बालिका वर्ग में पांच स्वर्ण जीतने वाली श्रीजा सिंह इंडिविजुअल चैंपियन रही। चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने अंतिम दिन दस नये कीर्तिमान स्थापित किए।

ग्रुप थ्री बालक में अंश प्रताप सिंह ने 400 मीटर फ्री स्टाल में 5.07 मिनट, ग्रुप थ्री बालिका में गाजियाबाद की श्रीजा सिंह ने 400 मीटर फ्री स्टाइल में 5.28 मिनट, ग्रुप वन बालक वर्ग में 50 मीटर बैक स्ट्रोक में गौतमबुद्ध नगर वेदांत चंद्रा ने 27.59 सेकंड, ग्रुप वन बालिका वर्ग में 50 मीटर बैक स्ट्रोक में जिया यादव ने 31.25 सेकंड, ग्रुप वन बालक वर्ग में 50 मीटर फ्री स्टाइल में गाजियाबाद के ओम त्यागी ने 25.88 सेकंड, ग्रुप टू बालक वर्ग में स्पोर्ट्स हॉस्टल के कृष्ण यादव ने 50 मीटर फ्री स्टाइल में 26.75 सेकंड, 100 मीटर बटरफ्लाई में 58.97 सेकंड, ग्रुप थ्री में 100 मीटर बटरफ्लाई में अमेठी के अविनाश निषाद ने 1.12 मिनट, ग्रुप थ्री बालक में 200 मीटर आईएम में भदोही के नितेश निषाद ने 2.41 मिनट और 200 मीटर आईएम में बालिका वर्ग में गाजियाबाद की श्रीजा सिंह ने 3.03 मिनट का समय निकाल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया।

### समय से पूरे हों निर्माण कार्य, गुणवत्ता का रखें ख्याल: खेलमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश में सभी निर्माण कार्य स्वीकृत लागत और अनुमोदित मानकों के अनुरूप समय सीमा में पूरे किए जाएं। ये निर्देश उत्तर प्रदेश के खेल विभाग की ओर से निर्माणाधीन खेल अवस्थापना की प्रगति की समीक्षा के लिए के दौरान खेल व युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने दिए। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में समीक्षा कर रहे खेल मंत्री ने कहा कि किसी भी प्रोजेक्ट को बिना आवश्यक कारणों के पुनरीक्षित न किया जाए। उन्होंने जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में गठित गुणवत्ता जांच समिति से प्रत्येक माह रिपोर्ट प्राप्त कर निदेशालय को भेजने के निर्देश भी दिए।

# अवध शिल्पग्राम में 4 से होगा आम महोत्सव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विशेषज्ञों व प्रगतिशील किसानों की ओर से आयोजित किया जायेगा विशेष सत्र

**अमृत विचार:** राजधानी स्थित अवध शिल्पग्राम में 4 से 6 जुलाई तक आम महोत्सव-2025 आयोजित होगा। महोत्सव में आम की विभिन्न किस्मों व उत्पादों का प्रदर्शन होगा।

इसमें विशेषज्ञों व प्रगतिशील किसानों की ओर से विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। उद्यान राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने सोमवार को अवध शिल्पग्राम का निरीक्षण कर तैयारी का जाएजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर राज्यमंत्री ने कहा कि महोत्सव में अधिक से अधिक आम की विशिष्ट किस्मों को प्रदर्शित किया जाए। किसानों व उनके आम को महोत्सव तक लाने-ले जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो।

इसके साथ ही विशिष्ट किस्म के आम उत्पादकों, विशेषज्ञों व प्रगतिशील किसानों के जरिये तकनीकी सत्र के माध्यम से अन्य किसानों को प्रोत्साहित किया जाय।

उन्होंने कहा कि महोत्सव में देश-विदेश के निर्यातक, आम उत्पादक, बागवान, वैज्ञानिक और आम प्रेमी के विचारों को किसानों के बीच साझा किया जाय, ताकि प्रदेश के किसान अपनी फसलों में नवाचार कर कम लागत में निर्यातयुक्त फसल पैदा कर सके। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बीएल मीणा, निदेशक बीपी राम, संयुक्त निदेशक सर्वेश कुमार व राजीव वर्मा समेत वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बुलडोजर नीति के खिलाफ इंसाफ मंच का धरना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



इको गार्डन में प्रदर्शन करते इंसाफ मंच और भाकपा माले के कार्यकर्ता। अमृत विचार

अमृत विचार: इंसाफ मंच व भाकपा (माले) ने योगी सरकार की बुलडोजर कार्रवाई और मदरसों को जबरिया बंद करने के खिलाफ सोमवार को इको गार्डन में प्रदर्शन किया। धरने में प्रदेश भर के कार्यकर्ता शामिल हुए। धरना प्रदर्शन के बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन पुलिस कमिश्नरेट में दिया।

मुख्य वक्ता भाकपा (माले) के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने कहा कि योगी सरकार सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों की धज्जियां उड़ा रही है। उन्होंने संविधान की रक्षा, लोकतंत्र व बुनियादी अधिकारों के लिए जनांदोलनों को तेज करने का आह्वान किया। इंसाफ मंच के राज्य संयोजक अफरोज आलम ने कहा कि बहराइच, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, पीलीभीत आदि जिलों में सैकड़ों मदरसों को ध्वस्त या बंद कर दिया गया है। एक्टू के प्रदेश अध्यक्ष विजय विद्रोही ने कहा कि योगी सरकार न केवल मदरसों को ध्वस्त करने बल्कि प्राइमरी विद्यालयों को बंद करके गरीबों की शिक्षा छीनने का काम करने जा रही है। धरने को सीपीआई नेता फूलचंद यादव, सीपीएम के बाबूराम यादव, भाकपा (माले) के रमेश सिंह सेंगर, इंकलाबी नौजवान सभा के सुनील मौर्य, माले के सदस्य अतीक अहमद, रामभरोस, जमाल खान, ऐपवा नेता कमला गौतम, आइसा के शांतम निधि व एक्टू के रामसिंह चौधरी ने भी संबोधित किया।

## दावा

### उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बोले, हम मरीजों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं

# स्वास्थ्य इकाइयां हुईं हाईटेक, उत्तर प्रदेश जल्द बनेगा नंबर वन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का कहना है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश लगातार तरक्की कर रहा है। वर्ष 2017 से पहले स्वास्थ्य सेवाओं की क्या स्थिति थी, यह किसी से छिपा नहीं है। आज हम मरीजों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे है। बहुत जल्द प्रदेश स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश में नंबर वन बनेगा।

उप मुख्यमंत्री सोमवार को वर्ष 2024-25 (मार्च 2025 तक) की राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी दे रहे थे। उन्होंने बताया कि इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं पैरा मेडिकल स्टाफ की भी तैनाती हुई।

ब्रजेश पाठक ने बताया कि प्रदेश के ग्रामीण तथा शहरी इलाकों में स्थित 6022 प्रसव केंद्रों में से 424 स्वास्थ्य इकाइयों पर सिजेरियन प्रसव कराने की सुविधा प्रदान करते हुए एफआरयू (प्रथम रेफरल यूनिट) के रूप में क्रियाशील किया गया है। जननी सुरक्षा योजना के तहत 24.43 लाख प्रसव कराए गए। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत 60.63 महिलाओं के निःशुल्क औषधि, 18.94 लाख को निःशुल्क भोजन तथा 47.82 लाख महिलाओं की निःशुल्क जांच कराई गई। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत 2050 स्वास्थ्य इकाइों पर 52 हजार से अधिक स्वास्थ्य कैम्प आयोजित किए गए, जिनमें 3.96 जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित किया गया।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि सिक न्यू बोर्न केयर इकाई के माध्यम से नवजात शिशु मृत्यु दर में कमी लाने हेतु वर्तमान में प्रदेश के 75 जिलों में 115 इकाइयां संचालित हैं। इस दौरान 1.36 लाख नवजात शिशुओं को एसएनसीयू में भर्ती कर इलाज किया गया। वर्तमान में प्रदेश के 75 जिलों में 84 पोषण पुनर्वास केंद्र इकाइयां संचालित हैं।

### 4.26 करोड़ लोगों ने उठाया टेलीमेडिसिन का लाभ

ब्रजेश पाठक ने बताया कि ई संजीवनी टेलीमेडिसिन (एन्ड्रॉयड वेस्ट एप्लीकेशन) के माध्यम से 4.26 करोड़ लोगों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। प्रदेश के 74 जिलों के 75 चिकित्सालयों में (प्रयागराज में दो) निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सेवा प्रारम्भ किए जाने से मार्च 2025 तक 30 हजार से अधिक लाभार्थियों हेतु 28.53 सत्र डायलिसिस सेवाएं प्रदान की जा चुकी हैं। प्रदेश के 71 जिलों के 76 चिकित्सालयों में निःशुल्क सीटी स्कैन की सुविधा मिल रहा है। अब तक 32.44 लाख लाभार्थियों हेतु 34.65 लाख सीटी स्कैन किए जा चुके हैं। प्रदेश में टेलीरेडियोलॉजी सेवाएं वर्तमान में 227 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर संचालित की जा रही हैं।

### आमजन के लिए सुलभ हुईं सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि 102 एम्बुलेंस सेवा के तहत 2270 एम्बुलेंस के माध्यम से 1.65 लाभार्थियों एवं 108 एम्बुलेंस सेवा के तहत 2200 एम्बुलेंस के माध्यम से 61.35 लाख लाभार्थियों को परिवहन की सुविधा प्राप्त हो चुकी है। चिकित्सालयों की सुरक्षा हेतु 2506 सिक्योरिटी गार्डों की तैनाती की गई है। राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता एवं दृष्टिदोष नियंत्रण कार्यक्रम, ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट सहित केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य सेवाओं का सीधा लाभ आमजन को मिल रहा है। सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं आमजन के लिए सुलभ हुई हैं।

# हादसे में वृद्धा की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ:** मड़ियांव इलाके के आर एन होटल के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग महिला कलावती देवी (65) की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक मधुपुरम कालोनी आईआईएम रोड निवासी कलावती देवी पत्नी कवलेश्वर व दो बेटियों के साथ रहती है। सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे वह किसी काम से गई थी। तभी आईआईएम रोड एन होटल के सामने अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना से वह गम्भीर रूप से घायल हो गई, पुलिस की मदद से आयुष्मान हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



मैंगो पार्टी में महानगर भाजपा अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी व अन्य। अमृत विचार

### भाजपा महानगर पदाधिकारियों ने मैंगो पार्टी का लुत्फ उठाया

**अमृत विचार, लखनऊ:** भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने माल स्थित आम के बाग में भाजपा लखनऊ महानगर पदाधिकारियों के साथ चौसा, लंगड़ा, सुंदेरी, बंबईया, कई प्रकार के देशी आमो का लुफ्त उठाया। लखनऊ महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल, अशोक तिवारी, सौरभ वाल्मीकि, राकेश सिंह, विनायक पाण्डेय, अभिषेक खरे, चंद्र प्रकाश अवस्थी, सतीश मिश्रा, सतेंद्र सिंह, यू एन पाण्डेय, मनोज गुप्ता, अनुराग सत्या, राकेश गुप्ता, संकेत मिश्रा, अरविंद मिश्रा, आनन्द पाण्डेय, उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अब 31 जुलाई तक चलेगी टनकपुर-मथुरा स्पेशल ट्रेन

**बरेली :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए 30 जून तक प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को चलाई जा रही 05062/05061 टनकपुर-मथुरा जं.-टनकपुर स्पेशल ट्रेन का अवधि विस्तार 31 जुलाई तक कर दिया है। यह ट्रेन अपने पूर्व निर्धारित मार्ग, ठहराव, समय एवं रैक संरचना के अनुसार चलाई जाएगी। विस्तारित अवधि में 05062 टनकपुर-मथुरा जं. स्पेशल ट्रेन मथुरा कैंट स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट होगी। वहीं 05061 मथुरा जंक्शन-टनकपुर मथुरा कैंट से चलाई जाएगी। यह गाड़ी मथुरा कैंट से मथुरा जंक्शन के मध्य निरस्त रहेगी। इसके अलावा रेलवे प्रशासन ने 30 जून तक प्रतिदिन चलाई जा रही 05447/05448 पीलीभीत-शाहजहांपुर-पीलीभीत स्पेशल ट्रेन का अवधि विस्तार 30 सितंबर तक कर दिया है। यह गाड़ी अपने पूर्व निर्धारित मार्ग, ठहराव, समय एवं रैक संरचना के अनुसार चलाई जाएगी।

### बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की कैद

**बरेली :** 11 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी थाना शीशगढ़ क्षेत्र निवासी नन्हे उर्फ बाबूशाह को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट कुमार मयंक ने कठोर 20 वर्ष कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माने की पूरी रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा दी जाएगी। सरकारी वकील प्रवीन सक्सेना ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना शीशगढ़ में तहरीर देकर बताया था कि 12 जून 2024 को दोपहर में उसकी पुत्री गांव के बाहर आम के खेत में गयी थी। वहीं से बाग का रखवाला बाबूशाह पुत्री को आम के बाग से खींचकर पड़ोस में ही पंचायत घर में ले गया और दुष्कर्म किया। वह जब घर आया तो पुत्री ने रोते हुए घटना के बारे में बताया। जब अभियुक्त के घर पूछने गया तो वह मारने के लिए आमादा हो गया।

# तेलंगाना : दवा फैक्ट्री में विस्फोट से 12 की मौत

## संगारेड्डी जिले में हुआ हादसा, 34 लोग घायल

- सुबह 9.28 से 9.35 बजे के बीच हुआ विस्फोट, मौजूद थे 150 कामगार
- केमिकल रिएक्शन को माना जा रहा वजह

**संगारेड्डी (तेलंगाना), एजेंसी**


विस्फोट के बाद घटनास्थल पर राहत कार्य में जुटे बचावकर्मी। अमृत विचार

तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सोमवार को एक दवा उत्पादन संयंत्र में संदिग्ध रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण हुए विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई और 34 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार विस्फोट पशम्यलारम औद्योगिक क्षेत्र में सिगाची दवा कंपनी के संयंत्र के एक रिएक्टर में संदिग्ध रासायनिक प्रतिक्रिया (केमिकल रिएक्शन) के कारण हुआ। विस्फोट के कारण वहां आग भी लग गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना में लोगों की मौत पर दुख जताया है।

पुलिस महानिरीक्षक (मल्टी जोन) वी. सत्यनारायण ने फैक्ट्री सूत्रों के हवाले से बताया कि विस्फोट के समय फैक्ट्री में 150 लोग थे जबकि उस क्षेत्र में करीब 90 लोग थे जहां विस्फोट हुआ है। उन्होंने बताया कि विस्फोट सुबह 9.28 से 9.35 बजे के बीच हुआ।

कंपनी प्रबंधन ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी, जिसने दमकल विभाग को सूचित किया। उन्होंने बताया कि करीब 10 अग्निशमन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के कर्मी भी बचाव अभियान में लगे हुए हैं। अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। करीब 10 श्रमिक एक कमरे में फंसे हुए हैं और उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि विस्फोट के समय कितने श्रमिक काम कर रहे थे, उन्होंने कहा कि सटीक संख्या का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है, क्योंकि ऐसा माना जा रहा है कि श्रमिकों का विवरण रखने वाले व्यक्ति की मृत्यु हो गई है।

### पीएम ने जताया दुख, दो-दो लाख देने की घोषणा

प्रधानमंत्री मोदी ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया और इस घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में मृतकों के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की।

### कुछ शवों के डीएनए मिलान की जरूरत

**हैदराबाद।** पशम्यलारम औद्योगिक क्षेत्र में सिगाची दवा कंपनी के संयंत्र में हुए विस्फोट और आग दुर्घटना में मारे गए लोगों की पहचान के लिए आधा दर्जन शवों का डीएनए मिलान किया जाना चाहिए। पाटनचेरू के तहसीलदार ए रंगा राव ने बताया कि अभी तक केवल तीन शवों की पहचान हो पाई है तथा छह शव इतना अधिक जल चुके हैं कि उनकी पहचान नहीं हो पा रही है, जबकि तीन अन्य को मलबे से निकाले जाने का इंतजार है। पहचान के लिए छह शवों के डीएनए मिलान की जरूरत है।

## 10 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा गया संविदाकर्मी

**रामपुर :** मिट्टी उठाने की परमीशन के नाम पीड़ित से 10 हजार रुपये मांगना मिलक तहसील में तैनात संविदाकर्मी को भारी पड़ गया। सोमवार को शिकायत के आधार पर एंटी करप्शन टीम ने उसको मोगा ढाबे के पास से रुपये लेते हुए गिरफ्तार किया। मिलक थाना क्षेत्र के गांव जमालपुर निवासी रवि कुमार ने कुछ दिनों पहले मिट्टी उठाने के लिए एसडीएम मिलक के यहां पर फाइल लगाई थी। मिलक तहसील में तैनात अनुसेवक (संविदा कर्मी) शिव कुमार ने पीड़ित से परमीशन के नाम पर 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। जिसकी शिकायत उसने मुरादाबाद में एंटी करप्शन टीम से कर दी थी।

## जीएसटी संग्रह 5 साल में 22.08 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह पांच साल में दोगुना होकर वित्त वर्ष 2024-25 में 22.08 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2020-21 में 11.37 लाख करोड़ रुपये था।

सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार सकल जीएसटी संग्रह 2024-25 में 22.08 लाख करोड़ रुपये के अपने उच्चतम स्तर को छू गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 9.4 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 में औसत मासिक संग्रह 1.84 लाख करोड़ रुपये रहा, जो 2023-24 में 1.68 लाख करोड़ रुपये और 2021-22 में 1.51 लाख करोड़ रुपये था। जीएसटी के आठ वर्षों पर एक सरकारी बयान में कहा गया कि इसके लागू होने के बाद से, माल और सेवा कर ने राजस्व संग्रह और कर आधार बढ़ाने में मजबूत वृद्धि दिखाई है।

### लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली :** सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए पीपीएफ और एनएससी सहित विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। यह लगातार छठी तिमाही है जब लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को यथावत रखा गया है।

## दहेज हत्या में पति को 10 साल व सास-ससुर को 7 वर्ष की कैद

**रामपुर :** विवाहिता की हत्या के मामले में एफटीसी द्वितीय ने पति को 10 साल और सास-ससुर को 7 साल की कैद के साथ तीनों पर 10-10 हजार का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव खंडिया निवासी सोमवीर सिंह का कहना था कि उसने अपनी बेटी की शादी कुछ साल पहले गांव के ही रहने वाले सुरेश से की थी। शादी के कुछ समय के बाद ससुराल वाले उससे दहेज की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ आए दिन मारपीट किया करते थे। आरोप है कि 26 जून 2021 को फोन करके बताया गया कि बेटी की तबीयत खराब है। उसको अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां बाद में पता चला उसको जहर पिलाकर मार दिया था।

## रिश्वत लेने के आरोपी लेखपाल की जमानत अर्जी खारिज

**बरेली :** एसडीएम कोर्ट के आदेश पर जमीन पर कब्जा दिलाने के बदले में 10 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोपी बदायूं के थाना सिविल लाइन्स क्षेत्र की आवास विकास कालोनी निवासी सदर तहसील, बदायूं के लेखपाल संजीव कुमार की जमानत अर्जी स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट कमलेश्वर पांडेय ने खारिज कर दी। सरकारी वकील सौरभ तिवारी ने बताया कि शिकायतकर्ता इशरत अली ने थाना एंटी करप्शन, बरेली में तहरीर देकर बताया था कि ग्राम कलपिया के गाटा संख्या 4688 की ठियाबंदी के लिए एसडीएम सदर बदायूं के न्यायालय में वाद दायर किया था।

# किशोरी को आतंकी गतिविधियों में शामिल करने की कोशिश

**संवाददाता, प्रयागराज**



- पीड़िता को प्रयागराज से केरल ले गए थे आरोपी, पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार
- 26 जून को पीड़िता की मां ने फूलपुर थाने में दर्ज कराई थी शिकायत

**अमृत विचार :** प्रयागराज जिले की पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर केरल ले जाने, उसका धर्म परिवर्तन कराने और आतंकी गतिविधियों में शामिल करने की कोशिश के आरोप में एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने आरोपियों के चंगुल से भागने के उपरांत पुलिस के सामने इसका खुलासा किया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि दरकशा बानो और मोहम्मद कैफ नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता को केरल से प्रयागराज लाकर वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है।

गंगा नगर के पुलिस उपायुक्त कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि 26 जून को पीड़िता की मां ने फूलपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि बानो उनकी 15 वर्षीय बेटी को आठ मई को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गई थी। मोहम्मद कैफ ने नाबालिग को मोटरसाइकिल से प्रयागराज जंक्शन पहुंचाया। बानो उसे ट्रेन से पहले दिल्ली ले गई फिर वहां से केरल जहां उसने नाबालिग को कुछ संदिग्ध लोगों से मिलवाया। संदिग्धों ने उसे रुपयों का प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराया और आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के लिए दबाव बनाया, वह किसी तरह उनके चंगुल से भागकर त्रिशूर रेलवे स्टेशन पर पहुंची।

# उपद्रव करने के आरोप में 67 लोग गिरफ्तार

**प्रयागराज, एजेंसी**



- पुलिस ने आठ बाल अपचारियों को हिरासत में लिया

प्रदेश की नगीना लोकसभा सीट से सांसद चंद्रशेखर आजाद को करछना तहसील के इसौटा गांव जाने से रोके जाने पर रविवार को आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने अब तक 67 लोगों को गिरफ्तार किया और आठ बाल अपचारियों को हिरासत में लिया गया है।

पुलिस उपायुक्त (यमुना नगर) विवेक चंद्र यादव ने बताया कि करछना थानाक्षेत्र के भड़ेवरा बाजार में पथराव और तोड़फोड़ के मामले में अब तक 67 लोगों को गिरफ्तार और आठ बाल अपचारियों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि मौके के वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना में संलिप्त अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही इनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी। अधिकारी ने बताया कि घटना में शामिल अभियुक्तों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) व गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी और सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट करने एवं नुकसान पहुंचाने वाले अभियुक्तों से नियमानुसार क्षतिपूर्ति ली जायेगी।

यादव ने बताया कि रविवार को गांव में सांसद चंद्रशेखर के आने की सूचना थी जिसको लेकर पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में इकट्ठा थे। उन्होंने बताया कि चंद्रशेखर के नहीं आने की जानकारी मिलने पर कार्यकर्ताओं ने पथराव और तोड़फोड़ शुरू कर दी। अधिकारी ने बताया कि भीड़ ने पुलिस की एक गाड़ी समेत दो वाहनों को क्षतिग्रस्त किया। इसौटा गांव में देवीशंकर नाम के एक व्यक्ति की 13 अप्रैल को आग से झुलसकर मृत्यु हो गई थी। परिजनों ने आरोप लगाया था कि देवीशंकर की हत्या की गयी है। सांसद चंद्रशेखर पीड़ित परिवार से मिलने आ रहे थे लेकिन पुलिस ने सुरक्षा कारणों से उन्हें गांव जाने से रोक दिया।

# बस परिचालक को पीटने के आरोप में नगर पंचायत चेयरमैन पर रिपोर्ट

**संवाददाता, बरेली**

- फिल्मी स्टाइल में बस के आगे बीच सड़क पर लगाई थी स्कॉर्पियो

**अमृत विचार :** शाही थाना क्षेत्र में चेयरमैन वीरपाल मौर्य के खिलाफ सिटी बस के परिचालक को पीटने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। उन पर विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां देने का आरोप है। परिचालक की तहरीर पर चेयरमैन समेत पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बहेड़ी के नगर पालिका परिसर में रहने वाले इंद्रजीत सिंह ने बताया कि वह सिटी बस में परिचालक के पद पर तैनात हैं। आरोप है कि शनिवार सुबह करीब 10:50 बजे बहेड़ी से बस लेकर बरेली आ रहे थे। आरोप है कि रास्ते में रम्पुरा मोड़ के पास शाही चेयरमैन वीरपाल मौर्या ने अपनी स्कॉर्पियो को बस के आगे बीच सड़क पर लगाकर रोक दिया। बस रुकते ही स्कॉर्पियो में सवार चेयरमैन समेत समेत चार-पांच लोग उतरे और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए मारपीट करने लगे। आरोप है कि चेयरमैन ने कहा कि तेरी हिम्मत कैसे हुई मेरी स्कॉर्पियो से बस आगे निकालने की। इंद्रजीत के मुताबिक किसी तरह बस में सवार यात्रियों ने बीच-बचाव कर उनकी जान बचाई। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।


**मौसम** वाराणसी में सोमवार को तेज बारिश के कारण शहर के कई मुख्य मार्गों पर पानी भर गया, जिसके बीच राहगीरों को गुजरते हुए देखा गया। ● एजेंसी

# अमरनाथ यात्रा के लिए आज से ऑफलाइन पंजीकरण

**जम्मू, एजेंसी**


पंजीकरण टोकन के लिए काउंटर पर श्रद्धालुओं की लगी भीड़।

अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए मंगलवार से ऑफलाइन पंजीकरण भी शुरू होगा। इसके लिए यहां टोकन वितरण केंद्र सोमवार को चालू कर दिया गया। वहीं, अधिकारियों ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

38 दिवसीय वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी। यह यात्रा दो मार्गों से संपन्न होगी। तीर्थयात्री अनंतनाग जिले में 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक नुनवान-पहलगाम मार्ग तथा गांदरबल जिले में छोटे, लेकिन अधिक खड़े ढलान वाले 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर तक जा सकते हैं।

श्रद्धालुओं का पहला जत्था 2 जुलाई को जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर के लिए रवाना होगा। अधिकारियों ने सोमवार को जम्मू के सरस्वती धाम में टोकन वितरण केंद्र खोला, बारिश के बावजूद पंजीकरण के वास्ते टोकन लेने के लिए केंद्र पर श्रद्धालु उमड़ पड़े। लंबी कतारें लग गईं। जम्मू (दक्षिण) के उपसंभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) मनु हंसा ने यहां बताया कि आज से टोकन वितरण शुरू हो गया है।

### यहां कराएं पंजीकरण

दक्षिण जम्मू के एसडीएम मनु हंसा ने बताया कि पंजीकरण मंगवार को तीन केंद्रों - वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में शुरू होगा। यह एकमात्र केंद्र है, जहां से श्रद्धालु टोकन प्राप्त कर सकते हैं। केंद्र सुबह सात बजे खुलता है। एसडीएम ने कहा कि टोकन और पंजीकरण का प्रतिदिन का कोटा दो-दो हजार है और काउंटर तब तक खुले रहेंगे, जब तक कि दैनिक कोटा समाप्त नहीं हो जाता।

- यात्रा 3 जुलाई से होगी शुरू टोकन के लिए लगी कतार


## वर्ग पहेली-18

**बाएं से दाएं**

1. 1. जो नियम के अनुकूल न हो 2. जो कार्य व्यवस्थानुसार न चले 3. विधि व्यवस्था का अनुसरण न होना।
3. घुटनों तक लंबा, घुटनों तक लटकता हुआ।
5. (व्याकरण) संबंध को जोड़ने वाला।
6. 1. गोल छोटी थाली, तश्तरी 2. घोड़े की बगल में लटकने वाली तलवार।
8. 1. छोटी रस्सी जिससे चौपायों के दो पैरों को एक दूसरे से सटाकर बांध देते हैं ताकि वे दूर तक भाग न सकें

**ऊपर से नीचे**

1. 1. अनुबोध करने वाला, अनुबोध कराने वाला 2. आलोक-पत्र।
2. 1. दिशा, ओर 2. बगल, किनारा 3. पक्ष।
4. बादशाह, सम्राट।
5. 1. वहन करना, ले जाना 2. हवा
7. 1. लकड़ी या काठ से निर्मित 2. जिसका छिलका मोटा और कड़ा हो 3. जिसका गूदा कड़ा हो।




### वर्ग पहेली -17 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 छि | न | वा | ना | | | 2 प |
| | | | | 3 फ | फो | ला |
| | | 4 ढों | | ड़ | | |
| 5 प | 6 रि | चा | रि | क | | 7 आ |
| | टा | | | ना | | द |
| | य | | | | | ह |
| 8 वि | र | ह | नि | वे | द | न |

## सुडोकू -25

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 3 | | 6 | 4 | | 9 | |
| | 8 | | 5 | | | 6 | | 2 |
| 6 | | 5 | 2 | 8 | | | | |
| | | 9 | | | 2 | | 8 | 3 |
| | 5 | | 3 | 4 | | 9 | | |
| 3 | | 1 | | 9 | | | 5 | 4 |
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 1 | | | 9 | | | 3 | | 8 |
| | 3 | | 8 | | | 5 | | |

### सुडोकू - 24 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 8 | 4 | 2 | 7 | 9 |
| 4 | 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 6 | 3 |
| 5 | 9 | 6 | 8 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 1 | 3 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 9 | 4 | 6 |
| 1 | 4 | 8 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 9 | 6 | 7 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जुलाई, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, षष्ठी-10.20 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 08.54 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** – आज करियर को लेकर किसी से अधिक सलाह लेना उचित नहीं है। लवमेट के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं। सभी कार्यों को समय से पूर्ण कर लेंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तम परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं। अपने क्रोध को नियन्त्रित करके शांति से काम लें।

**वृष** – आज परिजनों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में कुछ नई योजना बना सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़ी परेशानी रहेगी। कोर्ट केस में विजय मिल सकती है। पहले की गई मेहनत आज सुखद परिणाम दे सकती है। छात्र पढ़ाई-लिखाई को लेकर चिन्तित रहेंगे।

**मिथुन** – आज आपका दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। कार्यक्षेत्र के लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। निर्माण कार्यों में प्रगति होगी। परिवार के साथ बैठकर गम्भीर विषयों पर चिन्तन करेंगे। सरकारी कार्यों से धन लाभ मिलेगा।

**कर्क** – आज व्यवसाय में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। घर में अतिथियों का आगमन होगा। बड़े भाई-बहनों के साथ व्यवहार में कड़वाहट हो सकती है। जॉब को बदलने का विचार बना सकते हैं। धर्म के प्रति मन में आस्था कम हो सकती है।

**सिंह** – आज आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। बाहरी लोगों के ऊपर अपना समय बर्बाद न करें। बड़े अधिकारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। धार्मिक आयोजन में जानें का अवसर मिल सकता है। संतान के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कन्या** – आज आपकी दिनचर्या अच्छी नहीं रहेगी। व्यवसाय में धन का नुकसान होगा। बच्चों से व्यवहार अच्छा रखें। घर में मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। आपका मन किसी कारण खराब हो सकता है। नए लोगों से दोस्ती करने से बचें।

**तुला** – आज अपना मनोबल और आत्मविश्वास बनाए रखें। दोपहर के बाद आपको शुभ समाचार मिलेंगे। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा। जिम्मेदार व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा। व्यस्तता के बावजूद परिवार के लिए समय निकालेंगे।

**वृश्चिक** – आज कार्यक्षेत्र में भावुकता में आकर निर्णय नहीं लें। समय का बेहतरीन सदुपयोग कर पायेंगे। शाम के समय बाहर डिनर के लिए जा सकते हैं। प्रेम-प्रसंग में नजदीकी बढ़ेगी। बच्चों के साथ समय बितायेंगे। जॉब को लेकर इन्टरव्यू दे रहे हैं तो सफलता अवश्य मिलेगी।

**धनु** – आज आप में सकारात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाए रखें। उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। विरोधी आपकी आलोचना कर सकते हैं। मन में अज्ञात भय पनप सकता है। कर्मचारियों की गतिविधियों की जानकारी रखें।

**मकर** – आज ऑफिस में आपके कार्यों की लोग आलोचना कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको बड़े परिवर्तन करने से बचना चाहिए। आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा।

**कुंभ** – आज जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। परिवार के सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे। किसी सरकारी मामले में विजय होने की सम्भावना है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परोपकार के कार्यों में मन लगायेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई में शानदार प्रदर्शन करेंगे।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में अपनी उपलब्धियों को लेकर असंतुष्ट रहेंगे। किसी समारोह में सम्मिलित होने का विचार बनायेंगे। आपको नए अनुभवों के लिए तैयार रहना चाहिए। त्वरित प्रतिक्रिया देने से बचें। आप जिन अवसरों को तलाश रहे थे वे आपको प्राप्त हो सकते हैं।

# वित्तीय स्थिरता वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण

## आरबीआई के गवर्नर मल्होत्रा ने कहा- वैश्विक आर्थिक बदलाव से बढ़ती हैं चुनौतियां

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि मूल्य स्थिरता की तरह वित्तीय स्थिरता भी आर्थिक वृद्धि के लिए जरूरी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलाव नीतिगत हस्तक्षेप को चुनौतीपूर्ण बना रहे हैं।

उन्होंने जून के लिए वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) की प्रस्तावना में कहा, वित्तीय क्षेत्र के नियामक ग्राहकों की सुरक्षा, प्रतिस्पर्धा और नवोन्मेषण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वे दक्षता और वृद्धि में सुधार तथा सुरक्षा और मजबूती के बीच सही संतुलन बनाते हैं। गवर्नर के अनुसार, कई संरचनात्मक बदलाव वैश्विक अर्थव्यवस्था को नया रूप दे रहे हैं। इसमें व्यापार में बढ़ता विखंडन, प्रौद्योगिकी बदलाव, जलवायु परिवर्तन और भू-राजनीतिक तनाव शामिल हैं। उन्होंने कहा, ये आर्थिक आकलन को कठिन और नीतिगत हस्तक्षेप को चुनौतीपूर्ण बनाते हैं। इसलिए, अनिश्चितता के कोहरे से बाहर निकलने के दौरान भी केंद्रीय बैंकों और वित्तीय क्षेत्र के विनियामकों के लिए अपनी अर्थव्यवस्थाओं और वित्तीय प्रणालियों की सुरक्षा में सतर्क, विवेकपूर्ण और चुस्त बने रहना जरूरी है। मल्होत्रा ने कहा कि वित्तीय स्थिरता के संरक्षक के रूप में केंद्रीय बैंक की कोशिश एक अच्छी तरह से काम करने वाली वित्तीय प्रणाली विकसित करने की है, जो न केवल व्यापक आर्थिक स्थिरता को बढ़ावा दे, बल्कि कुशलतापूर्वक वित्तीय सेवाएं भी प्रदान करे।

### बैंक कर्ज वृद्धि धीमी पड़कर 4.9% पर

**मुंबई।** आरबीआई ने कहा कि 30 मई को समाप्त पखवाड़े में बैंक कर्ज वृद्धि में नरमी रही। उद्योग को बैंक कर्ज में यह 4.9% की वृद्धि हुई, जबकि गत वर्ष की इसी अवधि में यह 8.9% थी। आरबीआई ने 41 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) से प्राप्त सूचना के आधार पर मई, 2025 के लिए बैंक ऋण पर आंकड़े जारी किये हैं। यह कर्ज सभी वाणिज्यिक बैंकों द्वारा दिए गए कुल गैर-खाद्य ऋण का 95% है। सालाना आधार पर, 30 मई, 2025 को समाप्त पखवाड़े तक गैर-खाद्य बैंक ऋण में 9.8% की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि (31 मई, 2024) के दौरान इसमें 16.2% की वृद्धि हुई थी।

### एनपीए कई दशक के निचले स्तर 2.3% पर

**मुंबई।** बैंकिंग प्रणाली की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) मार्च, 2025 में घटकर कई दशक के निचले स्तर 2.3% पर आ गई है। आरबीआई की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार सितंबर 2024 में बैंकों का जीएनपीए 2.6% था। रिजर्व बैंक की अर्ध-वार्षिक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में कहा गया है कि 46 बैंकों के जीएनपीए मार्च, 2027 तक बढ़कर 2.6% पर पहुंच सकता है। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले दशक के उत्तरार्ध में बैंकिंग प्रणाली के लिए डूबा कर्ज सबसे बड़ी चुनौती रहा है। हालांकि, पिछले कुछ साल के दौरान मुख्य अनुपात के स्तर पर प्रणाली में लगातार सुधार हो रहा है।

### वैश्विक वृद्धि का प्रमुख केंद्र बनी भारतीय अर्थव्यवस्था

**मुंबई।** भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद और विवेकपूर्ण नीतियों से वैश्विक वृद्धि का केंद्र बनी हुई है। आरबीआई ने कहा कि बढ़ी हुई आर्थिक और व्यापार नीति अनिश्चितताएं वैश्विक अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली की मजबूती की परीक्षा ले रही हैं। वित्तीय बाजार अस्थिर हैं, विशेष रूप से सरकारी बॉण्ड बाजार। ऐसा बदलती नीतियों और भू-राजनीतिक वातावरण के चलते है। बढ़ते सार्वजनिक ऋण स्तर और उच्च परिसंपत्ति मूल्यांकन जैसी मौजूदा कमजोरियों में नए झटकों को बढ़ाने की क्षमता है।

# नई व्यवस्था से बदलेगा रोजमर्रा का जीवन

1 जुलाई से कई नियमों में बदलाव होने वाला है, जिनका असर आमजन की जेब, यात्रा, वाहन, टैक्स और बैंकिंग व्यवस्था पर पड़ेगा। रेलवे ने मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के किराए में वृद्धि की घोषणा की है, वहीं क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान का नया सिस्टम अनिवार्य हुआ है। पैन कार्ड नियम सख्त हुए हैं, आयकर तथा जीएसटी रिटर्न फाइलिंग की प्रक्रिया में बदलाव हुआ है। ये बदलाव पारदर्शिता बढ़ाने और पर्यावरण सुधार की दिशा में उठाए गए कदम हैं।

**बात काम की**

### 1- रेलवे टिकट महंगा होगा

रेल मंत्रालय 1 जुलाई से मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों के नॉन-एसी में प्रति किमी 1 पैसा व एसी क्लास में 2 पैसे की वृद्धि हुई है। 500 किमी की यात्रा और मासिक सीजन टिकट (एमएसटी) में बदलाव नहीं हुआ है। 500 किमी से अधिक दूरी के यात्रियों को प्रति किमी आधा पैसा अतिरिक्त देना होगा।

### 2- पैन कार्ड नियम सख्त

अब नए पैन कार्ड के लिए आधार कार्ड देना अनिवार्य होगा। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने यह नियम लागू किया है, जिनके पास पहले से पैन और आधार दोनों हैं, उन्हें 31 दिसंबर 2025 तक लिंक करना जरूरी है। यह कदम पहचान सत्यापन और फर्जीवाड़ा रोकने को उठाया गया है।

### 3- क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान में बदलाव

भारतीय रिजर्व बैंक ने निर्देश दिया है कि अब सभी क्रेडिट कार्ड बिलों का भुगतान भारत बिल पेमेंट सिस्टम के जरिए होगा। इससे बिलडेस्क, फोनपे, क्रेड जैसे ऐप्स प्रभावित हो सकते हैं। फिलहाल केवल 8 बैंकों ने इस प्लेटफॉर्म पर सेवा शुरू की है।

### 4- पुराने वाहनों पर फ्यूल बैन

दिल्ली में 1 जुलाई से 10 साल से पुराने डीजल और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों को पेट्रोप पंप से फ्यूल नहीं दिया जाएगा। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से यह नियम प्रदूषण को कम करने के लिए लागू किया गया है।

### 5- जीएसटी रिटर्न प्रक्रिया बदलेगी

जीएसटीएन ने घोषणा की है कि जुलाई 2025 से जीएसटीआर-3बी फॉर्म अब संशोधित नहीं हो सकेगा। यह फॉर्म जीएसटीआर-1 और आइ एफ से स्वतः भरेगा और करदाता इसमें बदलाव नहीं कर पाएंगे। यह कदम टैक्स सिस्टम में पारदर्शिता और सटीकता बढ़ाने को उठाया गया है।

### 6- आईटीआर की तारीख बढ़ी

आयकर विभाग ने आईटीआर फाइल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी है। यह उन करदाताओं के लिए राहत है जो समय पर दस्तावेज नहीं जुटा पाते। हालांकि विशेषज्ञ सलाह दे रहे हैं।

# जल्द आएगी 2025-45 के लिए राष्ट्रीय सहकारी नीति : शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिया फरवरी 2026 तक दो लाख पैक्स का लक्ष्य**

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि सरकार जल्द ही 2025 से 2045 तक के लिए प्रभावी राष्ट्रीय सहकारी नीति की घोषणा करेगी। उन्होंने कहा कि यह नीति सहकारी आंदोलन को पुनर्जीवित करने और देश के 1.4 अरब लोगों के लिए रोजगार पैदा करने के प्रयासों का हिस्सा है।

शाह ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर राज्य सहकारिता मंत्रियों की बैठक में कहा कि नीति का लक्ष्य 5 साल में भारत के हर गांव में सहकारिता स्थापित करना है। इसके तहत फरवरी, 2026 तक दो लाख प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स) स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। शाह ने कहा कि राष्ट्रीय सहकारिता नीति के तहत प्रत्येक राज्य की सहकारिता नीति उस राज्य की सहकारिता स्थितियों के अनुसार तैयार की जाएगी और विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित किए जाएंगे।

# राजकोषीय घाटा बजट अनुमान का 0.8% रहा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-मई की अवधि में देश का राजकोषीय घाटा वार्षिक अनुमान का 0.8% रहा। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

गत वित्त वर्ष 2024-25 के पहले दो महीनों में राजकोषीय घाटा या सरकार के व्यय एवं राजस्व के बीच का अंतर 2024-25 के बजट अनुमान (बीई) का 3.1% था। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सरकार का अनुमान है कि राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडपी) का 4.4% या 15.69 लाख करोड़ रहेगा। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के अनुसार, अप्रैल-मई, 2025 के दौरान राजकोषीय घाटा 13,163 करोड़ रुपये या बजट अनुमान का 0.8% रहा। शुद्ध कर राजस्व 3.5 लाख करोड़ या बजट अनुमान 2025-26 का 12.4% दर्ज किया गया। पिछले साल इसी अवधि में यह बजट अनुमान का 12.3% था।

# थमी तेजी, सेंसेक्स 452 अंक गिरा

**मुंबई।** शेयर बाजार में चार सत्रों से जारी तेजी पर सोमवार को विराम लगा। सेंसेक्स में 452 अंक तो निफ्टी में 121 अंक की गिरावट आई। बैंक शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा।

सेंसेक्स की एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक नुकसान में रहे। वहीं ट्रेंट, एसबीआई, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन और बजाज फिनसर्व लाभ में रहे। बीएसई स्मॉलकैप 0.81 तो मिडकैप 0.67% की मजबूती रही।

# औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 9 माह के निचले स्तर 1.2% पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के अनुसार वृद्धि दर 2024 के मई में 6.3% थी**

विनिर्माण, खनन व बिजली क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से देश में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मई में नौ महीने के निचले स्तर 1.2% पर रही है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के अनुसार वृद्धि दर 2024 के मई माह में 6.3% थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अप्रैल के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि को भी संशोधित कर 2.6% कर दिया है, जबकि पहले इसके 2.7% रहने का अनुमान था। अगस्त, 2024 में आईआईपी में सबसे कम वृद्धि दर्ज हुई थी। उस समय वृद्धि दर स्थिर थी। एनएसओ के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादन वृद्धि इस साल मई में घटकर 2.6% रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 5.1% थी। वहीं खनन उत्पादन में 0.1% की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसमें 6.6% की वृद्धि हुई थी। बिजली उत्पादन में 5.8% की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में बिजली उत्पादन 13.7% बढ़ा था। वित्त वर्ष 2025-26 में पहले दो माह (अप्रैल-मई) के दौरान औद्योगिक उत्पादन में सालाना आधार पर 1.8% की वृद्धि हुई है जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 5.7% थी।

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, मानसून के जल्दी आने से खनन क्षेत्र की गतिविधियां प्रभावित हुई हैं और बिजली की मांग में कमी आई है। इस वजह से आईआईपी के इन दोनों उप-क्षेत्रों में मई में गिरावट आई है, जबकि विनिर्माण में वृद्धि धीमी रही है। जून तिमाही के पहले दो महीनों में औद्योगिक उत्पादन में धीमी वृद्धि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में औद्योगिक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) वृद्धि के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास 60 किलो हेरोइन बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सोमवार को राजस्थान के बाड़मेर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राजस्थान पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ कर 60 किलो से अधिक हेरोइन बरामद की। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव बताया कि इस मामले में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और जम्मू कश्मीर से कुल नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

#### पांच फीसदी महंगी हुई प्राकृतिक गैस

**नई दिल्ली।** वाहन के लिए सीएनजी और खाना पकाने के लिए पीएनजी बनाने में इस्तेमाल होने वाली प्राकृतिक गैस की कीमत जुलाई के लिए पांच प्रतिशत बढ़ाई गई है। पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम नियोजन और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के अनुसार, मासिक संशोधन के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा संचालित पुराने क्षेत्रों से प्राकृतिक गैस की कीमत 6.41 अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 6.75 अमेरिकी डॉलर प्रति इकाई कर दी गई है।

#### 13 किग्रा हेरोइन, हथियार बरामद, तीन गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब सरकार के नशा विरोधी अभियान 'युद्ध नशिया विरुद्ध' के तहत एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के एक बड़े नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। पुलिस आयुक्त धनप्रीत कौर ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से कुल 13.1 किलोग्राम हेरोइन, पांच पिस्तौल, 12 कारतूस, तीन मैगजीन, तीन लग्जरी वाहन और 22,000 रुपये ड्रग मनी बरामद की है।

# नमाजवाद छिपाने को ली समाजवाद की आड़

## भाजपा ने विपक्षी दलों पर संविधान को शरिया की स्क्रिप्ट में बदलने की कोशिश का लगाया आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **सुधांशु त्रिवेदी ने की वक्फ कानून पर तेजस्वी के रुख की आलोचना**
- **बिहार में इंडिया गठबंधन ने संविधान के प्रति अपने सम्मान की कमी को दर्शाया**

भाजपा ने सोमवार को विपक्षी दलों पर संविधान को शरिया की स्क्रिप्ट में बदलने और अपने नमाजवाद को छिपाने के लिए समाजवाद की आड़ लेने का आरोप लगाया। भाजपा ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव की भी उनकी उस टिप्पणी के लिए आलोचना की, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर उनका गठबंधन बिहार में सत्ता में आता है, तो संशोधित वक्फ अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक देगा।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि बिहार में राजद-कांग्रेस-वाम दलों के इंडिया गठबंधन ने संविधान के प्रति अपने सम्मान की कमी को दर्शाया है, क्योंकि यह अधिनियम संसद द्वारा पारित था और सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। वे ना तो संसद का सम्मान करते हैं और ना ही न्यायपालिका का। भाजपा प्रवक्ता ने निर्वाचन आयोग के मतदाता सूचियों की विशेष गहन समीक्षा पर विपक्ष की आलोचना को खारिज कर दिया, जिसकी शुरुआत बिहार से हुई है। उन्होंने कहा कि यह आलोचना उनकी अपरिहार्य हार के मद्देनजर उनकी पराजयवादी मानसिकता से उपजी है। ये दल फर्जी मतदाता चाहते हैं, जबकि यह तय करना जरूरी है कि केवल पात्र भारतीय ही सरकार चुन सकें।

आयोग ने कहा है कि यह नियमित प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य पात्र मतदाताओं को ही सूची में शामिल करना है। विपक्षी दलों ने दावा किया है कि आयोग जानबूझकर पात्र मतदाताओं को बाहर कर सकता है। बिहार में विस चुनाव अक्टूबर-नवंबर में होने की उम्मीद है। पटना में आयोजित रैली में वक्फ (संशोधन) अधिनियम की तीखी आलोचना पर विपक्षी दलों के नेताओं पर निशाना साधते हुए त्रिवेदी ने कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित है।

### शरिया प्रावधानों को लागू करना चाहता है विपक्ष

त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन पिछले दरवाजे से शरिया प्रावधानों को लागू करना चाहता है। तेलंगाना और कर्नाटक जैसे राज्य ओबीसी, एससी और एसटी के लिए आरक्षण मुसलमानों को दे रहे हैं और प. बंगाल भी इसकी कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, संविधान बचाओ इन दलों का महज दिखावा है, क्योंकि इनका असली चेहरा शरिया लाओ है। अगर वे सत्ता में आए, तो संविधान की प्रस्तावना में नमाजवाद जोड़ देंगे। वे संविधान को शरिया स्क्रिप्ट में बदलना चाहते हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संविधान के प्रावधान को कूड़ेदान में नहीं फेंकने देगा। उन्होंने कहा कि वे जिन शरिया प्रावधानों की वकालत कर रहे हैं, वे सऊदी अरब, पाकिस्तान, बांग्लादेश और तुर्की जैसे इस्लामी देशों में भी लागू नहीं हैं।

# मतदाता सूची की समय-समय पर समीक्षा जरूरी : निर्वाचन आयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **विपक्षी दलों के लगाए गए आरोप का ईसी ने दिया जवाब**

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने सोमवार को कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की जरूरत है क्योंकि ये कई कारणों से बदलती रहती हैं और संविधान में प्रावधान है कि केवल पात्र नागरिक ही मतदाता सूची का हिस्सा हों और जो नहीं हैं, वो वोट नहीं दे सकें। आयोग ने यह टिप्पणी उस वक्त की, जब कई विपक्षी दलों ने कहा कि गहन पुनरीक्षण से राज्य मशीनरी का उपयोग करके बड़ी संख्या में मतदाताओं को मताधिकार से वंचित किए जाने का खतरा है।

ईसी ने कहा कि सूची में संशोधन जरूरी है क्योंकि यह निरंतर बदलाव से गुजरने वाली सूची होती है जो मौतों, प्रवासन से लोगों के स्थानांतरण और 18 वर्ष के नए मतदाताओं के जुड़ने के कारण बदलती रहती है। बयान में कहा गया है, इसके अलावा, संविधान का अनुच्छेद 326 निर्वाचक बनने के लिए पात्रता निर्दिष्ट करता है। केवल 18 वर्ष से अधिक उम्र के भारतीय नागरिक और संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के निवासी ही निर्वाचक के रूप में पंजीकृत होने के पात्र हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसने बिहार की 2003 की मतदाता सूची अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। इसमें 4.96 करोड़ मतदाताओं का विवरण शामिल है। इसका उपयोग 2003 की सूची में शामिल लोग अपना गणना फॉर्म जमा करते समय दस्तावेजी साक्ष्य के रूप में कर सकते हैं। इसमें कहा गया कि 2003 की मतदाता सूची की उपलब्धता से राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में सुविधा होगी क्योंकि अब कुल मतदाताओं में से 60% को दस्तावेज जमा नहीं करना होगा।

# ऑनलाइन एलएलएम पाठ्यक्रम अनधिकृत

**नई दिल्ली।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने कहा है कि एलएलएम या समकक्ष कानूनी पाठ्यक्रम को उसकी मंजूरी के बिना ऑनलाइन या हाइब्रिड माध्यम से प्रदान करना अनधिकृत एवं गैर-मान्यता प्राप्त है।

- **बीसीआई ने सभी हाईकोर्ट को भेजा परामर्श पत्र**

बीसीआई ने हाइब्रिड माध्यम से ऑनलाइन पेश किए गैर-मान्यता प्राप्त मास्टर ऑफ लॉ (एलएलएम) पाठ्यक्रम के खिलाफ परामर्श जारी किया है। कानूनी शिक्षा पर बीसीआई की स्थायी समिति के सह-अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राजेंद्र मेनन द्वारा तैयार किया परामर्श पत्र 25 जून को सभी उच्च न्यायालयों को भेजा गया था। पत्र अनुसार ऑनलाइन, दूरस्थ, मिश्रित या हाइब्रिड माध्यम से या एलएलएम और एमएससी (कानून) जैसे पाठ्यक्रम बीसीआई की पूर्व मंजूरी के बिना अनधिकृत हैं।

# मणिपुर में बंदूकधारियों ने चार को गोली से उड़ाया

**चुराचांदपुर/इंफाल, एजेंसी**

- **यूनाइटेड कूकी नेशनल लिबरेशन आर्मी ने ली जिम्मेदारी**

मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने 72 वर्षीय महिला सहित चार लोगों की सोमवार को गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि घात लगाकर यह हमला मोंगजांग गांव के पास दोपहर दो बजे हुआ जब पीड़ित कार से यात्रा कर रहे थे। मोंगजांग चुराचांदपुर शहर से पांच किमी दूर है।

चुराचांदपुर जिला मुख्यालय के अधिकारी ने कहा कि चारों लोगों को नजदीक से गोली मारी गई। यूनाइटेड कूकी नेशनल लिबरेशन आर्मी (यूकेएनएलए) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली। सूत्रों ने बताया कि मृतकों में थेनखोथांग हाओकिप उर्फ थापी (48), सेखोगिन (34), लेंगोउहाओ (35) और फाल्हिंग (72) है। पुलिस ने बताया कि मौके से 12 से अधिक खाली कारतूस बरामद किए गए। इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया है।

# राजा के परिवार ने सोनम को दिए थे 16 लाख के जेवरात

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**

**इंदौर (मप्र)।** हनीमून हत्याकांड मामले में राजा रघुवंशी के बड़े भाई ने सोमवार को कहा कि सोनम को उनके परिवार ने विवाह के दौरान 16 लाख के जेवरात तोहफे में दिए थे। राजा रघुवंशी के बड़े भाई विपिन ने यह दावा मेघालय पुलिस द्वारा मध्यप्रदेश के रतलाम से रविवार को अहम सबूत के तौर पर कुछ जेवरात, लैपटॉप और अन्य सामग्री बरामद होने के अगले दिन किया। ये सामान हत्याकांड के सबूत छिपाने और मिटाने के आरोप में गिरफ्तार इंदौर के रियल एस्टेट कारोबारी शिलोम जेम्स की निशानदेही पर उसकी पत्नी के मायके से बरामद हुआ। बरामदगी के अगले दिन विपिन इंदौर पुलिस की अपराध निरोधक शाखा के दफ्तर में दिखाई दिए जहां जांच के लिए मेघालय पुलिस के दल ने डेरा डाल रखा है।

# भाजपा विधायक टी. राजा ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**हैदराबाद, एजेंसी**



- **तेलंगाना प्रदेशाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर नाराज थे विधायक**

तेलंगाना में रामचंदर राव की भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर संभावित नियुक्ति से नाराज विधायक टी. राजा सिंह ने केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी को सोमवार को पत्र लिखकर कहा कि वह पार्टी से इस्तीफा दे रहे हैं। वर्तमान में रेड्डी पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख हैं और पार्टी आलाकमान मंगलवार को नए अध्यक्ष की घोषणा कर सकता है। सिंह ने पत्र में कहा कि राज्य में पार्टी के नए प्रमुख की नियुक्ति का निर्णय न सिर्फ उनके लिए, बल्कि लाखों कार्यकर्ताओं, नेताओं और मतदाताओं के लिए निराशा लेकर आया है, जिन्होंने पार्टी के साथ मजबूती से खड़े रहकर साथ दिया है। बहुत दुख के साथ मैंने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने का फैसला किया है।

# सीबीआई जांच को जनहित याचिका दायर

**कोलकाता, एजेंसी**

**विधि छात्रा के सामूहिक दुष्कर्म का मामला**

कलकत्ता हाईकोर्ट में सोमवार को जनहित याचिका (पीआईएल) दायर करके विधि छात्रा से उसके महाविद्यालय में पूर्व छात्र और दो अन्य छात्रों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म की सीबीआई जांच कराने का अनुरोध किया गया। याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि पीड़िता की शिकायत पर सीबीआई को इसकी जांच करने और अदालत के समक्ष अंतरिम रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया जाए। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा के राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी से संबंध हैं, निष्पक्ष जांच के लिए इसे सीबीआई को सौंपा जाए।

### पहले रची साजिश, पीड़िता पर थी नजर

विधि छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म में गिरफ्तार चार लोगों में से तीन ने इसकी साजिश पहले ही रची थी। जांच कर रहे नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) के अधिकारियों ने यह भी पाया कि तीन आरोपियों - मनोजीत मिश्रा, प्रोमित मुखर्जी और जैद अहमद का छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने का इतिहास रहा है। चौथा आरोपी कॉलेज का सुरक्षा गार्ड है। तीनों ऐसी घटनाओं को मोबाइल फोन से रिकॉर्ड करते थे और बाद में पीड़ितों को ब्लैकमेल करते थे। घटना की पहले से ही साजिश रच ली गई थी। तीनों की कई दिनों से पीड़िता पर नजर थी। कॉलेज में दाखिले के दिन से ही मुख्य आरोपी पीड़िता पर नजर रख रहा था।

### लॉ कॉलेज में कक्षाएं अनिश्चितकाल के लिए निलंबित

साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में छात्रा से दुष्कर्म किए जाने के बाद कॉलेज के प्राधिकारियों ने सभी छात्रों के लिए अनिश्चितकाल तक कक्षाएं निलंबित करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय कॉलेज के संचालन निकाय ने लिया है। कॉलेज प्राधिकारियों द्वारा 29 जून को जारी अधिसूचना में कहा गया है, कॉलेज की बीए एलएलबी और एलएलएम (सामान्य और ऑनर्स) की सभी कक्षाएं निलंबित रहेंगी।

# भगदड़ के एक दिन बाद पुरी में भगवान जगन्नाथ के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

**पुरी (ओडिशा)।** पुरी के श्री गुंडिचा मंदिर के पास हुई भगदड़ में 3 लोगों की मौत और 50 के घायल होने के एक दिन बाद सोमवार को हजारों श्रद्धालु बलभद्र, सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के दर्शन को उमड़ पड़े।

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रविवार की घटना के मद्देनजर श्री गुंडिचा मंदिर के सामने अवरोधक लगा दिए गए हैं और मंदिर के अंदर स्थित अडापा मंडप (वह मंच जहां देवता बैठते हैं) में देवताओं के सुचारू दर्शन के लिए अलग-अलग कतारें बनाई गई हैं। मंदिर प्रशासन ने बताया कि श्री गुंडिचा मंदिर में देवताओं के प्रवेश के बाद कई अनुष्ठानों से सोमवार रात को पाहुड़ा (देवताओं के विश्राम के लिए मंदिर के द्वार बंद करना) नहीं किया गया। मंदिर के अधिकारी ने बताया, सोमवार को सुबह 7.40 बजे मंगल आरती हुई और हजारों श्रद्धालुओं ने बिना किसी परेशानी के अनुष्ठान में भाग लिया।

# बारिश और भूस्खलन से सड़कें अवरुद्ध, कई इमारतें ढहीं

**शिमला, एजेंसी**

**मानसून का कहर**



शिमला के भट्टा कुफर में भारी बारिश के बाद ढह गए बहुमंजिला इमारत का मलबा।

हिमाचल प्रदेश में सोमवार को भारी बारिश से कुछ इमारतें ढह गईं, कई इलाकों में भूस्खलन से सड़कें अवरुद्ध हो गईं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, बारिश व बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन से मंडी में 129 व सिरमौर जिले में 92 सहित राज्य में 259 सड़कें बंद हो गईं तथा 614 ट्रांसफार्मर और 130 जलापूर्ति योजनाएं बाधित हो गईं।

20 जून से अब तक राज्य में वर्षाजनित घटनाओं में 23 की मौत हो चुकी है। मानसून की तैयारियों की समीक्षा को उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने सभी से मौसम संबंधी सलाह का पालन करने व नदियों के पास जाने से बचने का आग्रह किया तथा राज्य के उपसंभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) को सतर्क रहने का निर्देश दिया। सोमवार को सुबह शिमला के उपनगरीय क्षेत्र भट्टाकुफर में पांच मंजिला इमारत ढह गई वहीं रामपुर के सिकासेरी गांव में बादल फटने से एक बाड़े से कई मवेशी बह गए।

### जुलाई में सामान्य से अधिक वर्षा का अनुमान

**नई दिल्ली।** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को जुलाई में देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान जताया और मध्य भारत, उत्तराखंड और हरियाणा के लोगों को बाढ़ के संभावित खतरे से सतर्क रहने का सुझाव दिया। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि कई क्षेत्रों में औसत अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहने की उम्मीद है, लेकिन पूर्वोत्तर, उत्तर-पश्चिम, पूर्व और दक्षिणी प्रायद्वीप के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना है।

## एक नजर



इंग्लैंड के एजबेस्टन में गेंदबाजी का अभ्यास करते मोहम्मद सिराज। ● एजेंसी

### रॉकेट क्लासिक गोल्फ में संयुक्त 26वें स्थान पर रहे भाटिया

**डेट्रॉयट :** अक्षय भाटिया ने पीजीए टूर पर रॉकेट क्लासिक गोल्फ के चौथे दौर के आखिरी 12 होल में नौ बर्डी लगाकर सात अंडर 65 का शानदार कार्ड खेला। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी भाटिया तीसरे दौर के बाद संयुक्त 55 वें पायदान पर थे लेकिन आखिरी दिन शानदार प्रदर्शन के बूते उन्होंने अपना अभियान संयुक्त 26वें स्थान के साथ खत्म किया। उनका कुल स्कोर 15 अंडर का रहा। भाटिया ने तीसरे और पांचवें होल में बोगी किया लेकिन फिर सातवें से 10वें होल और 12वें से 15 वें होल तक दो बार लगातार चार बर्डी के साथ शानदार वापसी की।उन्होंने 18वें होल में भी बर्डी लगा कर शुरुआती तीन दौर के निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोडा। भाटिया ने शुरुआती तीन दौर में 68, 70, 70 के कार्ड खेले थे।

### स्टीव स्मिथ दूसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार

**सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा) :** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने अपने दाएं हाथ की छोटी उंगली पर लगी चोट से उबरने के लिए बेसबॉल का सहारा लिया और अब वह वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार हैं। स्मिथ को इस महीने की शुरुआत में लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान पहली स्लिप में दक्षिण अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा का मुश्किल कैच लेने की कोशिश करते समय दाहिने हाथ की छोटी उंगली में चोट लग गई थी। इस 36 वर्षीय पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने अपने घाव को साफ करने, टांके लगाने और उंगली में पट्टी लगाने के बाद तुरंत लंदन छोड़ दिया। चोट के अपने आप ठीक होने का इंतजार करने के बजाय उन्होंने न्यूयॉर्क में ''बेसबॉल केज'' में जाने का फैसला किया, जहां उनका एक अपार्टमेंट है। चोट के कारण वह वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 159 रन जीता था।

### दुबई में आयोजित की जाएगी पहली विश्व सुपर कबड्डी लीग

**नयी दिल्ली :** पहली विश्व सुपर कबड्डी लीग (डब्ल्यूएसकेएल) अगले साल फरवरी मार्च में दुबई में आयोजित की जाएगी जिसमें 30 देश भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता के आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस प्रतियोगिता को अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) से मान्यता हासिल है। यह फ्रेंचाइजी आधारित प्रतियोगिता है जिसमें भारत सहित दुनिया भर के खिलाड़ी अपना कौशल दिखाएंगे। लीग का संचालन करने वाली एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक और संस्थापक संभव जैन ने कहा कबड्डी न केवल भारत के लिए बल्कि वैश्विक खेल समुदाय के लिए एक बड़े मंच का हकदार रहा है। लीग में कुल आठ फ्रेंचाइजी टीम हिस्सा लेंगी। भारत सहित दक्षिण कोरिया, ईरान, थाईलैंड, पाकिस्तान, मलेशिया, जापान, कनाडा और अमेरिका जैसे देशों ने इसमें खेलने की पुष्टि कर दी है।

### छह वर्षीय तेगबीर सिंह ने यूरोप की सबसे ऊंची पर्वत चोटी फतह की

**रूपनगर :** पंजाब में रूपनगर शहर के रहने वाले तेगबीर सिंह ने रूस में स्थित माउंट एल्ब्रस पर 18510 फुट (5642 मीटर) से अधिक की ऊंची चोटी फतह करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। तेगबीर ने 20 जून को माउंट एल्ब्रस की चढ़ाई के लिए यात्रा शुरू की और 28 जून को चोटी फतह कर ली थी। इसी के साथ छह साल और नौ महीने के तेगबीर सिंह माउंट एल्ब्रस फतह करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोह बन गया है। उल्लेखनीय है कि माउंट एल्ब्रस कम ऑक्सीजन वाले क्षेत्र है और यहां का सामान्य तापमान शून्य से 10 डिग्री सेल्सियस तक नीचे रहता है तथा चढ़ाई के दौरान कई तरह की जटिलताओं का सामना करना पड़ता है।

# बुमराह पर फैसला 24 घंटे में, दो स्पिनरों के खेलने की संभावना

## भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोइशे ने टीम की रणनीति पर प्रकाश डाला

बर्मिंघम, एजेंसी

भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के दूसरे टेस्ट में खेलने को लेकर अगले 24 घंटों में फैसला लिया जाएगा लेकिन भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोइशे को पूरा यकीन है कि उनकी टीम एजबेस्टन में दो स्पिनरों के साथ मैदान पर उतरेगी। कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करने की मांग बढ़ रही है लेकिन बल्लेबाजी की गहराई बनाए रखने के लिए रविंद्र जडेजा के साथ वाशिंगटन सुंदर भी एकादश में जगह बनाने की दौड़ में है।

**तीनों स्पिनरों ने किया अभ्यास :** भारतीय टीम के अभ्यास सत्र में सोमवार को तीनों स्पिनरों ने गेंदबाजी की। बुमराह चोटिल होने से बचने के लिए इस श्रृंखला में पांच में से तीन टेस्ट खेलेंगे। उन्होंने अभ्यास सत्र की शुरुआत में दो रंग की गेंद (लाल और सफेद) से गेंदबाज की और फिर फिर सत्र के आखिरी क्षणों में 'ड्यूक' गेंद से गेंदबाजी की। उन्होंने लगभग तीन ओवर गेंदबाजी की जबकि उनके साथी खिलाड़ी मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा ने शुरू में काफी गेंदबाजी की।

**बुमराह को लेकर दुविधा :** भारतीय टीम श्रृंखला को 0-1 से पिछड़ने के बाद बुमराह के तीन टेस्ट मैचों के चयन को लेकर दुविधा में है। डोइशे ने कहा वह जाहिर तौर पर चयन के लिए उपलब्ध है। हम शुरू से जानते हैं कि वह पांच में से सिर्फ तीन मैच खेलेगा। उसे पिछले टेस्ट से उबरने के लिए आठ दिन मिले हैं। उन्होंने कहा हमें यह तय करना है कि मौजूदा परिस्थितियों, कार्यभार और अगले चार मैचों के लिए हम उसे कैसे बेहतर तरीके से प्रबंधित कर सकते हैं, इस पर हमने अभी कोई फैसला नहीं लिया है। हम यह भी देखेंगे कि अन्य खिलाड़ियों का कार्यभार कैसा है। उन्होंने कहा हमें अगर लगा कि उसे इस टेस्ट में खिलाने में फायदा है, तो हम आखिरी मिनट में यह फैसला लेंगे।

**मौसम, पिच और परिस्थितियों पर निर्भर होंगे फैसले :** सहायक कोच ने कहा मौसम, पिच और परिस्थितियों के आकलन को देखकर फैसला दिया जाएगा। हमें यह भी तय करना है कि क्या उसे लॉर्ड्स और शायद मैनचेस्टर या ओवल के लिए बचाना बेहतर होगा? इससे जुड़े फैसले के पीछे बहुत सारे कारक है। भारतीय टीम के सीरीज में पिछड़ने के बाद बुमराह को टीम में शामिल करने बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहायह लुभावना तो है, लेकिन हमें यह भी लगता है कि हम जसप्रीत के बिना भी सीरीज को 1-1 कर सकते हैं या इसे 0-1 पर बरकरार रख सकते हैं।

**दो स्पिनर को लेकर मंथन :** भारत को श्रृंखला के पहले मैच में दूसरे स्पिनर की कमी महसूस की और डोइशे ने कहा कि टीम बुधवार से शुरू होने वाले मैच के लिए अपनी रणनीति बदलने की संभावना है। डोइशे ने कहा कि इस टेस्ट में टीम में दो मुख्य स्पिनर शामिल हो सकते हैं। बस यह देखना है कि हम कौन से दो स्पिनर खिलाते हैं। यह बल्लेबाजी में अधिक विकल्प शामिल करने से भी जुड़ा हुआ है। तीनों स्पिनर बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं।

### ईसीबी ने ट्रॉफी का नाम बदलकर गलत किया : फारुख इंजीनियर

**बर्मिंघम :** दिवंगत मंसूर अली खान पटौदी के करीबी मित्र फारुख इंजीनियर ने कहा कि इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला की ट्रॉफी का नाम बदलकर गलत किया तथा इस पूर्व कप्तान के नाम पर पदक देने का फैसला उनके जैसे प्रशंसकों को खुश करने के लिए किया गया। ईसीबी ने 2007 में भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला के लिए पटौदी ट्रॉफी की शुरुआत की थी, पर पांच मैचों की वर्तमान सीरीज शुरू होने से पहले इसका नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कर दिया गया। इस फैसले की सुनील गावस्कर जैसे क्रिकेटरों ने आलोचना की थी। इंजीनियर भी इस फैसले से निराश हैं। हालांकि उन्हें लगता है कि सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन की उपलब्धियां निर्विवाद हैं। तेंदुलकर ने ईसीबी से संपर्क किया, जिसके बाद बोर्ड ने सीरीज जीतने वाली टीम के कप्तान को पटौदी पदक देने का फैसला किया।



इंग्लैंड में अभ्यास सत्र के केएल राहुल, जसप्रीत बुमार और रवींद्र जडेजा (बाएं से)। ● एजेंसी



भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की तैयारी में एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने जमकर अभ्यास किया। ● एजेंसी

### इंग्लैंड एकादश में कोई बदलाव नहीं, आर्चर का इंतजार बढ़ा

**बर्मिंघम :** भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने अपनी अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं किया है, जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर परिवार में इमरजेंसी के कारण सोमवार को एजबेस्टन में टीम की अभ्यास सत्र का हिस्सा नहीं बने। दायें हाथ का यह तेज गेंदबाज पांच मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट में टीम का हिस्सा नहीं था। उन्हें अब एकादश का हिस्सा बनने के लिए इंतजार करना होगा।

**इंग्लैंड की टीम :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्राइडन कार्स, जोश टंग, शोएब बशीर।

# भारत के गेंदबाजी आक्रमण में विविधता की कमी : चैपल

● कुलदीप और अर्शदीप को चुनने की सलाह दी



**लंदन, एजेंसी :** आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत को गेंदबाजी आक्रमण में विविधता के अभाव का खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्होंने कुलदीप यादव को शेन वॉर्न के बाद सर्वश्रेष्ठ कलाई का स्पिनर करार देते हुए उन्हें और अर्शदीप सिंह को टीम में शामिल करने की सलाह दी। भारत को पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड ने पांच विकेट से हराया। भारतीय टीम ने पहले टेस्ट में आठ कैच टपकाये।

चैपल ने 'ईएसपीएन क्रिकइन्फो' के लिए अपने कॉलम में लिखा हेडिंग्ले में फील्डिंग बहुत निराशाजनक थी, लेकिन हार का यह अहम कारण नहीं था। भारत ने अपनी परेशानियां खुद खड़ी की थी। सबसे बड़ी गलती तो वह नो बॉल थी जिससे दूसरी पारी की शुरुआत में ही हैरी ब्रूक को जीवनदान मिला। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा कि भारत के सामने समस्या यह भी थी कि उसके दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर लगभग एक से ही थे। उन्होंने कहा भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में विविधता का अभाव था। जसप्रीत बुमराह को छोड़कर बाकी तेज गेंदबाज एक जैसे ही थे। गेंदबाजी में बदलाव के तुरंत बाद विकेट गिरने का कारण यह होता है कि बल्लेबाज को ढलने में समय लगता है, पर भारतीय टीम के पास यह विकल्प नहीं था। बुमराह की गैर मौजूदगी में अर्शदीप सिंह को जगह मिलनी चाहिए।

# आयुष ने जीता पहला वर्ल्ड टूर यूएस ओपन खिताब


आयोवा (अमेरिका), एजेंसी

उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन सुपर 300 के पुरुष एकल फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को सीधे गेमों में हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) विश्व टूर खिताब जीता। आयुष की इस जीत ने मौजूदा सत्र में विश्व टूर पर भारत के खिताबी सूखे को खत्म किया।

विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2023) कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष ने रविवार को तीसरी वरीयता प्राप्त यांग को 47 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-13 से हराया। इस जीत के साथ उन्होंने एक शानदार सप्ताह का समापन किया जिसमें सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चोऊ टिएन चेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक यादगार जीत भी शामिल है। यांग के खिलाफ यह आयुष की यह तीसरी जीत है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में मलेशिया और ताइपे ओपन में भी कनाडा के इस खिलाड़ी को दो बार हराया था।



### तन्वी को फाइनल में मिली शिकस्त



महिला एकल के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा उपविजेता रहीं। उन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। विश्व टूर स्तर के अपने पहले फाइनल में खेल रही गैर-वरीयता प्राप्त इस किशोर खिलाड़ी को 46 मिनट में 11-21, 21-16, 10-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। तन्वी ने कहा मैं अपने प्रदर्शन से काफी खुश हूं। मैं फाइनल के लिए कोर्ट में आने से पहले थोड़ी घबराई हुई थी और मैंने कई गलतियां की। यह सुपर 300 स्तर पर मेरा पहला फाइनल था, मैं इसे लेकर संतुष्ट हूं।

## सचिन जैसी 'सुपरपावर' चाहते हैं नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली :** भारत के भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह चुनौतियों का सामना ठंडे दिमाग से करने के लिये महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर जैसी 'सुपरपावर' पाना चाहते हैं। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्ष के चोपड़ा ने यह भी कहा कि ह धीरे धीरे प्रवाह की अवधारणा समझ रहे हैं जब उनके दिग्गज कोच जान जेलेंजी ने उन्हें भाला फेंकने से पहले 18 बरस के युवक की तरह किसी तनाव के बिना दौड़ने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि अब तक मैदान से भीतर और बाहर उन्हें सर्वश्रेष्ठ सलाह चेक कोच जेलेंजी से मिली है जिनके नाम 98 . 48 मीटर का भालाफेंक का विश्व रिकॉर्ड है। चोपड़ा ने 'स्टार स्पोटर्स' और 'जियो हॉटस्टार' से कहा जब भी मैं थ्रो फेंकता हूं तो मैं काफी ऊर्जावान रहता है लेकिन कोच ने मुझसे कहा कि मुझे प्रवाह के साथ दौड़ना है। मुझे 18 वर्ष के लड़के की तरह बिना किसी तनाव के दौड़ना है। मैं धीरे धीरे प्रवाह की अवधारणा समझ रहा हूं। उन्होंने कहा किसी भी खेल में प्रवाह महत्वपूर्ण है।

# विजय अभियान जारी रखने उतरेगी महिला टीम

ब्रिस्टल, एजेंसी

● नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की वापसी की उम्मीद

● स्मृति मंधाना के स्ट्रोक्स से इंग्लैंड के खेमे में चिंता की लकीरें

पहले मैच में बड़ी जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम मंगलवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की शानदार फॉर्म और कप्तान हरमनप्रीत कौर की संभावित वापसी का पूरा फायदा उठाकर अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी।

नॉटिंघम में खेले गए पहले टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में मंधाना के इस प्रारूप में पहले शतक की बदौलत भारत ने 97 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी। दूसरे मैच में हरमनप्रीत की वापसी से जहां भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी वहीं इंग्लैंड की टीम की चिंताएं बढ़ेंगी। हरमनप्रीत को अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में आराम दिया गया था। मंधाना के स्ट्रोक्स से भरे शतक ने इंग्लैंड के खेमे में खतरे की घंटी बजा दी होगी, क्योंकि 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी टीम बुरी तरह बिखर गई और 113 रन पर ढेर हो गई। यह वह दिन था जब मंधाना की पारी ने मेजबान टीम को जबरदस्त दबाव में ला दिया। भारत के स्पिन आक्रमण के सामने इंग्लैंड की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। उसके बल्लेबाजों के पास भारतीय स्पिनरों विशेषकर बाएं हाथ के स्पिनर श्री चरणी का कोई जवाब नहीं था जिन्होंने अपने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार विकेट लिए। पिछले साल टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बाएं मंधाना ने जहां से छोड़ा था, वहीं से शुरुआत की और इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं।



हरमनप्रीत कौर।

**समय : रात 11:00 बजे से**

**टीम**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, सयाली सतघरे, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्री चरणी, राधा यादव।

**इंग्लैंड :** नताली साइवर-ब्रंट (कप्तान), टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), सोफिया डंकले, एमी जोन्स (विकेट कीपर), डैनी व्याट-हॉज, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, पैगे शॉल्फिल्ड, एम अर्लट, लॉरेन बेल, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, लिन्सी स्मिथ, इसी वोंग।

# मेदवेदेव विंबलडन के पहले दौर में उलटफेर का हुए शिकार

लंदन, एजेंसी



नौवीं वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव सोमवार को विंबलडन के शुरुआती दौर में 64वीं रैंकिंग वाले बेंजामिन बोंजी से 7-6 (2), 3-6, 7-6 (3), 6-2 से हार के साथ उलटफेर का शिकार बने। पिछले साल विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले मेदवेदेव लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम के पहले दौर से बाहर हो गए हैं। रूस का यह खिलाड़ी इससे पहले फ्रेंच ओपन में भी पहले दौर से बाहर हो गया था। उन्हें साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दूसरे दौर में शिकस्त का सामना करना पड़ा था। मेदवेदेव इससे पहले 2017 में लगातार दो ग्रैंड स्लैम के शुरुआती दौर में हारे थे। वह उस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन के पहले दौर में हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हुए थे। मेदवेदेव इस साल पेरिस में कैमरून नॉरी से पांच सेट के मैच में हार गये थे। वह 2023 में फ्रेंच ओपन की पहली बाधा पार करने में नाकाम रहे थे। उस समय दूसरी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव को पहले दौर में क्वालीफायर थियागो सेबॉथ वाइल्ड ने हराया था। वाइल्ड की उस समय विश्व रैंकिंग 172 थी।

### कॉलेज स्टार ओलिवर टारवेट दूसरे दौर में

लंदन : ब्रिटेन के 21 वर्ष के क्वालीफायर ओलिवर टारवेट ने विंबलडन के जरिये ग्रैंडस्लैम पदार्पण में सीधे सेटों में जीत दर्ज की। विश्व रैंकिंग में 733वें स्थान पर काबिज टारवेट ने स्विटजरलैंड के लिएंड्रो रीडी को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। अब दूसरे दौर में उनका सामना गत चैम्पियन कार्लोस अल्काराज या फेबियो फोगनिनी से हो सकता है। कॉलेज में टारवेट को हाल ही में लगातार दूसरे साल वेस्ट कोस्ट कांफरेंस प्लेयर आफ द ईयर चुना गया था।

# मुक्केबाज ने लगाया महिला कोच पर यौन उत्पीड़न का आरोप

नयी दिल्ली, एजेंसी



● बार-बार मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न के कारण अवसाद में चली गई है जूनियर मुक्केबाज, माता-पिता ने दर्ज कराई एफआईआर

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के रोहतक केंद्र की राष्ट्रीय मुक्केबाजी अकादमी (एनबीए) की महिला कोच पर राष्ट्रीय स्तर की नाबालिग मुक्केबाज ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। नाबालिग के माता-पिता द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी (एफआईआर) के अनुसार बार-बार 'मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न' के कारण वह अवसाद में चली गई है।

इस से जुड़ी प्राथमिकी की प्रति होने के बावजूद 'पीटीआई-भाषा' आरोपी का नाम सार्वजनिक नहीं कर रहा है क्योंकि मामले की जांच चल रही है। इस मामले में भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से जब टिप्पणी के लिए संपर्क किया गया तो उन्होंने 17 वर्षीय पीड़िता द्वारा डराने-धमकाने और थप्पड़ मारने की घटनाओं के बारे में शिकायत

मिलने की बात स्वीकार की, लेकिन एफआईआर में लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के बारे में उन्हें सूचित किए जाने से इनकार किया। दोनों संस्थाओं ने कहा कि उनकी आंतरिक जांच में कोच के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला। यह कोच इस समय जूनियर और युवा मुक्केबाजों के लिए राष्ट्रीय शिविर के संचालन में प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। साइ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह जांच में सहायता करेगा। साइ के क्षेत्रीय केंद्र (सोनीपत) ने इस बारे में 'पीटीआई' के सवाल पर कहा अभी तक हमें किसी प्राथमिकी की प्रति नहीं मिली है। एनबीए रोहतक की एक महिला मुक्केबाज ने 24 अप्रैल 2025 को ई-मेल कर एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उसने आयरलैंड में 25 मार्च 2025 से तीन अप्रैल 2025 तक आयोजित आमंत्रण मुक्केबाजी टूर्नामेंट के दौरान एक महिला कोच द्वारा मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का आरोप लगाया था। उस शिकायत में यौन उत्पीड़न का कोई आरोप नहीं लगाया गया था। उन्होंने कहा, मामले की एक विस्तृत जांच की गई जिसमें शिकायतकर्ता, संबंधित कोच, सभी साथी कोच, वहां मौजूद कर्मचारियों और साथी खिलाड़ियों के बयान लिए गए। उन्होंने कहा साइ स्वच्छ खेल सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और प्राथमिकी के आधार पर किसी भी समय जांच के दौरान सहयोग के लिए तैयार रहेगा।

### रोहतक पुलिस स्टेशन में एफआईआर में दर्ज पीड़िता का दर्द

रोहतक पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने कहा है कि कोच ने एक बार जबरन उसके कपड़े उतारने की कोशिश की, उसे कई बार थप्पड़ मारे, उसका करियर बर्बाद करने की धमकी दी और अन्य मुक्केबाजों के सामने उसे 'बुरे चरित्र वाली' कहा, जिससे वह अलग-थलग पड़ गई। कोच के खिलाफ शिकायत भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (जान बूझकर से चोट पहुंचाना) और 351 (3) (आपराधिक धमकी) के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम की धारा 10 (गंभीर यौन उत्पीड़न) के तहत दर्ज की गई है।

# सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी चार दिन की भूटान यात्रा पर गए

नई दिल्ली, एजेंसी



- राजा जिग्मे खेसर और सेना प्रमुख बट्टू शेरिंग से करेंगे विस्तृत बातचीत

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी सोमवार को भूटान की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए। अधिकारियों के मुताबिक रणनीतिक रूप से अहम स्थान पर डोकलाम पठार के आसपास बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के चीन के अथक प्रयासों की पृष्ठभूमि में सेना प्रमुख पड़ोसी मुल्क गए हैं।

भूटान के साथ पहले से ही घनिष्ठ द्विपक्षीय सैन्य संबंध हैं और उनकी इस यात्रा से रिश्तों के और मजबूत होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि भूटान की राजधानी थिम्पू में जनरल द्विवेदी राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात करेंगे और भूटान के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बट्टू शेरिंग के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। सेना प्रमुख की 30 जून से तीन जुलाई तक की भूटान यात्रा बदलते क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य के बीच हो रही है। इसी के साथ वह पाकिस्तानी क्षेत्रों में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर' के सात सप्ताह बाद पड़ोसी देश गए हैं। भारतीय सेना ने कहा, यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों में स्थायी द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करना है।

# तेजी से हथियार बनाने में यूक्रेन की मदद करेगा जर्मनी

**कीव।** जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल ने सोमवार को कहा कि उनके देश का लक्ष्य यूक्रेन को और अधिक तेजी से हथियार बनाने में मदद करना है ताकि कीव रूस के साथ तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए शांति वार्ता में अपनी स्थिति मजबूत कर सके।

वेडफुल ने जर्मन रक्षा उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ यूक्रेनी राजधानी कीव की यात्रा के दौरान कहा, हम मानते हैं कि हमारा काम यूक्रेन की मदद करना है ताकि वह अधिक मजबूती से बातचीत कर सके। अमेरिका के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय शांति प्रयास युद्ध को रोकने में विफल रहे हैं।

## हर दल है बेनकाब

# बलात्कार और राजनीति

कोलकाता के एक लॉ कॉलेज में एक छात्रा से सामूहिक बलात्कार की घटना से फिर सवाल खड़े हो गए हैं कि देश में सार्वजनिक स्थलों पर भी महिलाएं आखिर सुरक्षित क्यों नहीं हैं। छात्रा से बलात्कार का मुख्य आरोपी सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस का सदस्य होना यह भी दर्शाता है कि राजनीति में चरित्रवान लोग अब कम ही राजनीतिक दलों की प्राथमिकता रह गए हैं। रिकॉर्ड बताता है कि महिलाओं के प्रति अपराधों के मामले में कोई भी दल आरोपों से अछूता नहीं है। इस तरह भारत में बलात्कार की घटनाएं सिर्फ कानून व्यवस्था नहीं, बल्कि समाज, संस्कृति और राजनीति का भी संकट बन गई हैं। ऐसी तमाम घटनाएं उदाहरण हैं, जब आरोपियों को खुलकर सत्ता का संरक्षण मिला और समाज चुप रह गया।

### हर 16 मिनट में एक बलात्कार

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरों के आंकड़ों के मुताबिक देश में सन् 2023 में बलात्कार की 33000 से ज्यादा घटनाएं दर्ज हुईं, यानी हर 16 मिनट में एक बलात्कार हुआ। सर्वाधिक मामले राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र दर्ज हुए। वैश्विक स्तर पर भारत उन देशों में शामिल माना जाता है जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों की संख्या बहुत ज्यादा है। थॉमसन रियूटर्स फाउंडेशन की 2018 में जारी एक रिपोर्ट में भारत को महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित देश बताया गया था।

### राज्यों की स्थिति

एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2022 राजस्थान में सर्वाधिक 6,379, मध्य प्रदेश में 4,843, यूपी में 3,539, महाराष्ट्र में 3,001, ओडिशा में 2,758, छत्तीसगढ़ में 2,501, बिहार में 1,378, पश्चिम बंगाल में 1,689, दिल्ली में 1,36 और हरियाणा में 1,284 बलात्कार के मामले दर्ज हुए।



### इतनी घटनाएं क्यों

समाज में पितृसत्तात्मक सोच और महिला विरोधी मानसिकता, महिलाओं की आजादी पर नियंत्रण की कोशिश, अक्सर आरोपियों को राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण, आरोपी के प्रभावशाली होने पर पुलिस की अनदेखी, न्याय मिलने में वर्षों लगना जैसे कारण इसके जिम्मेदार माने जाते हैं।

### खादी पर महिला अपराधों के बेशुमार दाग

देश में बलात्कार के तमाम ऐसे चर्चित मामले है जिनमें राजनीतिक लोगों का नाम आया। यूपी में 2017 में उन्नाव के भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर पर नाबालिग लड़की से बलात्कार का आरोप लगा था और पुलिस हिरासत में उसके पिता की भी मौत हो गई थी। जम्मू कश्मीर के कठुआ में 2018 में 8 साल की बच्ची की गैंगरेप कर हत्या कर दी गई थी, मामला तब गर्माया जब भाजपा नेताओं ने आरोपियों के समर्थन में रैली निकाली। इस मामले में 6 लोग दोषी ठहराए गए थे। वर्ष 2020 में हुए हाथरस कांड में दलित युवती के साथ गैंगरेप हुआ था जिसकी बाद में मौत भी हो गई थी। पुलिस ने परिवार की मर्जी के बिना अंतिम संस्कार कर दिया। विपक्ष ने सत्तारूढ़ दल पर कई आरोप लगाए। पूर्व केंद्रीय मंत्री चिन्मयानंद लॉ की एक छात्रा के यौन उत्पीड़न के आरोप में जेल गए, हालांकि बाद में उन्हें जमानत मिल गई। कर्नाटक में महिलाओं पर हमले और यौन हिंसा के मामले में प्रमोद मुथालिक पर राजनीतिक संरक्षण के आरोप लगे।

### प्रज्वल रेवन्ना

पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के परिवार के सदस्य और जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर तमाम महिलाओं और लड़कियों के यौन शोषण के आरोप थे। उसके बनाए सैकड़ों वीडियो वायरल हुए तो वह विदेश भाग गया। इंटरपोल नोटिस पर लौटा, अब जेल में है। महिलाओं को डराने और यौन उत्पीड़न के आरोपी उसके पिता एचडी रेवन्ना को जमानत मिल चुकी है।

## एक नजर

### मणिपुर में चार लोगों की गोली मारकर हत्या

**चुराचांदपुर/इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने 60 वर्षीय महिला सहित कम से कम चार लोगों की सोमवार को गोली मारकर हत्या कर दी। घात लगाकर यह हमला मोंगजांग गांव के पास दोपहर दो बजे हुआ जब पीड़ित एक कार में यात्रा कर रहे थे। चुराचांदपुर जिला मुख्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि प्रतीत होता है कि चारों लोगों को नजदीक से गोली मारी गई। उन्होंने कहा कि मारे गए लोगों की पहचान अभी नहीं हुई है। मौके से 12 से अधिक खाली कारतूस बरामद किए गए। किसी भी संगठन ने हमले के लिए अब तक जिम्मेदारी नहीं ली है।

### नेपाल के मुगु जिले में फिर भूकंप के झटके आए

**काठमांडू।** नेपाल के मुगु जिले में सोमवार को 4.3 तीव्रता का भूकंप आया। क्षेत्र में 24 घंटे से भी कम समय पहले भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, जिले के कोटडांडा क्षेत्र में सुबह 8.39 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। रविवार को जिले के जिमा गांव में दोपहर 2.34 बजे 4.8 तीव्रता का भूकंप आया था। पर्वतीय क्षेत्र नेपाल में अक्सर भूकंप आते रहते हैं।

### पश्चिमी वेनेजुएला में बाढ़ से सैकड़ों घर हुए नष्ट

**कराकास।** पश्चिमी वेनेजुएला में भारी बारिश के कारण कई प्रांतों में बाढ़ आने से सैकड़ों घर नष्ट हो गए हैं। पश्चिमी प्रान्त मेरिडा के गवर्नर अर्नाल्डो सांचेज़ ने कहा कि बारिश और बाढ़ से कम से कम 370 घर प्रभावित हुये हैं और 103 घर नष्ट हो गये हैं। श्री सांचेज़ ने सोशल मीडिया पर कहा कि एंडियन हाइलैंड्स में प्रभावित लोगों को कम से कम दो टन खाद्य आपूर्ति वितरित की गयी है और सुरक्षा बल तथा वालंटियर सहायता प्रदान करने के लिए पहुंचे गए हैं।

### पाकिस्तान : आतंकी हमलों में पांच की मौत

**पेशावर।** उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में आतंकवाद की दो घटनाओं में दो सुरक्षाकर्मियों और शांति समिति के तीन सदस्यों सहित पांच लोग मारे गए। दोनों घटनाएं खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अशांत लक्की मरवात जिले में हुईं। पहली घटना में रविवार सुबह एक गश्ती वाहन को निशाना बनाकर किए गए बम विस्फोट में दो सैनिकों की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने बताया कि शाहब खेल क्षेत्र में एक अन्य घटना में अज्ञात बंदूकधारियों ने तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी।

# असीम मुनीर के फिर जहरीले बोल कश्मीर में आतंकवाद वैध संघर्ष

## पड़ोसी देश फिर बेनकाब, सेना प्रमुख ने कहा- साथ देता रहेगा पाकिस्तान

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को एक वैध संघर्ष बताते हुए कहा कि उनका देश कश्मीर के लोगों के संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। फील्ड मार्शल मुनीर ने भारत को भविष्य में किसी भी हमले की स्थिति में करारा जवाब देने की चेतावनी भी दी।

मुनीर ने शनिवार को कराची स्थित पाकिस्तान नौसेना अकादमी में पासिंग आउट समारोह को संबोधित करते हुए कहा, भारत जिसे आतंकवाद कहता है, वह वास्तव में स्वतंत्रता के लिए एक वैध और कानूनी संघर्ष है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून द्वारा मान्यता प्राप्त है। मुनीर ने दावा किया, जिन लोगों ने कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं को दबाने और समाधान के बजाय संघर्ष को खत्म करने की कोशिश की, उन्होंने अपने कृत्यों से इस आंदोलन को और अधिक प्रासंगिक बना दिया है। पाकिस्तान हमेशा कश्मीर के लोगों के आत्मनिर्णय के अधिकार के संघर्ष में उनके साथ खड़ा रहेगा।

मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं के अनुसार कश्मीर मुद्दे के न्यायोचित समाधान का प्रबल समर्थक है। इससे पहले पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया था। भारत ने पाकिस्तान से बार-बार कहा है कि जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख हमेशा उसके अभिन्न अंग थे, हैं और रहेंगे। भारत सरकार के पांच अगस्त 2019 को संविधान के अनुच्छेद-370 को निरस्त करने, जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने और राज्य को दो-केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास बढ़ गई।

### अफगानिस्तान से लगने वाली प्रमुख सीमा बंद की

**पेशावर।** पाकिस्तान ने सुरक्षा खतरों के कारण अफगानिस्तान से लगने वाली एक प्रमुख सीमा को अस्थायी रूप से अगले आदेश तक बंद कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने रविवार को बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में शनिवार को हुए आत्मघाती हमले और अफगानिस्तान की सीमा से लगे प्रांत में झड़पों के बाद गुलाम खान सीमा को बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा, हमले के बाद उत्तरी वजीरिस्तान में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है और सीमा (गुलाम खान) को अनिर्दिष्ट अवधि के लिए बंद कर दिया गया है।

### दक्षेस की जगह नया क्षेत्रीय संगठन बनाने में जुटे चीन-पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और चीन एक नए क्षेत्रीय संगठन की स्थापना के प्रस्ताव पर काम कर रहे हैं, जो लगभग निष्क्रिय पड़े दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) की जगह ले सकता है। सोमवार को एक खबर में यह दावा किया गया।

राजनयिक सूत्रों के हवाले से 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार ने लिखा कि इस्लामाबाद और बीजिंग के बीच बातचीत अब आगे के चरण में है, क्योंकि दोनों पक्ष इस बात से आश्वस्त हैं कि क्षेत्रीय एकीकरण और संपर्क के लिए एक नया संगठन आवश्यक है। यह नया संगठन संभावित रूप से क्षेत्रीय संगठन दक्षेस की जगह ले सकता है। दक्षेस में भारत, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं। उन्होंने कहा कि चीन के कुनमिंग में पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की हाल में हुई त्रिपक्षीय बैठक इन कूटनीतिक प्रयासों का हिस्सा थी। सूत्रों के अनुसार, इसका लक्ष्य अन्य दक्षिण एशियाई देशों को, जो दक्षेस (सार्क) का हिस्सा थे, नए समूह में शामिल होने के लिए आमंत्रित करना है। हालांकि, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने ढाका, बीजिंग और इस्लामाबाद के बीच किसी भी उभरते गठबंधन के विचार को खारिज कर दिया और कहा कि बैठक राजनीतिक नहीं थी।

# गाजा में इजराइली सेना के हमले में 22 फलस्तीनी मारे गए

**काहिरा।** दक्षिणी गाजा में सोमवार को इजराइली सेना के हमले में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गयी एवं 20 अन्य घायल हो गये। हताहत लोगों में से कई आवश्यक खाद्य सहायता लेने का प्रयास कर रहे थे। चश्मदीदों, अस्पतालों एवं गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

- राशन लेने आए लोगों पर फिर की गोलीबारी

खान यूनिस स्थित नासेर अस्पताल ने बताया कि उसके यहां 11 लोगों के शव लाये गये जिन्हें दक्षिणी गाजा में इजराइली और अमेरिका समर्थित गाजा मानवीय कोष (जीएचएफ) से जुड़े सहायता स्थल से लौटते समय गोली मार दी गई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, उत्तरी गाजा में संयुक्त राष्ट्र सहायता गोदाम पर हमले में दस अन्य लोग मारे गए।

दक्षिणी गाजा में यह हमला खान यूनिस शहर में जीएचएफ स्थल से लगभग तीन किलोमीटर (1.8 मील) दूर हुआ। यूसुफ महमूद मोखाइमर दर्जनों अन्य लोगों के साथ चल रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि वाहनों और टैंकों में सवार सैनिक तेजी से उनकी ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले तो सैनिकों ने चेतावनी के तौर पर हवा में गोलियां चलाईं, फिर भीड़ पर गोलियां चलाईं।

# ईरान जल्द ही फिर शुरू कर सकता है यूरेनियम संवर्धन

वियना, एजेंसी

- आईएईए प्रमुख ने जताई आशंका, कहा- अमेरिकी हमले में पूरी तरह नष्ट नहीं हुए परमाणु ठिकाने

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने कहा है कि अमेरिकी हमलों ने ईरानी परमाणु ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचाया है मगर वे पूरी तरह से नष्ट नहीं हुए हैं और इसी वजह से ईरान कुछ ही महीनों में यूरेनियम संवर्धन शुरू कर सकता है।

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार ग्रॉसी का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस दावे के विपरीत है जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान की परमाणु परियोजना को दशकों पीछे धकेल दिया गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी कहा था कि अमेरिकी हमलों में फोर्डो, नतांज़ और इस्फ़हान परमाणु ठिकानों के सेंट्रीफ्यूज को काफी नुकसान पहुंचने से ईरान का परमाणु कार्यक्रम कई वर्षों के लिए टल गया है।

'फेस द नेशन विद मार्गरेट ब्रेनन' के साथ साक्षात्कार में उन्होंने अलग-अलग आकलन पर अपना रुख बताते हुए कहा, सामूहिक विनाश के हथियारों में यह दृष्टिकोण ठीक नहीं है। उनके पास जो क्षमताएं हैं, वे मौजूद हैं। आप जानते हैं कि वे कुछ ही महीनों में सेंट्रीफ्यूज के कुछ कैस्केड घुमाकर यूरेनियम संवर्धन कर सकते हैं। स्पष्ट रूप से कहें तो, कोई यह दावा नहीं कर सकता कि सब कुछ गायब हो गया है और अब वहां कुछ भी नहीं है। ग्रॉसी ने कहा कि निगरानी समूह की जांच में परमाणु हथियार कार्यक्रम का संकेत नहीं मिला, लेकिन यूरेनियम संवर्धन नागरिक उपयोग की आवश्यकता से कहीं अधिक है। ईरान की ओर से कुछ बहुत महत्वपूर्ण सवालों का जवाब देने से इनकार करने से स्थिति और जटिल हो गई है।

### अमेरिका ने ग्रॉसी का दावा बकवास बताया

अमेरिका के एक अधिकारी ने सीएनएन को बताया कि जैसा कि ग्रॉसी ने कुछ दिन पहले कहा था कि ऑपरेशन मिडनाइट हैमर से पहले और बाद में ईरान के परमाणु कार्यक्रम के बीच का अंतर 'रात और दिन' जैसा है और उसे 'काफी नुकसान' हुआ है। उन्होंने कहा, "ईरान के पास कोई हवाई सुरक्षा नहीं है, इसलिए यह विचार कि, वे परमाणु हथियार कार्यक्रम फिर शुरू कर सकते हैं, बकवास है।

# भारत के साथ सीमा विवाद जटिल सुलझाने में समय लगेगा : चीन

बीजिंग, एजेंसी

- भारत के साथ बातचीत जारी रखने और शांति रखने की इच्छा जताई

चीन ने सोमवार को कहा कि भारत के साथ सीमा विवाद जटिल है और इसे सुलझाने में समय लगेगा लेकिन इसके साथ ही उसने सरहदों के निर्धारण पर चर्चा करने तथा हालात शांतिपूर्ण बनाए रखने की अपनी इच्छा भी व्यक्त की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 26 जून को चिंगदाओ में चीनी समकक्ष दोंग जून के साथ बैठक में प्रस्ताव दिया था कि भारत और चीन को सीमाओं पर तनाव कम करने तथा सरहदों के निर्धारण की मौजूदा व्यवस्था को पुनर्जीवित करने के कदम उठाकर जटिल मुद्दों को सुलझाना चाहिए। सिंह और दोंग ने चिंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन के इतर द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें एलएसी पर शांति व स्थिरता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया। सिंह की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, चीन और भारत ने सीमा से जुड़े विषय पर विशेष प्रतिनिधि तंत्र की स्थापना की है तथा चीन-भारत सीमा संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए राजनीतिक मापदंडों एवं मार्गदर्शक सिद्धांतों पर सहमति बनाई है।

### संवाद के तंत्र स्थापित होने से बातचीत में मिलेगी मदद

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, चीन भारत के साथ सरहदों के निर्धारण और सीमा प्रबंधन सहित अन्य मुद्दों पर संवाद बनाए रखने, सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने तथा सीमा पार आदान-प्रदान एवं सहयोग को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, सकारात्मक पक्ष यह है कि दोनों देशों ने पहले ही गहन संवाद के लिए विभिन्न स्तर पर तंत्र स्थापित कर लिए हैं। हमें उम्मीद है कि भारत चीन के साथ इसी दिशा में काम करेगा, प्रासंगिक मुद्दों पर संवाद जारी रखेगा।

# चीन ने जापान से सीफूड के आयात पर प्रतिबंध हटाया

**बीजिंग।** चीन ने सुनामी से नष्ट हुए फुकुशिमा परमाणु ऊर्जा संयंत्र से थोड़ी मात्रा में रेडियोधर्मी अपशिष्ट जल छोड़े जाने को लेकर लगभग दो साल के प्रतिबंध के बाद जापान से सीफूड के आयात पर प्रतिबंध हटा लिया है।

सीमा शुल्क एजेंसी की ओर से जारी एक नोटिस में कहा गया है कि जापान के अधिकतर हिस्सों से आयात फिर शुरू हो जाएगा। अगस्त 2023 में लगाया गया प्रतिबंध जापान के मत्स्य उद्योग के लिए बड़ा झटका था। जापानी सीफूड के लिए सबसे बड़ा विदेशी बाजार चीन का है। फुकुशिमा स्थित परमाणु संयंत्र 2011 में भीषण सुनामी से क्षतिग्रस्त हो गया था। कई वर्षों बहस के बाद परमाणु ऊर्जा संयंत्र कंपनी को सरकार से यह अनुमति मिल गई कि वह इस अपशिष्ट जल को समुद्र में धीरे-धीरे छोड़े।

## आजादी के संघर्ष की यादें



बीरभूम जिले के बोलपुर के बाहरी इलाके में संथाल विद्रोह की याद में आयोजित हुल दिवस समारोह के दौरान प्रदर्शन करते आदिवासी। हूल दिवस ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ स्वतंत्रता के लिए किए गए बलिदानों को श्रद्धांजलि देने का दिन है जो 30 जून 1855 को शुरू हुआ था एजेंसी

### सीपीसी सदस्यता 10 करोड़ के पार

**बीजिंग।** चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के सदस्यों की संख्या 10 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। सीपीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 1921 में स्थापित सीपीसी के 2024 के अंत तक 10.027 करोड़ से अधिक सदस्य थे, जो 2023 से लगभग 10.9 लाख अधिक है।

### मालवाहक जहाज में लगी आग, नौसेना ने अपना पोत भेजा

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने द्वीपीय देश पलाऊ के ध्वज वाले एक जहाज के इंजन कक्ष में भीषण आग लगने के बाद मदद के लिए अपने स्टील्थ फ्रिगेट पोत को तैनात किया है। पलाऊ के इस संकटग्रस्त जहाज में भारतीय मूल के चालक दल के 14 सदस्य सवार थे। यह जहाज गुजरात के कांडला से ओमान के शिनास जा रहा था। नौसेना के अनुसार, स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस तबर ने एमटी यी चेंग 6 की सहायता के लिए आए संदेश पर कार्रवाई की।

# जम्मू-कश्मीर में पकड़ा गया आतंकवादियों का गाइड

राजौरी/जम्मू, एजेंसी

- चार आतंकवादियों के साथ घुसपैठ की कोशिश करते हुए किया गया गिरफ्तार

जम्मू-कश्मीर के पूंछ और राजौरी जिलों की सीमा पर नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश के दौरान गिरफ्तार एक पाकिस्तानी नागरिक की पहचान आतंकवादियों के गाइड के रूप में हुई है।

अधिकारियों के अनुसार, मोहम्मद आरिफ जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादियों के एक समूह का नेतृत्व करते हुए भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था, जब रविवार दोपहर को सेना के जवानों ने उसे पकड़ लिया। उसके साथ मौजूद आतंकवादी एक खड़ी चट्टान से कूद गए और घायल अवस्था में पाकिस्तानी सीमा में लौट गए। आरिफ पीओके के दातोटे गांव का निवासी है और उसे सेना के 'ऐस ऑफ स्पेड्स' डिवीजन के तहत गंभीर इलाके में स्थित हजूरा चौकी के पास से गिरफ्तार किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि सेना के जवानों ने दुर्गम इलाके और घने जंगलों में संदिग्ध गतिविधि देखी, जहां से कुछ आतंकवादी घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। आरिफ को पकड़ लिया गया, जबकि चार अन्य आतंकवादी भारतीय सेना को देख भाग निकले और 'नो मैन्स लैंड' से होते हुए दुर्गम रास्तों और खराब मौसम का फायदा उठा कर पाकिस्तानी सीमा में लौट गए। नो मैन्स लैंड किसी के स्वामित्व या नियंत्रण में नहीं होता है। यह आमतौर पर दो विरोधी पक्षों या सेनाओं के बीच की एक खाली भूमि होती है।

# अमेरिका में घात लगाकर दो दमकल कर्मियों की हत्या की

**बोइस (अमेरिका)।** अमेरिका में उत्तरी इडाहो के एक पर्वतीय इलाके में रविवार को एक बंदूकधारी ने पहले जंगल में आग लगा दी, फिर वहां पहुंचे दमकलकर्मियों पर घातकर हमला कर दिया जिसमें दो कर्मचारियों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया।

अधिकारियों ने बताया कि बाद में बंदूकधारी भी मृत पाया गया। हालांकि अधिकारियों ने उसकी पहचान जारी नहीं की है। इडाहो के गवर्नर ब्रैड लिटिल ने इसे जघन्य हमला बताया। कूटेनई काउंटी के शेरिफ बॉब नॉरिस ने रविवार रात संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारा अनुमान है कि संदिग्ध ने ही आग लगाई और यह एक साजिश के तहत किया गया हमला था। इसके कारण दमकलकर्मियों को संभलने का कोई मौका ही नहीं मिला।

## यादों की टीस

### यूनियन कार्बाइड कारखाने का सारा 337 टन कचरा हुआ खाक

# 40 साल बाद खत्म हुआ भोपाल गैस त्रासदी का काला अध्याय

- सन् 1984 में हुआ था हादसा पांच मई को शुरू हुई थी कचरे को भस्म करने की प्रक्रिया

इंदौर, एजेंसी




मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश पर पीथमपुर के एक अपशिष्ट निपटान संयंत्र में भोपाल के यूनियन कार्बाइड कारखाने का बचा 307 टन कचरा खाक हो गया है। इसके साथ ही, भोपाल गैस त्रासदी के लिए जिम्मेदार कारखाने का कुल 337 टन कचरा भस्म हो गया है।

राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी ने सोमवार को बताया कि धार जिले के संयंत्र में तीन परीक्षणों के दौरान यूनियन कार्बाइड कारखाने का 30 टन कचरा पहले ही जलाया जा चुका है। पीथमपुर में एक निजी कंपनी द्वारा संचालित अपशिष्ट निपटान संयंत्र में यूनियन कार्बाइड कारखाने के बचे 307 टन कचरे को भस्म किए जाने की प्रक्रिया पांच मई को देर शाम सात बजकर 45 मिनट के आस-पास शुरू हुई थी जो रविवार (29 जून) और सोमवार (30 जून) की दरमियानी रात 01:00 बजे समाप्त हो गई। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय के 27 मार्च को जारी निर्देश के मुताबिक यूनियन कार्बाइड के बचे कचरे को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तकनीकी विशेषज्ञों की निगरानी में पीथमपुर के संयंत्र में 270 किलोग्राम प्रति घंटे की अधिकतम दर से जलाया गया।

द्विवेदी ने बताया कि इस कचरे को भस्म किए जाने के दौरान पीथमपुर के संयंत्र से अलग-अलग गैसों और कणों के उत्सर्जन की एक ऑनलाइन तंत्र द्वारा वास्तविक समय में निगरानी की गई। उन्होंने दावा किया, इस संयंत्र में यूनियन कार्बाइड कारखाने का कचरा जलाए जाने के दौरान तमाम उत्सर्जन मानक सीमा के भीतर पाए गए। कचरा भस्म किए जाने के दौरान आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर किसी विपरीत असर के बारे में हमारे पास कोई सूचना नहीं है। द्विवेदी के मुताबिक, यूनियन कार्बाइड कारखाने का कुल 337 टन कचरा जलने के बाद निकली राख और अन्य अवशेषों को बोरों में सुरक्षित तरीके से भरकर संयंत्र के 'लीक-प्रूफ स्टोरेज शेड' में रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन अवशेषों को जमीन में दफनाने के लिए तय वैज्ञानिक प्रक्रिया के तहत विशेष सुविधा (लैंडफिल सेल) का निर्माण कराया जा रहा है और यह काम नवंबर तक पूरा होने की उम्मीद है।

### हादसे में मारे गए थे करीब साढ़े पांच हजार लोग

भोपाल में दो और तीन दिसंबर 1984 की दरमियानी रात यूनियन कार्बाइड कारखाने से अत्यधिक जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का रिसाव हुआ था। इससे कम से कम 5,479 लोग मारे गए थे और हजारों लोग अपंग हो गए थे। इसे दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक आपदाओं में गिना जाता है। वर्ष 2006 में सरकार के एक शपथ पत्र में माना गया था कि करीब 558,125 सीधे तौर पर प्रभावित हुए, आंशिक तौर पर प्रभावित होने वालों की संख्या लगभग 38,478 थी। 3900 पूरी तरह अपंगता के शिकार हो गए। 1993 में भोपाल-अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को इस त्रासदी के पर्यावरण और मानव समुदाय पर होने वाले दीर्घकालिक प्रभावों को जानने का काम सौंपा गया था।